सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
03.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 201



12 धोनी बने पुलिस अधिकारी!

## न्यूज डायरी

### केपी सिंह मार्केटिंग बोर्ड के एमडी बने

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का गुरुवार शाम को तबादला कर दिया गया। इसकी अधिसूचना कर दी गयी। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग में कार्यरत विशेष सचिव कमलेश्वर प्रसाद सिंह को झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं जेपीएससी के सचिव नेसार अहमद बागवानी निदेशक बनाये गये हैं। झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक अजय कुमार सिंह को पशुपालन निदेशक बनाया गया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत चंदन कुमार को कृषि निदेशक नियुक्त किया गया है।

### सीखने में संकोच नहीं करें: राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में कभी भी सीखने में संकोच नहीं करें। अच्छे मार्ग पर चलें। यही एक उत्तम और सफल विद्यार्थी के लक्षण हैं। तभी आपलोग नयी ऊंचाइयों को हासिल कर पायेंगे। श्री बैस गुरुवार को रांची के कांके स्थित बीएयू के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे।

### ट्रेलर ने दो छात्रों को रौंदा, मौत

**रांची।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के गोंदलीपोखर में एक ही बाइक पर सवार तीन युवकों को ट्रेलर ने चपेट में लेते हुए करीब दो सौ मीटर तक घसीटा। हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। दोनों युवकों के शव क्षत-विक्षत हो गये।

# झामुमो 1932 के खतियान पर चलेगा राजनीतिक दांव

## स्थापना दिवस पर मिशन 2024 के लिए एजेंडा तय

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची, दुमका।** राजभवन से 1932 के खतियान पर आधारित विधेयक वापस होने के बावजूद सत्तारूढ़ झामुमो ने इस मुद्दे पर और मजबूती से आगे बढ़ने की रणनीति तैयार की है। दुमका में चल रहे पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर इसे लेकर सहमति बनी कि खतियान आधारित स्थानीयता नीति पर दबाव और बढ़ाया जायेगा। समारोह में भाजपा से मुकाबले की पुख्ता रणनीतिबनाने पर चर्चा कर रही है। बैठक में सीएए और एनआरसी को सिरे से खारिज कर दिया गया। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन और सीएम हेमंत देर रात समारोह को संबोधित करेंगे। सीएम कह चुके हैं कि विधेयक फिर से राजभवन को भेजा जायेगा। शीर्ष रणनीतिकारों की स्थापना दिवस समारोह के मौके पर हुई बैठक में भी यही एजेंडा हावी रहा। एक मायने में 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में खतियान आधारित स्थानीयता नीति पर ही लकीर खींची जायेगी। मोर्चा ने भाजपा द्वारा संताल परगना में एनआरसी लागू करने की मांग को भी सिरे से ठुकरा दिया। कहा है कि सीएए और एनआरसी का राज्य में कोई औचित्य नहीं है। इसके अलावासीएनटी और एसपीटी एक्ट को और सख्ती से लागू करने पर भी सहमति बनी है।

(शेष पेज 11 पर)


## धनबाद अग्निकांड पर हाइकोर्ट सख्त, अगली सुनवाई 17 को

# राज्य भर के भवनों की सुरक्षा पर मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची ।** धनबाद अग्निकांड मामले में झारखंड हाई कोर्ट सख्त है। गुरुवार को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और न्यायाधीश दीपक रोशन की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य के सभी उपायुक्त, एसएसपी और नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आग से निपटने के लिए तैयारी और भवनों में नियमानुसार आग से सुरक्षा का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच कर एक रिपोर्ट अदालत में पेश करें। अदालत ने आशीर्वाद अपार्टमेंट अग्निकांड मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए गुरुवार को मामले की

### दो कमेटी कर रही है धनबाद हादसे के कारणों की जांच



सुनवाई की और अगली सुनवाई 17 फरवरी को निर्धारित की। साथ ही अदालत ने राज्य के सभी शहरों में बड़े-बड़े भावनों और बहुमंजिली इमारतों में आग से सुरक्षा को लेकर क्या क्या उपाय किये गये हैं, इसपर एक विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**दो कमेटी कर रही हादसे की जांच :** अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए महाधिवक्ता का पक्ष सुनने के के बाद राज्य के सभी जिलों के डीसी और नगर आयुक्तों को आदेश दिया है कि राज्य भर में बड़ी इमारतों में अग्निकांड से निपटने के लिए क्या तैयारी की गयी है, उसकी रिपोर्ट दें। गुरुवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि धनबाद हादसे की जांच के लिए दो कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी पता लगायेगी कि आखिर किन वजहों से इतना बड़ा हादसा हुआ है। किस कारण से आग लगी है। साथ ही राज्य में आग से निपटने के लिए जो मानक तय किये गये हैं, उसका कितना पालन हो रहा है। कमेटी इसकी भी जांच करेगी।

(शेष पेज 11 पर)

# आजसू प्रत्याशी की घोषणा आज, कल होगा नामांकन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव के लिए एनडीए गठबंधन की ओर से आजसू के प्रत्याशी की घोषणा शुक्रवार को की जायेगी। चार फरवरी को उम्मीदवार नामांकन करेंगे। आजसू संसदीय बोर्ड की गुरुवार को हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। शुक्रवार को प्रत्याशी की घोषणा भाजपा और आजसू द्वारा संयुक्त रूप से करेगी। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की

### रामगढ़ उपचुनाव सुनीता चौधरी लडेंगी

अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। एनडीए की ओर से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी का पार्टी प्रत्याशी घोषित होना तय है। चंद्रप्रकाश चौधरी लगातार रामगढ़ में जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। संसदीय बोर्ड की बैठक में श्री चौधरी, डोमन सिंह मुंडा, देवशरण भगत, हसन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# चाईबासा में फिर ब्लास्ट, तीन जवान जखमी

## एयरलिफ्ट कर रांची लाये गये, 51 आइइडी बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची, चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम में एकबार फिर गुरुवार को आइइडी ब्लास्ट में तीन जवान घायल हो गये हैं। तीनों को एयरलिफ्ट कर मेडिका अस्पताल रांची में भर्ती कराया गया है। यह धमाका गोईलकेरा थाना के मेरालगढ़ा एवं हाथीबुरू जंगल में हुआ। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि धमाके में सीआरपीएफ-60 बटालियन के तीन जवान हेड कांस्टेबल राकेश पाठक, सिपाही बीडी अनल और सिपाही पंकज यादव हैं। यह धमाका तब हुआ, जब नक्सलियों की तलाश में सुरक्षाबल की टीम टोंटों जंगल में सर्च अभियान में जुटी हुई थी। पश्चिम सिंहभूम में नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान से नक्सली बौखलाए हुए हैं। वे सुरक्षाबलों को टारगेट कर रहे हैं। पिछले 21 दिनों अब तक 7 बार ब्लास्ट हो है। (शेष पेज 11 पर)

# राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की मिली धमकी

एजेंसी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। इसकी सूचना मिलने पर सुरक्षा एजेंसियां यहां अलर्ट मोड पर आ गयी हैं। नेपाल से शालिग्राम पत्थर उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचने पर जहां पूरा देश उत्साहित है, प्रसन्नचित है। वहीं, रामजन्म भूमि को बम से उड़ाने की

### पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

धमकी देने के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आ गया है। जनकपुर से देव शिला लेकर बुधवार की देर रात यात्रा अयोध्या पहुंची थी। गुरुवार सुबह विधि पूर्वक इसका पूजन-अर्चन किया गया। प्रदेश और देश में इसकी खुशियां मनाई जा रही हैं।



# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के भी नौकरी के लिए भटक रहे अभ्यर्थी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शिक्षकों ने नियुक्ति की मांग को लेकर नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नियुक्ति नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि तीन महीने के अंदर परीक्षा में पास हुए शिक्षकों की नियुक्ति कराये जाये। नियुक्ति की मांग को लेकर आज शिक्षकों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया। इसके बाद 5 लोगों को वार्ता के लिए जेएसएससी के अध्यक्ष सुधीर त्रिपाठी ने बुलाया। लेकिन वार्ता से प्रदर्शन कर रहे शिक्षक असंतुष्ट दिखे। शिक्षकों ने बताया कि सभी चीजें पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन जारी किया जाये।

**2 साल पहले ही हुआ है डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन**

हजारीबाग की कीर्ति रानी ने बताया कि 2 साल पहले हम लोगों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हो गया। उसके बावजूद भी हमें नियुक्ति नहीं मिली। हम लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें जजमेंट भी आ गया है। कोर्ट के आदेश के तीन माह बीत जाने के बाद भी जेएसएससी की तरफ से किसी भी प्रकार की नियुक्ति को लेकर पहल नहीं की जा रही है। हमारी मांग है कि जिनलोगों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हो चुका है उनको नियुक्ति पत्र सौंपा जाये। विभाग सुप्रीम कोर्ट का आदेश का पालन नहीं कर रही है।

**2016 में विज्ञापन जारी कर निकाली गयी थी 17000 वैकेंसी**

बताते चलें कि 2016 में विज्ञापन जारी कर 17000 वैकेंसी निकाली गयी थी। इसकी परीक्षा 2017 में ली गई थी। 2018 में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया था। इसके बावजूद अपॉइंटमेंट नहीं दिया गया। लगभग 17562 सीटों पर 8 जिलों में इतिहास और नागरिक शास्त्र के शिक्षकों के नियुक्ति नहीं मिल पायी है। बाकी विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति हो गयी है।

# पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा शुरू

## 20 लाख अतिरिक्त लोगों को अन्न का अधिकार देने की ओर अग्रसर सरकार

- मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत शत प्रतिशत जरूरतमंदों को जोड़ने का मिला निर्देश
- पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन राज्य भर में एक से 14 फरवरी 2023 तक आयोजित किया गया है



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के उपरांत अन्न के अधिकार से वंचित सभी जरूरतमंदों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की गति को तेज कर दिया गया है। इसके लिए पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन राज्य भर में एक से 14 फरवरी 2023 तक आयोजित किया गया है। इसके तहत राशनकार्ड में आधार सुधार संबंधित कार्य, एक व्यक्ति का कई राशनकार्ड में दर्ज नाम को विलोपन की कार्रवाई, राशनकार्ड में मृत व्यक्तियों का नाम हटाने, अपवाद पंजी से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले लाभुकों के चिंहितिकरण की कार्रवाई, डुप्लीकेट आधार संख्या का सत्यापन, विगत छह माह या अधिक अवधि से खाद्यान्न उठाव न करने वाले लाभुकों का भौतिक सत्यापन, दाल-भात केन्द्र के लाभुकों को दाल-भात ऐप्स के माध्यम से भोजन और ऑफलाईन डीलर को ऑनलाईन में परिवर्तन करने की कार्रवाई की जा रही है।

**मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का भी मिलेगा लाभ**

मुख्यमंत्री के आदेश पर ना सिर्फ पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। बल्कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आच्छादित लाभुकों के ई-केवासी के माध्यम से त्वरित गति से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये निर्देशित किया गया है। इसके लिए एक से 15 फरवरी 2023 तक प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से कैम्प आयोजित कर आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत लाभान्वित लाभुकों का ई-केवाइसी के माध्यम से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित होगा। इसके लिए प्रत्येक दिन लगातार कैंप का आयोजन किया जायेगा।

जो परिवार गुलाबी, पीला, हरा राशन कार्डधारी होंगे, ऐसे परिवार आयुष्मान भारत अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के लिए योग्य होंगे। लाभुक के निबंधन हेतु प्रज्ञा केन्द्र में आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित होना आवश्यक होगा।

इस कार्य में सहिया, राशन डीलरों, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, सेविका एवं अन्य अधिक से अधिक योग्य परिवारों को कैंप में लाना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रज्ञा केन्द्रों को प्रतिदिन कम से कम 50 योग्य परिवारों के निबंधन का लक्ष्य निर्धारित है। सहिया, राशन डीलरों, स्वयं सहायता समूह की महिलाए, सेविका व अन्य कार्ड बनवाने में असमर्थ कम से कम 15 लोगों को प्रतिदिन निकतम प्रज्ञा केन्द्रों में लेकर जाना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी पंचायतों में कैंप आयोजन के लिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

**(2nd Call)**

**Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23**
**Dated–01/02/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 04/02/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 06/02/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 09/02/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 10.02.2023 10:30 AM to 05:00 P.M.<br>(i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa.<br>(ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar<br>(iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 11/02/2023 04:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 42752 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl.No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-01 | 1 | 5 | 60 | 1568 | 5,52,89,000.00 | 5,53,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-06 | 1 | 3 | 82 | 1889 | 7,17,70,000.00 | 7,18,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-07 | 1 | 3 | 86 | 2416 | 8,29,75,000.00 | 8,30,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 4 | SVS/CLUSTER-09 | 2 | 4 | 98 | 2692 | 9,38,59,000.00 | 9,39,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 5 | SVS/CLUSTER-10 | 2 | 4 | 80 | 2212 | 7,67,03,000.00 | 7,68,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 6 | SVS/CLUSTER-13 | 1 | 1 | 105 | 2483 | 9,21,99,000.00 | 9,22,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 7 | SVS/CLUSTER-14 | 2 | 2 | 94 | 2315 | 8,45,36,000.00 | 8,46,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 8 | SVS/CLUSTER-16 | 1 | 1 | 57 | 6385 | 5,03,36,000.00 | 5,04,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 9 | SVS/CLUSTER-21 | 1 | 4 | 59 | 1290 | 5,07,82,000.00 | 5,08,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 10 | SVS/CLUSTER-22 | 2 | 6 | 89 | 2236 | 8,13,26,000.00 | 8,14,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 11 | SVS/CLUSTER-23 | 2 | 3 | 96 | 2980 | 9,17,22,000.00 | 9,18,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 12 | SVS/CLUSTER-26 | 4 | 14 | 103 | 2654 | 9,71,64,000.00 | 9,72,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 13 | SVS/CLUSTER-27 | 4 | 11 | 94 | 2925 | 9,72,70,000.00 | 9,73,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 14 | SVS/CLUSTER-29 | 3 | 18 | 93 | 2880 | 9,39,39,000.00 | 9,40,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 15 | SVS/CLUSTER-30 | 3 | 6 | 87 | 2946 | 9,40,26,000.00 | 9,41,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 16 | SVS/CLUSTER-32 | 3 | 5 | 94 | 2881 | 9,54,98,000.00 | 9,55,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website-http://jharkhandternders.gov.in

Executive Engineer
D.W.&S.Division, Garhwa.

PR 288990 Drinking Water and Sanitation(22-23)D


## निलंबित आइएएस पूजा सिंघल ने कोर्ट में लगायी हाजिरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने मामले की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर हाजिरी लगाई। वह दिल्ली से रांची अदालत में हाजिरी देने के लिए आई थी। हाजिरी देने के बाद वह अदालत से समय लेकर चली गई। मामले में आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, समय लेने के कारण नहीं हो सका। अगली तारीख आठ फरवरी निर्धारित की गई है। उनकी अंतरिम जमानत की अवधि चार फरवरी को पूरी हो रही है। पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट ने बीते तीन जनवरी को बेटी की इलाज के लिए एक महीने की अंतरिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। चार जनवरी को 239 दिनों बाद जेल से निकली थी। इसके अगले दिन वह दिल्ली चली गई थी। मिली सशर्त अंतरिम जमानत के तहत उनको दिल्ली में नहीं रहना है। सिर्फ अदालत में हाजिरी के दिन झारखंड आने की इजाजत है। इसी मामले के आरोपी जेल में बंद पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा का सीए सुमन कुमार एवं बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई।

## मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी शशि प्रकाश ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में पूजा सिंघल के साथ चार्जशीटेड तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश ने गुरुवार को ईडी की विशेष अदालत में सरेंडर किया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए आठ फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी को अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद ईडी की दबिश के बाद सरेंडर करना पड़ा। ईडी ने मनरेगा घोटाले की राशि मनी लाउंड्रिंग के आरोप में पांच जुलाई को चार्जशीट दाखिल किया था। जिसमें पूजा सिंघल के साथ सुमन कुमार, अभिषेक झा, शशि प्रकाश, तत्कालीन इंजीनियर राजेंद्र जैन एवं जय किशोर चौधरी का नाम शामिल है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा का प्रसंग– **WRD/WWDivision,Hazaribag/IFB-01/2022-23**
दिनांक 02–02–2023

| क्रमांक | कार्य का नाम | जलपथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत दिपुगढा सिंचाई कॉलोनी के चाहरदीवारी की मरम्मति कार्य । |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की राशि | रूपये 20,83,670.68 (बीस लाख तिरासी हजार छः सौ सत्तर एवं पैसे अडसठ) मात्र। |
| 2 | परिमाण विपत्र का मूल्य | रूपये 5,000.00 (रूपये पाँच हजार) मात्र ।(अप्रत्यर्पणीय राशि) |
| 3 | अग्रधन की राशि | रूपये 42,000.00 (रूपये बयालीस हजार) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) माह |
| 5 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 17–02–2023 (5:00 बजे अपराहन् तक) |
| 6 | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमंडल में जमा करने की अंतिम तिथि | 20–02–2023 (कार्यालय अवधि में) |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि | 22–02–2023 (2:00 बजे अपराहन) |
| 8 | वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि | 03–02–2023 (11:00 बजे पूर्वाहन से) |
| 9 | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग |
| 10 | निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मोबाईल नं0 | 9608234736 / 9955912075 |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 06546 – 298149 / 9955912075 |

नोट :– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।


कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग

PR.NO.289067 Water Resource(22-23):D


# अमित शाह का देवघर दौरा कल

## संथाल में झामुमो से लोहा लेने का देंगे मंत्र, भाजपा अब चुनावी मोड पर

उदय चौहान



**रांची।** प्रदेश भाजपा अब चुनावी मोड पर पहुंच गयी है। मिशन 2024 को लेकर बड़े नेताओं का दौरा भी शुरू हो गया है। इसी के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चार फरवरी को देवघर आ रहे हैं। शाह जसीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में बनने वाले इफको के नैनो फर्टिलाइजर प्लांट का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा संथाल में भाजपा की जीत के लिए कार्यकताओं को संकल्प दिलायेंगे। संथाल में झामुमो से लोहा लेने का मंत्र सिखायेंगे। अमित शाह भाजपा के विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर देवघर में भाजपा नेताओं का कैंप शुरू हो गया है। रांची से दर्जन भर पदधारी गुरुवार को ही देवघर रवाना हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से लेकर तमाम नेता देवघर पहुंच चुके हैं। भाजपा अब संथाल परगना में पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर ली है। उधर, सत्ताधारी झामुमो ने भी संथाल में पसीना बहाना शुरू कर दिया है। गुरूवार को पार्टी का स्थापना दिवस शुरू हुआ। इस में दिशोम गुरू शिबू सोरेन व सीएम हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। इसके अलावा भाजपा को रोकने की रणनीति बनी है।

**कोल्हान के बाद संथाल आ रहे अमित शाह**

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक महीने के भीतर अमित शाह की झारखंड में ये दूसरी रैली होगी। कोल्हान में पहली रैली 7 जनवरी को चाईबासा में हुई थी। चाईबासा में अमित शाह ने जमीनी स्तर के कार्यकताओं के साथ बैठक की थी और कोल्हान के कार्यकर्ताओं को जीत का परचम लहराने का मंत्र दिया था। पहले अमित शाह की विजय संकल्प रैली साहिबगंज में होनी थी। लेकिन, समय की कमी के कारण रैली का स्थान बदल कर देवघर किया गया। इस दौरान श्री शाह देवघर में विधानसभा कोर कमिटी की संयुक्त बैठक करेंगे और कार्यकताओं को जीत के मार्गदर्शन देंगे। मालूम हो कि झारखंड में कुल 14 लोकसभा सीट हैं। लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा ने अपने सहयोगी आजसू के साथ मिलकर 12 सीटों में जीत हासिल की हैं। जबकि दो सीट राजमहल और पश्चिम सिंहभूम में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। अब, भाजपा ने इन सीटों को जीतने का संकल्प लिया है। संथाल की राजनीति की बात करें तो लोकसभा की 3 सीटें हैं। इसमें से दो सीट गोड्डा और दुमका में तो भाजपा जीत हासिल की है। वहीं,राजमहल से हार मिली थी। लेकिन विधानसभा के 18 सीटों के गणित में भाजपा पीछे ही है। विधानसभा में अभी भी झामुमो का ही दबदबा है। झामुमो के पास 9 सीटें हैं। जबकि कांग्रेस के पास पांच सीटें हैं। भाजपा के पास सिर्फ 4 सीटें ही हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि अमित शाह के दौरे से राजमहल की सीट पर क्या असर पड़ेगा। हालांकि, संथाल परगना में झामुमो को पटखनी देना अभी आसान भी नहीं है।


## e- Procurement Cell
## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

**Notice Inviting Tender (Very Short Notice)**

**ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

**Tender Reference No.-(10)BCD/CIR-2/RANCHI/LATEHAR,DIV/2022-23 Date:-02-02-2023**

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BALUBHANG PANCHAYAT -BALUBHANG , BLOCK-BALUMATH , DIST-LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 हमीने |
| 2 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BARIYATU PANCHAYAT -BARIYATU , BLOCK -BALUMATH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 3 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BHAGEYA PANCHAYAT -BHAGEYA, BLOCK -BALUMATH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 4 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT ICHAK PANCHAYAT - ICHAK , BLOCK-BALUMATH , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 5 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT GANESHPUR PANCHAYAT - GANESHPUR , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 6 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT KECHKI PANCHAYAT - KECHKI , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 7 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT NAWADIH PANCHAYAT - NAWADIH , BLOCK -BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 8 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT CHECHHA PANCHAYAT - CHECHHA , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 9 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT HEHEGARA PANCHAYAT - HEHEGARA , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 10 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT MURUP PANCHAYAT - MURUP , BLOCK-BARWADIH , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 11 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT KUMANDIH PANCHAYAT - KUMANDIH, BLOCK-MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 12 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT MURGIHAT PANCHAYAT - MURGIHAT, BLOCK -MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 13 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT PIPRA PANCHAYAT - PIPRA, BLOCK-MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 14 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT JUNGUR PANCHAYAT - JUNGUR, BLOCK-MANIKA , DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 15 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT PATRATU PANCHAYAT - PATRATU, BLOCK - LATEHAR , DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 16 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BANDUA PANCHAYAT - BANDUA, BLOCK- GARU, DIST- LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |
| 17 | CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT BARDAUNI PANCHAYAT - BARDAUNI, BLOCK- MAHUADAND, DIST - LATEHAR. | रू0 55,25,400.00 | 06 महीने |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07-02-2023 |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13-02-2023 को अपराह्न 3:00 बजे |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 14-02-2023 को दोपहर 12:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 14-02-2023 को अपराह्न 3:00 बजे |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल<br>अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431024895/8987663716 |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 289009 (Building Dept Circle - 2) 22-23 (D)



Annexture 1

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION KODERMA

**Short e-Procurement Re-Tender Notice**
**2nd Call**
**Tender Reference No- WRD/MID/KODERMA/ F2-30/2022-23 Date-01-02-2023**

| Sl. No. | Name of Work | Renovation of Chehal Aahar, Village-Chehal, Block- Jainagar. |
|---|---|---|
| 1 | Estimated Cost (BOQ) (Rs) | 41.258 Lakh |
| 2 | Cost of Tender fee | 5,000.00 (Five Thousand) Only. |
| 3 | EMD | 83,000.00 (Eighty Three Thousand) Only. |
| 4 | Tender Reference No | WRD/MID/KODERMA/F2-30/2022-23 |
| 5 | Completion Period for Construction | 06 Months |
| 6 | Mode of submission of Tender | Online through |
| 7 | Publishing on website | Date-06-02-2023 - 2.00. P.M |
| 8 | Period of Downloading of Bidding Documents | Start Date:- 06-02-2023 Time: 2.00 PM<br>End Date:- 13-02-2023 Time: 5.00 PM |
| 9 | Bids online submission | Start Date:- 06-02-2023 Time: 2.00 PM<br>End Date:- 13-02-2023 Time: 5.00 PM |
| 10 | Submission of BID Security & Hard Copy | Date:- 14-02-2023 up to 3.00 PM |
| 11 | Opening Date | Date:- 15-02-2023 at 2.00 PM |
| 12 | Officer inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Koderma. |
| 13 | Office received Hard Copy and Bid Security | 1. E.E M.I Division Koderma.<br>2. S.E M.I Circle Hazaribagh.<br>3. E.E M.I Design Division, Ranchi. |

**NOTE:** -The Tender fee, Earnest Money Deposit (EMD) and Affidavit (Attached Performa) and Bank Certificate for Credit Facility **(Attached Performa)** must be submitted up to 14-02-2023 by 3.00 PM. If Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility are not received before mention date and time tender shall not be accepted.

**Place to receiving Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility**

Executive Engineer Office, M.I. Division, Koderma / S.E. Office M.I. Circle Hazaribagh /Executive Engineer Office , M.I. Design Division, Ranchi.

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Koderma.**

PR 289002 (Minor Irrigation)22-23*D



## रांची मंडल में पार्सल, विज्ञापन, एटीएम, पार्किंग, कैटरिंग एवं पे एंड यूज़ टॉयलेट हेतु ई-नीलामी सूचना

**अधिसूचना संख्या : सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2022** **दिनांक: 01.02.2023**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटेलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार हैं : **क्रम संख्या:** 1। **श्रेणी:** पार्सल। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीपीएआरसीएल9। **परिसम्पत्तियों का विवरण:** रांची मंडल से यात्रा शुरू करने वाली 32 अदद पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट को पट्टे पर देने हेतु 61 अदद परिसम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 15.02.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 16.02.2023 को दोपहर 12.50 बजे। **क्रम संख्या:** 2। **श्रेणी:** विज्ञापन। **कैटेलॉग संख्या:** एडीवीटी9। **परिसम्पत्तियों का विवरण:** (i) रांची मंडल में वाणिज्यिक प्रचार ठेका (7 अदद स्टेशन से बाहर एवं 3 अदद स्टेशन के अंदर) हेतु 10 अदद परिसम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। (ii) रांची मंडल में लिंक रेक सहित 12 ट्रेनों में ट्रेनों की बाहरी सतह (फुल फेस) पर विज्ञापन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 16.02.2023 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 16.02.2023 को अपराह्न 4.00 बजे। **क्रम संख्या:** 3। **श्रेणी:** एटीएम। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीएटीएम10। **परिसम्पत्तियों का विवरण:** रांची मंडल में एटीएम हेतु 06 अदद परिसम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 17.02.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 17.02.2023 को सुबह 11.20 बजे। **क्रम संख्या:** 4। **श्रेणी:** पार्किंग। (i) **कैटेलॉग संख्या:** पार्किंग8। **परिसम्पत्तियों का विवरण:** बानो, पिस्का, रामगढ़ एवं इटकी रेलवे स्टेशन पर दो, तीन एवं चार चक्का वाहन की पार्किंग के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 10.02.2023 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 10.02.2023 को दोपहर 1.00 बजे। (ii) **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीपार्किंग9। **परिसम्पत्तियों का विवरण:** सुइसा रेलवे स्टेशन पर दो, तीन एवं चार चक्का वाहन की पार्किंग के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 17.02.2023 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 17.02.2023 को सुबह 11.30 बजे। **क्रम संख्या:** 5। **श्रेणी:** कैटरिंग। **कैटेलॉग संख्या:** आरएनसीसीटीजी4। **परिसम्पत्तियों का विवरण:** रांची मंडल में जीएमयू एवं एसएमयू श्रेणियों के अधीन 43 अदद कैटरिंग यूनिट के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 14.02.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 14.02.2023 को अपराह्न 5.30 बजे। **क्रम संख्या:** 6। **श्रेणी:** पे एंड यूज़। **कैटेलॉग संख्या:** पेएंडयूज़8। **परिसम्पत्तियों का विवरण:** रांची मंडल के नामकोम रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज़ टॉयलेट हेतु 01 अदद परिसम्पत्ति के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 10.02.2023 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 10.02.2023 को सुबह 10.30 बजे। **द्रष्टव्य:** भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट वार विवरण ऊपर उल्लिखित कैटेलॉग के अधीन उपलब्ध है।

(PR-1074) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


## राष्ट्रीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष से मिले संजय सेठ



**रांची।** रांची में 17, 18 और 19 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिये सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला, खनन एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद ने उनसे खेल महोत्सव के उद्घाटनकर्ता के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। सांसद ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा से भी मुलाकात की और उन्हें भी इस महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशीथ प्रामाणिक और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री जॉन बारला से मुलाकात कर उन्हें भी इस महोत्सव के लिये आमंत्रित किया।

# 1980 में स्थापित यह संस्थान टॉप 30 में नहीं आ पाया, आत्ममंथन करें : राज्यपाल

## बीएयू के 7वें दीक्षांत समारोह में 24 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

शिक्षकों की कमी, पढ़ाई व शोध कार्य में गुणवत्ता के अभाव पर राज्यपाल ने जतायी चिंता

राज्यपाल का किसानों की नियमित आय के लिए समेकित कृषि को बढ़ावा देने पर जोर




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार को 7वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। इसमें ग्रेजुएशन, मास्टर्स और पीएचडी के 1139 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों में ही विश्वविद्यालय की उपलब्धि है। साथ ही शिक्षकों की कमी, पठन-पाठन में गुणवत्ता का अभाव व शोध कार्य में गुणवत्ता की कमी पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को वर्ष 2017 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की नेशनल रैंकिंग में 53वां स्थान प्राप्त हुआ था। वहीं 2018 में 60 रैंक मिला और कृषि विश्वविद्यालय की सूची से बाहर हो गया। फिर 2020 में इसे 58वां रैंक मिला। आखिर क्या कारण है कि 1980 में स्थापित यह संस्थान टॉप 30 में नहीं आ पाया है। इसका सबसे बढ़ा कारण शिक्षकों की कमी, पठन- पाठन में गुणवत्ता का अभाव व शोध कार्य में गुणवत्ता की कमी तो नहीं है, इस पर आत्ममंथन करना चाहिए।

**सीखने की कोई उम्र सीमा नहीं होती**

राज्यपाल ने पास आउट विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में कभी भी सीखने में संकोच न करें। दूसरे के अच्छे गुणों को अपनाएं। यही एक अच्छे और सफल विद्यार्थी के लक्षण हैं। सीखने की कोई उम्र सीमा नहीं होती है। आप सीखते रहिए। इससे ही ऊंचे स्थान आप प्राप्त करते रहेंगे। विद्यार्थियों की उपलब्धियों में ही विश्वविद्यालय की उपलब्धि है। आज यहां से डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने निश्चित रूप से अपना लक्ष्य और भविष्य तय कर लिया होगा। हर रोज नई चुनौती और नए अवसर आते रहते हैं। आने वाले अवसरों का लाभ आप उठाएं।

### 24 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

दीक्षांत समारोह में कृषि, बागवानी, दुग्ध प्रौद्योगिकी और कृषि अभियंत्रण महाविद्यालयों ने भाग लिया। 24 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया। 26 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। 226 को मास्टर्स डिग्री और स्नातक के 887 विद्यार्थियों को डिग्री दी गयी। दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के 11 कॉलेजों के कुल 1139 छात्र–छात्राओं को आमंत्रित किया गया था। इनमें स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले 888, मास्टर डिग्री प्राप्त करने वाले 226 और पीएचडी करने वाले 25 विद्यार्थी शामिल थे।

# पीएचईडी में हो रही नियुक्ति को रोकने को डीडीसी से मिले अभ्यर्थी

- हाईकोर्ट की रोक के बाद भी पीएचईडी का जिला स्तर हो रही नियुक्ति
- जेएसएससी ने नियुक्तियां रोकी, जिलों में नियुक्तियां शुरू
- अभ्यर्थियों ने सीएम, सीएस और विभागीय सचिव से की शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हाईकोर्ट की रोक के बाद भी पीएचईडी में जिला स्तर पर अनुबंध पर नियुक्तियां की जा रही है। एक फरवरी को जिला स्तर पर पूर्वी और पश्चिमी के कार्यपालक अभियंता ने जिला स्तर के पदों के लिए साक्षात्कार लिया। इसके विरोध में गुरुवार को कुछ अभ्यर्थी डीडीसी से मिले और उन्हें बस्तुस्थिति से अवगत कराया। मौके पर उन्हें हाईकोर्ट के आादेश की कॉपी भी उपलब्ध कराया। साथ ही उन्हें कई अखबारों में छपी खबरों को भी दिखाया। अभ्यर्थियों ने डीडीसी को बताया कि विभाग के स्तर पर पश्चिमी और पूर्वी के कार्यपालक अभियंता शशि शेखर सिंह और निरंजन कुमार का स्थानांतरण कर दिया गया है। इसके बाद भी उनके स्तर पर पूर्व के आवेदनों पर नियुक्ति की जा रही है। अभ्यर्थियों ने दोनों कार्यपालक अभियंताओं पर नियुक्ति में लेनेदेन का भी आरोप लगाया है। अभ्यर्थियों ने कहा कि जेएसएससी जैसी संस्था ने नियोजन नीति को निरस्त किये जाने के बाद सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया है।

बताते चलें कि राज्य स्तर पर पहली ही नियुक्तियां रोक दी गयी है। परंतु इंजीनियरों ने राज्य के बाहर के चयनति अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए डीडीसी को अंधकार में रखकर इंटरव्यू ली गयी है। हालांकि इसे लेक पूर्व में भी स्थानीय अभ्यर्थियों ने सीएम, गवर्नर, सीएस और विभागीय सचिव से लिखित शिकायत की थी और संबंधित कार्यालयो में आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी है। परंतु स्थानीय कार्यालयों से उन्हें किसी तरह की सूचना अब तक नहीं दी गयी है।

# राजभवन उद्यान का तीन दिनों में 14 हजार 932 लोगों ने किया दीदार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजभवन का उद्यान खुलने के बाद अबतक 14 हजार 932 लोगों ने दीदार किया है। पहले दिन 31 जनवरी को 2876, दूसरे दिन एक फरवरी को 4261 और तीसरे दिन दो फरवरी गुरुवार को 7795 लोगों ने राजभवन के उद्यान को देखा। इस दौरान बच्चे, बुर्जग , युवक, युवतियां और महिलाएं लाइन में लगकर राजभवन को देखने के पहुंचे थे। बच्चों ने झूले का आनन्द लिया, तो युवक-युवतियां मोबाइल से सेल्फी लेने में व्यस्त दिखे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किये गये है। राजभवन के अंदर और गेट के समीप महिला और पुरुष बल तैनात किये गये है। जो हर व्यक्ति को जांच करने के बाद ही अंदर जाने दे रहे है।



बताया गया कि राजभवन के उद्यान में देश-विदेशों के 200 प्रकार के 18हजार गुलाब के किस्म, 45 प्रकार के विंटर फूल, 500 प्रकार के फलदार वृक्ष हैं। उद्यान में नौ फाउंटेन, झरना आदि खूबसूरती में चार चांद लगा रहे है। खासतौर पर 35 प्रकार के दुर्लभ औषधीय पेड़-पौधे हैं, इसमें रुद्राक्ष, कल्पतरू ,दालचीनी, तेजपता, लौंग, घृत कुमारी, अमृतांजन, लेमन ग्रास, कर्पूर, अकरकरा, गुलमर्ग, चंदन सहित अन्य शामिल है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल रमेश बैस के निर्देश पर राज भवन उद्यान आम नागरिकों के लिए 31 जनवरी से सात फरवरी तक खोला गया है।

# मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों ने राजभवन के पास दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के सदस्य नियमितीकरण और वेतनमान को लेकर राजभवन गेट के सामने एक दिवसीय धरने पर बैठे हैं। रांची के 18 ब्लॉक के हजारों मनरेगा कर्मी प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष संजय प्रमाणिक ने कहा कि आज ही के दिन राज्य में मनरेगा योजना को लागू किया गया था। संजय प्रमाणिक ने कहा कि एक ओर सरकार मनरेगा दिवस मना रही है, दूसरी तरफ हजारों मनरेगा कर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने पर विवश हैं। आरोप लगाया कि मनरेगा में काम करते हुए 15 साल हो गये हैं। लेकिन अभी तक नियमितीकरण और वेतनमान निर्धारित नहीं किया गया है। हमारी विवशता का फायदा उठाने का काम कर रही है।

**न जॉब सिक्योरिटी और न ही सम्मानजनक वेतन**

कोषाध्यक्ष मृत्युजंय महतो ने कहा कि सरकार न तो जॉब सिक्योरिटी दे रही और न ही सम्मानजनक वेतन दे रही है। छोटी गलती करने पर मनरेगा कर्मियों को तत्काल बर्खास्त कर दिया जाता है। लेकिन मनरेगा कर्मियों के नियमितीकरण और वेतनमान को लेकर सरकार ने अभी तक कुछ नहीं किया। सरकार मनरेगा कर्मियों के साथ अन्याय कर रही है, जिसपर जल्द रोक लगायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि साल 2007 में बनायी गयी सेवा शर्त और कर्तव्य नियमावली मनरेगा कर्मियों के हित में नहीं है। मौके पर रातू प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष जोन पीटर बागे, मोहम्मद मुरताज, राजेश पांडेय व अन्य मौजूद थें।

# रांची में 11 पर चलेगा धार्मिक उन्माद फैलाने व दंगा भड़काने का मामला, सरकार से मांगी इजाजत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा से निलंबित नेत्री नूपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी के विरोध में रांची में गत वर्ष दस जून 2022 को भड़की उपद्रव व हिंसा मामले में जांच के दौरान सामने आए 11 आरोपितों पर धार्मिक उन्माद फैलाने व दंगा भड़काने से संबंधित धाराओं में मुकदमा चलाने के लिए रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य सरकार के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से अनुमति मांगी है। यह अनुमति रांची के डेलीमार्केट थाने में दर्ज कांड संख्या 17/22 में मांगी गई है, जिसकी जांच सीआइडी कर रही है।

इनके विरुद्ध मांगी गई है मुकदमा चलाने की अनुमति

मोहम्मद साबिर अंसारी (इस्लाम नगर, पत्थलकुदवा चौक, थाना लोअर बाजार, जिला रांची), मोहम्मद सरफराज (बालूमाथ, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार), मोहम्मद तबारक कुरैशी (गुदढ़ी चौक, इमारत सरिया गली, थाना लोअर बाजार, जिला रांची), मोहम्मद शहबाज (साउथ स्ट्रीट, कुर्बान चौक, थाना हिंदपीढ़ी, रांची), मोहम्मद उस्मान उर्फ करण कच्छप (पत्थलकुदवा, इस्लाम नगर, थाना लोअर बाजार, जिला रांची), मोहम्मद अफसर (कलाल टोली, थाना लोअर बाजार, जिला रांची), मोहम्मद अरमान हुसैन (अप्राथमिकी अभियुक्त, निजाम नगर, थाना हिंदपीढ़ी, रांची), मोहम्मद रमजान (निजाम नगर, हिंदपीढ़ी, रांची), मोहम्मद अमजद (हिंदपीढ़ी, गोपाल गली वंशी चौक के नजदीग, थाना हिंदपीढ़ी, रांची), मोहम्मद माज (नेजाम नगर, मोती मस्जिद, जावेद स्ट्रीट के पास, थाना हिंदपीढ़ी, रांची) व मोहम्मद इरफान अंसारी उर्फ इरफान उर्फ जुबेर आलम (इरगु पहाड़ी टोला, थाना सुखदेवनगर, रांची)।

हाई कोर्ट ने सरकार के रवैये पर जताई नाराजगी

वहीं, झारखंड हाई कोर्ट ने भी इस मामले में सुनवाई के दौरान सरकार के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई थी। अदालत ने टिप्पणी की थी कि इस मामले की पुलिस व सीआइडी से अलग-अलग जांच कराने से प्रतीत होता है कि सरकार आरोपितों को बचाना चाहती है। सीआइडी ने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि इस तरह के मामलों की जांच में कितनी सफलता मिली। अदालत ने कहा कि घटना के प्रत्यक्षदर्शी रांची के तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा व डेलीमार्केट थानेदार को हटाने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं है।

### इन धाराओं में चलाया जाएगा मुकदमा

जिन धाराओं में मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी गई है, उनमें धारा 153 (ए), 153एए व 295ए भादवि (भारतीय दंड विधान) शामिल हैं। रांची के उपायुक्त ने सीआइडी की अनुशंसा पर स्वीकृति देते हुए राज्य सरकार से मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है। अनुमति मिलते ही सभी आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# मनरेगा को उपरी पायदान तक ले जाने का ले संकल्प : मनरेगा आयुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा दिवस के अवसर पर आयुक्त राजेश्वरी बी ने झारखंड राज्य के तमाम पदाधिकारी एवं कर्मी को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में मनरेगा को उपरी पायदान तक ले जाने का संकल्प लें। जिन मनरेगा मजदूरों के पास जमीन नहीं है, वैसे मजदूर कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने के बाद मजदूरों को अब पलायन नहीं करना पड़ेगा। मनरेगा मजदूर अपने स्वेच्छा से कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।




मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को अधिक से अधिक बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी दीदी बाड़ी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़ कर महिलायें स्वाबलंबी बन रही हैं। मनरेगा के अंतर्गत चलने वाली कई योजनाओं से महिलाओं को रोजगार और स्वाबलंबन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। महिलाएं दीदी बाड़ी योजनाओं में कार्य कर कूप निर्माण योजना से लाभान्वित हो कर या निर्माण योजना का लाभ उठाकर अपने परिवार का सहारा बन रही हैं। इससे उनमें एक नया आत्मविश्वास उभर रहा है । उन्हें आर्थिक रूप से स्वाबलंबी होने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि महिलायें पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को संवार सकती है।

# मार्केट फीस विधेयक पारित होने से राज्य के खाद्यान्न व्यापारी नराज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि विपणन शुल्क विधेयक को लेकर व्यापारी लगातार चिंतन कर रहे हैं। मामले की लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है। वहीं, राज्यपाल ने भी इस विधेयक को गंभीरता से लिया गया है। वहीं दूसरी ओर चैंबर ऑफ कॉर्मस की ओर से भी इस पर लगातार बैठकें की जा रही है। अध्यक्ष किशोर मंत्री की मानें तो आने वाले कुछ दिनों में कृषि विपणन बिल पर राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन किया जायेगा। इसमें विधेयक की प्रावधानों और व्यापारियों के आंदोलन की रणनीति तय की जायेगी। फिलहाल राजभवन के निर्णय पर भी व्यापारियों की नजर टिकी है। पिछले दिनों राज्यपाल से मिलकर व्यापारियों ने विधयेक पर हस्तक्षेप की मांग की थी। बताते चलें कि बीते बुधवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, सचिव अबुबकर सिद्दकी के साथ राज्यपाल ने बैठक की, जिसमें विधयेक के प्रावधानों पर चर्चा की गयी। साथ ही राज्यपाल ने मंत्री बादल पत्रलेख और विभागीय सचिव को कहा कि विधेयक जनहित को देखते हुए बनाया जाये। लोगों पर वित्तिय बोझ डालने के लिये नहीं बनाया जाये।

**अधिकारियों से नेताओं से की गयी मुलाकात**

चैंबर ऑफ कॉर्मस की ओर से विधेयक की वापसी की मांग पर लगातार नेताओं से बैठक की जा रही है। इसमें कई अधिकारी भी शामिल रहे हैं। वहीं, सत्ता पक्ष, अधिकारियों और मंत्रियों से वार्ता की जा रही है। वहीं, कांग्रेस के शीर्ष नेता षषि थरूर से भी व्यापारियों ने मुलाकात की है। फिलहाल व्यापारियों की राय है कि कृषि मंत्री के साथ बैठक कर मामले का हल निकाला जाये।

# चाईबासा में टारगेट हो रहे हैं सर्च अभियान में जुटे पुलिसकर्मी!

कुबेर सिंह

**रांची।** चाईबासा में सर्च अभियान में जुटी झारखंड पुलिस, कोबरा और झारखंड जगुआर के जवान नक्सलियों के टारगेट बन रहे हैं। अबतक नक्सलियों के द्वारा सर्च अभियान के दौरान आठ से दस आईईडी ब्लास्ट किया गया है। जिसमें दर्जन भर पुलिसकर्मी जख्मी हो चुके हैं। सुरक्षाबलों को नक्सलियों के द्वारा पिछले 22 दिनों से टारगेट किया जा रहा है।

**दर्जनों आईईडी हुए बरामद, कई नक्सलियों की हो चुकी है गिरफ्तारी**

सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दर्जनों आईईडी बम को बरामद किया है, वहीं कई नक्सलियों को सरेंडर करने के लिए प्रेरित भी किया है। साथ ही कई नक्सली सहयोगियों की गिरफ्तारी भी हुई है।

**एक करोड़ के ईनामी नक्सली और उसके सहयोगियों की है पुलिस को तलाश**

गौरतलब हो कि झारखंड पुलिस को माओवादियों के शीर्ष नेता एक करोड़ के ईनामी मिसिर बेसरा उर्फ सागर समेत सभी बड़े-छोटे हार्डकोर नक्सलियों की सूचना पर पुलिस अलर्ट हुई है। बूढ़ापहाड़ पर दबदबा कायम करने के बाद अब सुरक्षाबलों का निशाना सरायकेला, खूंटी व पश्चिमी सिंहभूम का सीमा क्षेत्र में नक्सलियों की मांद को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए 400 से अधिक पुलिसकर्मियों को सर्च अभियान में लगाया गया है।

**क्वोट**

झारखंड पुलिस राज्य ने नक्सलियों का सफाया करने पर उतरी है। पुलिस बार-बार समाज से भटके युवा को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रयास कर रही है। पुलिस के इलाके में सघन अभियान चलाने से उस क्षेत्र के ग्रामीणों को राहत मिल रही है।

### कब-कब बनाया गया निशाना

11 जनवरी, 2023 : चाईबासा के टोटों थाना क्षेत्र में इस साल पहली बार 11 जनवरी, 2023 को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। इसी ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम ब्लास्ट हुए। जिसमें छह सीआरपीएफ के जवान जख्मी हुए थे। जख्मी जवानों को इलाज के लिए रांची में भर्ती कराया गया था।

13 जनवरी, 2023 : नक्सलियों के द्वारा आईईडी ब्लास्ट के बाद भी पुलिस की कॉबिंग ऑपरेशन चलता रहा है। 12 जनवरी से लेकर 13 जनवरी को एक बार फिर आईईडी ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया गया, हालांकि इस विस्फोट में कोई हताहत नहीं हुआ था।

22 दिनों में नक्सलियों ने आठ से दस बार आईईडी ब्लास्ट किया

22 दिनों से चल रही सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने आठ से दस बार आईईडी विस्फोट किया। इसके पूर्व मंगलवार को आईईडी विस्फोट हुआ था।

## बजट पर प्रतिक्रिया

### देश को भुखमरी की ओर धकेलने वाला बजट : भाकपा माले

**रांची। भाकपा** माले ने कहा है कि बजट व्यापक आबादी के लिए भुखमरी और अतिधनाढ्यो के हाथों में संपत्ति का केंद्रीकरण बढ़ानेवाला है। इस बजट में रोजगार के सवाल को ही गायब कर दिया गया है।मनरेगा के लिए आबंटित राशि 60000 करोड़ अब तक का न्युनतम आबंटन है। बजट में टैक्स सीमा 5 लाख से 7 लाख किया जाना मध्यम वर्ग को झांसापप्ती देने के अलावे कुछ नहीं है। फसलों के समर्थन मूल्य की मांग पर विचार करने से इंकार करने की मोदी की जिद भी इस बजट में दिखाई पड़ती है। जनता पर अप्रत्यक्ष करों के बोझ को बढ़ाया गया है। धनाढ्यों और कॉरपोरेटों को इस बजट में प्रोत्साहन के नाम पर छूट मिली हैण अडाणी घोटाले के इस दौर में बैंकों के बढ़ते एनपीए और कॉरपोरेट घोटालों को लेकर बजट में कहीं जिक्र तक नहीं है। इसके प्रति सतर्कता के भी कोई लक्षण नहीं हैं। बजट में ग्रामीण विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी खासी कटौतियां की गई।

### आज से चलेगी रांची-विलुप्पुरम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए रांची-विलुप्पुरम रांची साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 08068 रांची-विलुप्पुरम साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 3/02/2023 से 24/02/2023 तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 08067 विलुप्पुरम-रांची साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 07/02/2023 से 28/02/2023 तक प्रत्येक मंगलवार को विलुप्पुरम से प्रस्थान करेगी। कुल 4 ट्रिप चलने वाले इन ट्रेनों में एसएलआर/डी के 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच एवं द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 16 कोच, कुल 22 कोच होंगे।

### जमीन विवाद में युवक को मारी थी गोली, गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने जमीन विवाद में राजू साहू उर्फ राजकुमार साहू को गोली मारकर जख्मी करने के आरोप में मोहन शर्मा को गिरफ्तार किया है। मोहन शर्मा को पुलिस ने सुखदेवनगर एरिया के किशोरगंज से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से गोली चालन में प्रयुक्त कटटा को भी बरामद किया है। इस मामले में तीन अन्य युवकों की तलाश जारी है। गौरतलब हो कि राजू साहू उर्फ राजकुमार साहू को 21 जनवरी को कांके होचर में अज्ञात अपराधिकर्मियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया था। गोली मारने के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया था। जख्मी युवक राजू साहू को इलाज के लिए मेडिका में भर्ती कराया गया था। मुख्यालय प्रथम डीएसपी मूमल राजपुरोहित, कांके थाना प्रभारी संजीव कुमार ने टीम गठित कर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस के समक्ष आरोपी मोहन शर्मा ने बताया कि राजू साहू के साथ उसका जमीन विवाद चल रहा था। जमीन विवाद के कारण ही उसका रेकी कर उसे गोली मारी गई थी।

### चैम्बर भवन में बजट पर परिचर्चा छह को

**रांची।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंड्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) रांची शाखा के तत्वावधान में चैंबर भवन कडरू में छह फरवरी सोमवार को अपराह्न 3:00 बजे से बजट-2023 पर परिचर्चा प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कीनोट एड्रेस सीए रधु कौशल होंगे। उक्त जानकारी जेआईटीबीए अध्यक्ष सीए संदीप गाड़ोदिया, अध्यक्ष सीए सुब्रत दास गुप्ता, सीए आनंद पसारी, सीए ज्योति पोद्दार ने संयुक्त रुप से दी।

### पुलिसकर्मी पर हमला करने का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**रांची।** जगन्नाथपुर एरिया के कचनारटोली में पुलिसकर्मियों पर हमला करनेवाले मास्टरमाइंड फिरोज समेत दो आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस पर हमला करने के बाद आरोपी मो फिरोज खूंटी फरार हो गया था। हटिया डीएसपी राजा मित्रा व उनकी टीम ने खूंटी से आरोपी को पकड़ा है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी अभियान चला रही है। गौरतलब हो कि मंगलवार को मो फिरोज और उसके परिवार वालों ने पुलिस पेट्रोलिंग टीम पर हमला बोल दिया था। इस हमले में एक एसआई और एएसआई जख्मी हो गए थे।

### राजद कार्यालय में मनाया गया स्व जगदेव प्रसाद की जयंती

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को बिहार लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती पर उन्हें याद किया गया। युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव ने माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया।श्री विशाल ने कहा कि स्व जगदेव प्रसाद कुशवाहा एक महान पत्रकार, साथ ही राजनीतिक दूरदर्शी थे। वे हमेशा शोषित समाज की भलाई के बारे में सोचा। इसके लिए उन्होंने पार्टी तथा विचारधारा किसी को महत्त्व नहीं दिया। वे नये-नये तथा जनवादी नारे गढ़ने में निपुण थे। सभाओं में जगदेव बाबू के भाषण बहुत ही प्रभावशाली होते थे। सभी युवा को स्व बाबू जगदेव प्रसाद से सीखना चाहिए की समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके इसको घर-घर पहुंचाने का काम करें । मौके पर मनोज पांडेय, संतोष राम, मंतोष यादव, धर्मेंद्र सिंह, शालिग्राम पांडे, सीएल राय, निशार आदि मौजूद थे।

### खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए सम्मानित

**रांची।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा खेलगांव, रांची में 31 जनवरी को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में 400 मी दौड़ (पुरूष)में छावी नागेसिया प्रथम, सिकंदरा गगराई द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार सोमा पूर्ति को मिला। वहीं, सीनियर वेटरन 100 मी० दौड़ (पुरुष)में प्रथम एस के शुक्ला एवं द्वितीय उमेश प्रसाद यादव हुए। जूनियर वेटरन 100 मी दौड़ (पुरूष)में संजय कुमार साह हुए प्रथम।जूनियर वेटरन 100 मीण दौड़ (पुरूष)प्रतिस्पधाओं में प्रथम संजय कुमार साह एवं द्वितीय विजेता जयप्रकाश किशन हुये। 5000 मी दौड़ ;(पुरूष) में प्रथम स्थान राकेश सिंकू,द्वितीय भानू प्रताप प्रधान एवं तृतीय स्थान सुरेश टेटे को मिला। सीनियर वेटरन 400 मीण चल दौड़ प्रतिस्पर्धा में प्रथम अर्जुन बड़ाईक एवं द्वितीय विजेता गोरखनाथ यादव रहे। वहीं 800 मी दौड़ में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय विजेता क्रमशः छावी नागेसिया, जयदेव मरांडी, मुकेश कुमार बने। सीनियर वेटरन 400 मीण चल दौड़ ;महिला में प्रथम विजेता विनीता मुंडा हुईं। वहीं,100 मीण दौड़ ;महिला प्रतिस्पर्धा में प्रथम रूपा कुमारी, द्वितीय सरिया सोरेन एवं तृतीय पुष्पा बाखला हुईं। 1500 मी0ण्दौड़ ;पुरुष, में राकेश सिंकू को प्रथम, छावी नागेसिया को द्वितीय एवं कुमार शशि भूषण को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं 100 मीण्दौड़ ;पुरुष, की बात करें तो सिकंदरा गगराई प्रथम एवं छावी नागेसिया द्वितीय हुए। वहीं जूनियर वेटरन 100 मी दौड़ ;महिला में प्रथम संगीता मुंडु हुईं।

### नियुक्ति विज्ञापन रद्द होने से अभ्यर्थियों ने घेरा जेएससी ऑफिस



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 12 नियुक्तियों के विज्ञापन को रद्द करने के बाद युवाओं में हताशा और आक्रोश हैं। उन्हें एक बार फिर अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा है। बताते चलें कि 1 फरवरी 2023 को जेएसएससी के द्वारा एक सूचना जारी कर 12 नियुक्तियों के विज्ञापन को रद्द कर दिया गया है। जितने भी एग्जाम कैलेंडर जारी किए गए थे, उन तमाम विज्ञापनों को नियोजन नीति परिभाषित नहीं होने के कारण रद्द कर दिया गया है। बता दें कि 12 विज्ञापनों में 7952 पदों के लिए करीब 25 लाख आवेदन दिए गए थे। अभ्यर्थी गुलाम हुसैन ने कहा कि राज्य के करीब 25 लाख युवाओं के साथ धोखा और नाइंसाफी हुई है। वह खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। झारखंड के युवा किसी भी परीक्षा की तैयारी चार-पांच साल तैयारी करते हैं, और फिर उस विज्ञापन को रद्द कर दिया जाता है। झारखंड सरकार यथाशीघ्र नियोजन नीति को परिभाषित कर परीक्षाएं संपन्न कराये ताकि झारखंड में बढ़ रही बेरोजगारी दर को नियंत्रित किया जा सके। वे खुद जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थी हैं, और उनका कहना है कि जूनियर इंजीनियर की परीक्षा दो बार स्थगित हो चुकी है। पहली बार पेपर लीक के कारण और इस बार नियोजन नीति नहीं बनने के कारण अब क्या गारंटी है कि तीसरी बार परीक्षा आयोजित होगी और रिजल्ट आएगा।

## आज का राशिफल 03-02-2023

मेष : विदेश जाने वालों को आज खुशखबरी मिल सकता है। समय अनुकूल है। कार्य सिद्धि होगा। यह समय भाई बहन के लिए कुछ करने का समय है। मेहनत का फल मिलेगा।

बृष : कोई चोट मोच की संभावना है। आत्मसम्मान बना रहेगा। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे। दुष्टजनों से सावधान रहें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

मिथुन : शुख में बृद्धि होगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

कर्क : अपनो के मानसिकता में कुछ बदलाव हो सकता है। सही कार्य मे खर्च होगा। मन मे अनजान भय होगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में समस्याएं रहेंगी। यात्रा यथासंभव टालें।

सिंह : आय तो होगा पर आलस के चलते कमी होगा।आलस त्यागे। यह मुसीबत खड़ा कर सकता है। बाजू में दर्द हो सकता है। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी।

कन्या: किसी अधिकारी वर्ग से कोई कार्य बन सकता है। समय अच्छा है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ फल देगा। यह समय घर परिवार की चिंता का भी समय होगा। कर्म के बल से दुनिया को झुकाया जा सकता है। बस प्रयास की जरूरत है।

तुला : धर्म मे मन लगेगा। समय और धन को बचाना ही सबसे बड़ा समय का मांग है। साथ ही धर्म के खिलाफ जाने का मन होगा। नौकरी में चैन रहेगा।

वृश्चिक : मानसिक रूप से थकान होगा। साथ ही स्वास्थ्?य भी कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

धनु : ब्यापार से लाभ का उम्मीद है। अपनो से किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है। मन मे शक की भावना होगा। वाहन चलाने से बचें। नए काम मिल सकते हैं। नौकरी में अधीनस्थ कर्मचारी सहयोग करेंगे।

मकर : मौसम के मार से बचें कोई रोग हो सकता है। प्रमाद न कर भरपूर प्रयास करें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। धनलाभ सहज होगा।

कुंभ : कोई बदलाव के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। शिक्षा में पर समय और अपनी बारी का इंतजार करना चाहिए। गलत दोस्त के चलते पढ़ाई और प्रतिष्ठा में कमी होगा।

मीन : दिन उलझन वाला है, कोई मानसिक तनाव होगा। पर आपको नई कार्य और शुख का सामान मिलेगा। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

# लगाये गये स्मार्ट मीटर की होगी जांच गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई : मनीष कुमार

## जेबीवीएनएल के कॉमर्शियल निदेशक ने एजेंसी और वेंडरों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के कॉमर्शियल निदेशक मनीष कुमार ने स्मार्ट मीटर को लेकर एजेंसी जीनस और वेंडरों के साथ मीटिंग की। बैठक में रांची में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर में लापरवाही एवं गड़बड़ी पर नाराजगी जतायी है।

उन्होंने एजेंसी द्वारा उपभोक्ता के प्रतिष्ठान में लगाये जाने वाले स्मार्ट मीटर का सर्वे डाटा से मिलान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के समय यदि कोई गड़बड़ी पायी जाती है, तो इसकी सूचना संबंधित जेई, एई, कार्यपालक अभियंता को देकर एवं उनकी सहमति के बाद ही मीटर लगायें।



उन्होंने कहा कि उपभोक्ता के घर या परिसर में स्मार्ट मीटर लगाये जाने के समय ही मीटर पैनल आदि को सील कर दिया जाये। प्राथमिकता के साथ शहरी क्षेत्र के खराब मीटर को पहले बदला जाये। मिशन मोड में एजेंसी द्वारा टीम बनाकर वैसे टावर, एलटीआइएस, हाई वैल्यू कंज्यूमर के परिसर में स्मार्ट मीटर लगायें, जिनका मीटर खराब है।

उन्होंने कहा कि लगाये जा रहे मीटर को जल्द से जल्द अपलोड करें, ताकि उनकी बिलिंग की जा सके। मुख्यालय के कंट्रोल रूम से वैसे उपभोक्ता को फोन कर फीडबैक लिया जायेगा, जिनके जहां स्मार्ट मीटर लगा दिया गया है। विभाग द्वारा टीम बनाकर वैसे परिसर की जांच करायी जायेगी, जहां स्मार्ट मीटर लगाया गया है। यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी पायी जाती है, तो संबंधित एजेंसी एवं अधिकारी पर कार्रवाई की जायेगी। उपभोक्ता के परिसर में मीटर का अधिष्ठापन वैसी जगह किया जाये, जहां नेटवर्क आदि की समस्या न हो। उपभोक्ता द्वारा मीटर लगाने में गड़बड़ी संबंधित शिकायत मुख्यालय के कंट्रोल रूम के नंबर 1912, 18001238745, 18003456570 पर दर्ज किया जा सकता है।

**उपभोक्ता यहां दर्ज करा सकते हैं मीटर लगाने में गड़बड़ी संबंधी शिकायत**

मुख्यालय के कंट्रोल रूम का नंबर - 1912
18001238745
18003456570

# आइसीएआर देश में कृषि शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करने को प्रयासरत : डॉ पाठक

## बीएयू के बहुउद्देशीय परीक्षा केंद्र का आइसीएआर महानिदेशक ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आइसीएआर) नयी दिल्ली के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक ने गुरुवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय परीक्षा केंद्र का उद्घाटन किया। वैदिक मंत्रोचारण एवं विधि विधान के साथ केंद्र का उद्घाटन हुआ। करीब 50 लाख की लागत से बने इस परीक्षा केंद्र की कुल क्षमता करीब 300 है। इसे विश्वविद्यालय ने आइसीएआर से प्रदत्त डेवलपमेंट ग्रांट से बनाया है। मौके पर महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक ने कहा कि आइसीएआर संस्थान पूरे देश में कृषि शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में प्रयासरत है। स्वस्थ्य कृषि शिक्षा में क्लास रूम एवं प्रैक्टिकल लेबोरेटरी के साथ आधुनिक सुविधा से युक्त परीक्षा केंद्र का होना भी जरूरी है।

आइसीएआर का प्रयास है कि एक स्वस्थ्य माहौल में विद्यार्थी विभिन्न परीक्षाओं में शामिल हों। उन्हें केंद्र में सभी आधुनिक सुविधा उपलब्ध हों। उन्होंने विश्वविद्यालय में वर्षों से अधूरी पड़ी बहुउद्देशीय परीक्षा केंद्र के कार्य को पूर्णता प्रदान करने के लिए कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के कार्यों की सराहना की। मौके पर कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि नवनिर्मित बहुउद्देशीय परीक्षा केंद्र कुलसचिव के नियंत्रणाधीन होगा। विगत 5 वर्षो में छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी से परीक्षा के आयोजन में विश्वविद्यालय को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था. अब इस केंद्र का बहुउद्देशीय परीक्षा कार्यों में विवि के तीनों संकाय द्वारा किया जा सकेगा. मौके पर डॉ एसके पाल, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ एमएस मल्लिक, डॉ जगरनाथ उरांव, डॉ नरेंद्र कुदादा, डॉ डीके शाही, डॉ पीके सिंह, डॉ एसकर्मकार, डॉ अशोक कुमार, आफताब मोहसिन, अशोक पाठक सहित विवि के वरीय पदाधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी भी मौजूद थे।

# सिपेट में कौशल विकास प्रशिक्षण को काउंसलिंग का आयोजन

## कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिपेट रांची के तत्वावधान में गुरुवार को नगरीय प्रशासन निदेशालय, शहरी विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार द्वारा प्रायोजित डे एनयूएलएम के इएसटीएंडपी घटक अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रांची नगर निगम क्षेत्र के उम्मीदवारों का काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में रांची नगर निगम के शहरी मिशन प्रबंधक मणिकांत सिन्हा, किरण ग्लोरिया, श्रद्धा महतो, मयूर गहलोत तथा अन्य सामुदायिक आयोजक अपने अपने वार्ड के छात्रों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सिपेट रांची के निदेशक एवं प्रमुख प्रवीण बी बछाव के अभिवादन से हुआ। इसके बाद सिपेट रांची की ओर से सहायक तकनीकी अधिकारी मोहम्मद मासूम हैदर ने छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लगभग 88 छात्रों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। रांची नगर निगम क्षेत्र के छात्रों को सिपेट के सुविधाओं का भ्रमण कराया गया और उन्हें इस प्रशिक्षण कार्यक्रम जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का इंग्लिश ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल (सत्र 2022-2023) के छात्रों ने इंग्लिश ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के 40 छात्रों को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। इसमें जोनल टॉपर के अंतर्गत 13 बच्चों को मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त हुआ है। वहीं, 27 बच्चों ने मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किया है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। प्राचार्या जसमीत कौर ने बच्चों को उनकी इस सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई दी है।

**अत्यंत उत्कृष्ट करने वाले विद्यार्थी :** कृष्णवी स्वरूप कक्षा वन, रेनी बनर्जी कक्षा वन, वेदांत साईं कक्षा द्वितीय, अयान प्रसाद कक्षा तृतीय, ईशा आन्या कक्षा चतुर्थ, आरना जैन कक्षा पंचम, शान जारंग बोरो कक्षा षष्ठ, आरव प्रताप सिंह कक्षा सप्तम, मलक खान कक्षा अष्टम।

# खबर एक नजर में

## 24 शिक्षा पदाधिकारियों को टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 24 शिक्षा पदाधिकारियों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान व प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। इसकी अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।

## बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी से मिले झारखंड प्रदेश राजद के पदधारी

**रांची।** राजद नेता व बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के पदधारियों को झारखंड में संगठन का जनाधार बढ़ाने और पार्टी को मजबूत करने की दिशा में यथोचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। श्री यादव ने वर्ष 2024 में झारखंड में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के पदधारियों को रणनीति बनाने और तैयारियों में जुट जाने का भी निर्देश दिया है। इस संबंध में झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने बताया कि राजद नेता व बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को पटना में झारखंड प्रदेश राजद के पदधारियों को बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया था।

## शाश्वत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में हुआ स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम

**रांची।** हुटुप इरबा स्थित शाश्वत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में गुरुवार को स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्रबंधक डॉ आनंद ने महाविद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डाला। साथ ही, प्राचार्य डॉ बिनोद कुमार राय ने छात्रों को बेहतर परिणाम के लिए मेहनत करने की सलाह दी। इस प्रोग्राम में सेशन 2022-2024 सत्र के सारे बच्चे शामिल हुए और नये सत्र की पढ़ाई आरंभ हुई। मंच का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर ममता कुमारी ने किया।

## ओबीसी मोर्चा ने मनायी शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती

**रांची।** जगदेव प्रसाद क्रांतिकारी दूरदर्शी राजनेता थे। देश को विकसित करने के लिए समान शिक्षा के महत्व को समझा था और एक अभियान भी चलाया था। उन्होंने कहा था राष्ट्रपति का बेटा हो या चपरासी का संतान या हो ब्राह्मण भंगी का संतान सबको शिक्षा एक समान। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती के अवसर पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात कही।

## हकीकी मुसलमान बनें और जिंदगी को कुरआन व सुन्नत के मुताबिक गुजारें

**रांची।** 10 रज्जब बरोज जुमेरात खानकाह मजहरिया मुनअमिया डोरंडा रांची मे महान महफिल-ए- फातिहा गौस ए आजम का जेर सरपरस्ती जैब ए सज्जादा खानकाह हजरत पीर तरीकत अल्लामा अल्हाज सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी मुनअमी इनेकाद किया गया जिसमे हाफदत हाफरा मुसलमानों की जबो माली और अलिल पर मोजाकरा हुआ। फिर मुसलमानो की इल्मी व एखलाखी वा सियासी पसमांदगी भी मौजू मोजकरा रही। इस महफिल में हजरत मौलाना सैय्यद अबू राफे तीबरानी मंजरी साहब ने कहा कि हमें चाहिए कि उर्फी मुसलमान होने के बजाय हकिकी मुसलमान बनें और अपनी जिंदगी को कुरआन वा सुन्नत के मुताबिक गुजारें।

## रांची कैंसर हॉस्पिटल में दो दिवसीय विशेष जांच शिविर 4 से

**रांची।** वर्ल्ड कैंसर डे के मौके पर टाटा ट्रस्ट्स से सहयोग-प्राप्त कांके स्थित रांची कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में नि:शुल्क विशेष जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिन के 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होने वाले इस विशेष जांच शिविर (स्पेशल स्क्रीनिंग कैम्प) में ओरल (मुख), ब्रेस्ट (स्तन) और सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर की जांच मुफ्त में की जाएगी। जो लोग 30 साल से ज्यादा उम्र के हैं या जिनके परिवार में किसी सदस्य को कैंसर हो चुका है या जिन्हें कैंसर के संभावित लक्षण हैं, वे इस विशेष जांच शिविर में मुफ्त जांच सेवाओं का लाभ उठाकर अपना परीक्षण करवा सकते हैं। मुफ्त जांच हेतु रजिस्ट्रेशन के लिए 0651 - 2710010, 1800 313 4922 कॉल करना होगा।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तलाब का वार्षिक उत्सव मना

**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तलाब का सतावां वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन भक्तों के जयकारों से गूंज उठा पूरा मंदिर परिसर। जैसे -जैसे दिन चढ़ रहा था, वैसे-वैसे भक्तों की संख्या मां के दर्शन करने के लिए पहुंच रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत शेरा वाली मैया का महास्नान मन्त्रोंचारण के साथ किया गया।इसके बाद दुर्गा सप्तमी पाठ, उसके बाद मां का भव्य श्रृंगार फूल-पतियों से किया गया। इसके बाद हवन, आरती, पुष्पाजलि, भंडारा का महाभोग अर्पण किया गया। इसके बाद महाभंडारा का प्रसाद वितरण किया गया। महाआरती के बाद समापन किया गया।

## ख्रिस्तान डेरा महोत्सव की डॉक्यूमेंट्री फिल्म शूट करने को स्टूडेंट्स पहुंचे बिलसेरेंग

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज मास कम्युनिकेशन एंड वीडियो प्रोडक्शन (एमसीवीपी)विभाग के प्रो तेज मुंडू के निर्देशन में डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई जा रही है। यह फिल्म ऐतिहासिक ख्रिस्तान डेरा महोत्सव पर आधारित है। इसमें इस जगह के इतिहास, वर्तमान, धार्मिक पर्यटन स्थल, इसका महत्व,विश्वास,आस्था, झारखंड का अतुलनीय स्थल को दिखाया जायेगा। बिलसेरेंग में डॉक्यूमेंट्री शूटिंग के दौरान लाखों की भीड़, खूबसूरत वादियां, रीति रिवाज, तैयारियां, प्रकृति की गोद में बसा धार्मिक पर्यटन स्थल आदि के विभिन्न पहलुओं की शूटिंग 1 फरवरी को की गई।

## मैक्लुस्कीगंज के नवाडीह गांव में डालसा का डोर-टू- डोर प्रोग्राम

**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार, झालसा कैलेंडर के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची द्वारा खलारी प्रखंड के मैकलुस्कीगंज के नवाडीह गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में पैनल लॉयर, बिरेंद्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता प्रभाकरण मुंडा, पीएलवी सतीश कुमार, उमेश कुमार, तनवीर अंसारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डालसा की तैयारी जोरों पर

रांची। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर व्यवहार न्यायालय, रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को होना सुनिश्चित हुआ है। लोक अदालत की प्री-काउंसेलिंग बैठक जारी है, जो आगामी 10 फरवरी तक चलेगी। इसको लेकर डालसा की तैयारी जोरों पर हैं।

# राप्रसे के 64 अफसर अपर समाहर्ता के पद पर प्रोन्नत-पदस्थापित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के 64 अनुमंडल पदाधिकरियों को अपर समाहर्ता के पद पर प्रमोशन दिया गया है। इसके साथ ही इन्हें पोस्टिंग भी दे दी गई है। इसे लेकर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। ज

ारी अधिसूचना के अनुसार फिलिबयूस बारला को जिला परिवहन पदाधिकारी दुमका, अजय कुमार तिर्की जिला परिवहन पदाधिकारी जामताड़ा, सुधीर कुमार दास अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, राजीव रंजन जिला आपूर्ति पदाधिकारी जमशेदपुर, कुंदन कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सरिया, बासुदेव प्रसाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी गोड्डा, विनोद कुमार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग, हरिवंश पंडित अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़, राजेश कुमार सिंह जिला परिवहन पदाधिकारी धनबाद, संतोष कुमार गर्ग जिला परिवहन पदाधिकारी साहेबगंज अतिरिक्त प्रभार पाकुड़, जया रेंचल मिंज अवर सचिव श्रम विभाग, रामनारायण सिंह रंका, सागर कुमार विशेष दंडाधिकारी, निगरानी ब्यूरो, अलका कुमारी सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी हजारीबाग, सुदर्शन मुर्मू जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगढ़, रविंद्र गगराई भूमि सुधार उप समाहर्ता धालमूमगढ़, पुनम कच्छप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सिमडेगा, हेमा प्रसाद जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिडीह अतिरिक्त प्रभार गिरिडीह, रौशन कुमार साह अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल, रोहित सिन्हा जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिडीह बनाया गया है।

इसके अलावा, संजय कुमार दास जिल आपूर्ति पदाधिकारी पाकुड़, रजनीश कुमार उपनगर आयुक्त रांची नगर निगम, श्वेता सहायक निदेशक भविष्य निधि निदेशालय, राजीव कुमार सिंह भूमि उप समाहर्ता रांची, जय वर्द्धन कुमार भूमि उपसमहर्ता साहेबगंज, रामकृष्ण कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, अमित कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवघर, कुमारी गीतांजली जिला आपूर्ति पदाधिकारी बोकारो, अरविंद कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी हजारीबाग, राहुल जी आनंद जी अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज, मनीष कुमार जिला परिवहन पदाधिकारी लोहरदगा, ज्ञानेंद्र बीडीओ धनबाद सदर, महेंद्र कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा, उषा मुंडू कार्यपालक दंडाधिकारी खूंटी सदर, प्रेम कुमार तिवारी अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद, संतोष सिंह जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहतार अतिरिक्त प्रभार चतरा, संजीव कुमार लाल आप्त सचिव संसदीय कार्य विभाग, शहंशाह अली खान मुख्य प्रशासी पदाधिकारी झारखंड भवन दिल्ली, सुमन पाठक उप निदेशक हिंदी एटीआई, विद्या भूषण कुमार अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग, गौतम कुमार भगत जिला आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह, अजय कुमार साव अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, प्रवीण कुमार प्रकाश जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, मो मुमताज अंसारी अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, गुलाम समदानी जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुमला, मनीषा तिर्की विशेष विनियमय पदाधिकारी रांख, शैलेंद्र कुमार रजक जिला परविहन पदाधिकारी देवघर, विशालदी खलखो अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडह, रंजीत लोहरा अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल, शंकर एक्का अनुमंडल पदाधिकारी जगरनाथपुर, राकेश कुमार व्याख्याता सर्ड, मोनी कुमारी बीडीओ पत्थलगढ़ा, रामा रविदास सीओ चंदनक्यारी, प्रीति किस्कू जिला आपूर्ति पदाधिकारी पलामू, पुनम कुजूर अनुमंडल पदाधिकारी बरही, अमित बेसरा कार्यपालक दंडाधिकारी लोहरदगा, शशींद्र कुमार बड़ाईक अनुमंडल पदाधिकारी चाईबासा, विजय सिंह बिरूवा जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला, मोनिका रानी टुटू उपनिदेशक डा रामदयाल मुंडा शोध संस्थान, सरोजनी एनी तिर्की अंचल अधिकारी राजमहल, सत्यवीर रजक अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला, रंजीत टोप्पो जिला आपूर्ति पदाधिकारी खूंटी, लीली एनोला लकड़ा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रामगढ़ बनाये गये हैं।

## सीआइटी की 3 छात्राओं का कनाडा की कंपनी में सेलेक्शन

**रांची।** सीआइटी के तीन छात्राओं का कैंपस सलेक्शन हुआ है। बहुराष्ट्रीय कंपनी मैग्मा ऑटोमेटिव प्रा. लि ने इनका चयन लिखित व वर्चुअल मोड में इंटरव्यू के बाद किया। चयनित विद्यार्थियों में राशि कुमारी व अंजली कुमारी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा है, जबकि ज्योति कुमारी मैकेनिकल इंजीनियरिंग की छात्रा है। मीडिया सेल प्रभारी प्रो रितु कुमारी ने बताया की नियोक्ता कंपनी मोटर पार्ट्स के निर्माण से जुड़ी है। कंपनी का हेड ऑफिस कनाडा में है। मालूम हो की चयनित विद्यार्थियों की पोस्टिंग जलगांव पुणे में होगा।

## आर्द्रभूमि दिवस पर निकली जागरूकता रैली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गुमला।** गुरुवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर गुमला के केओ कॉलेज के वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जंतु विज्ञान के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली वन तालाब से प्रारंभ होकर एसपी कोठी, पटेल चौक टॉवर चौक, पालकोट रोड होते हुए केओ कॉलेज में समाप्त हुआ। रैली को हरी झंडी दिखाकर गुमला के डीएफओ अख्तर वेलाल अनवर ने रवाना किया। मौके पर के ओ कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रसंजीत मुखर्जी, रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर चेतर तिर्की एवं जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ अंशुमिता शेखर उपस्थित थे। मौके पर डीएफओ श्री अनवर ने कहा कि आद्र भूमि का संरक्षण का महत्व बढ़ जाता है। आद्र भूमि के पारितंत्र कई तरह की सेवाएं प्रदान करती है यथा जल का शुद्धिकरण, बाढ़ का नियंत्रण, जैव विविधता का संरक्षण, भोजन स्वच्छ जल एवं इंधन जैसे संसाधनों का उपलब्ध कराना। केओ कॉलेज के वनस्पति विज्ञान के अध्यक्ष डॉक्टर प्रसंजीत मुखर्जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आद्रभूमि क्षेत्र का संरक्षण आवश्यक एवं अति महत्वपूर्ण है।

## खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के प्रमुख महंत रांची पहुंचे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के प्रमुख महंत मोहनदास जी महाराज राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को पधारे। उनके आगमन को लेकर भक्त काफी उत्साहित थे। बता दें कि उन्होंने ही इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। महंतजी ने बाबा श्याम के दरबार में मत्था टेका एवं गर्भगृह प्रवेश करके पंचमेवा का भोग अर्पित किया। श्री श्याम मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा ने मोहनदास जी के निदेर्शानुसार भोग चढ़ाया। मंदिर पहुंचते ही अध्यक्ष सुरेश रावल के नेतृत्व में भक्तों ने उनका स्वागत किया। महंत मोहनदास ने श्री श्याम मित्र मंडल के 51वें स्थापना दिवस व फाल्गुन महोत्सव के पंच दिवसीय आयोजन के पोस्टर का पूजन करके उसका लोकार्पण किया। इसके बाद वे अंबिकापुर छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्थान कर गये। ज्ञात हो कि फाल्गुन माह में पूरे देशभर में खाटू नरेश के बड़े-बड़े महोत्सव होते हैं।



# साइबर सिक्योरिटी कोर्स को सप्लीमेंट्री एमओयू के ड्राफ्ट का प्रारूप अनुमोदित

## रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को कोर कमिटी की बैठक हुई। इसमें सबसे पहले इस बैठक में पिछली कोर कमिटी के बैठक की अनुपालन प्रतिवेदन की पुष्टि की गयी। इसके अलावा अन्य प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गयी और निर्णय लिये गये।

बैठक में साइबर सिक्योरिटी कोर्स के लिए सप्लीमेंट्री एमओयू के ड्राफ्ट का प्रारूप अनुमोदित किया गया। निदेशक आईएलएस की नियुक्ति के लिये फिर से



विज्ञापन निर्गत करने का निर्णय लिया गया। एसएस मेमोरियल कालेज, डोरंडा कालेज और मारवाड़ी कालेज में सीट बढ़ाने के प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी। बीएड एवं अन्य कालेजों के शिक्षकों के लिये आकस्मिक अवकाश में वृद्धि के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। व्यावसायिक कोर्सों में छात्रों के 75 प्रतिशत उपस्थिति को अब सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया है। आईएलएस और एमसीए में लैंग्वेज लैब स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अन्य संबंधित विषयों पर निर्णय लिये गये। इस बैठक में कुलपति के साथ एफए देवाशीष गोस्वामी, डीएसडब्ल्यू डॉ.जीएस झा, कुलसचिव डॉ.मुकुंद चंद्र मेहता, एफओ डॉ एकेएन शाहदेव, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह, कोर्डिनेटर फिनांस डॉ बीके देवघरिया उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू में जल्द होगा पूर्ववर्ती छात्रों का महाजुटान

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) सभागार में गुरुवार को पूर्ववर्ती छात्र मिलन के तहत वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में बैठक हुई। आयोजित की गई। डीएसपीएमयू के आईक्वैक इकाई के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने कहा कि अब विश्वविद्यालय और पूर्व में रांची कॉलेज का अतीत एक गौरवशाली इतिहास का सूचक रहा है। यहां से शिक्षा प्राप्त विद्वतजनों ने न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी ज्ञान और विद्वता के माध्यम से इस संस्थान की पहचान स्थापित की है।

स्पीड न्यूज

## कांग्रेस के रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



पिठोरिया। ग्रामीण कांग्रेस रांची जिला के कार्यकारी जिला अध्यक्ष पिरुतोला निवासी ऐनुल हक अंसारी ने कांग्रेस पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्य से अपना इस्तीफा दे दिया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को इस्तीफा पत्र भेज दिया गया है। गुरुवार को पिठोरिया कोनकी चौक में एक संवाददाता सम्मेलन कर खुद ऐनुल हक अंसारी ने इसकी जानकारी दी। मौके पर ऐनुल हक अंसारी ने कांग्रेस पार्टी के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुवे कहा कि वर्तमान झारखंड कांग्रेस कमिटी, पार्टी के विचारधारा से भटक चुकी है। मेरे इस्तीफा देने से बाकी कांग्रेस के सच्चे सिपाहियों को अगर पार्टी में उनके सही सम्मान मिले तो मुझे बहुत खुशी होगी।

## सिल्लीः एक एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट

सिल्ली। सिल्ली पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के अजय गढ़ इलाके के जंगलों में करीब एकड़ जमीन पर लगाए गये अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि अजयगढ़ के जंगलों के निकट अफीम की अवैध खेती किये जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद थाना प्रभारी आकाशदीप ने पुलिस बल के साथ खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया है कि खेती किसने लगायी है इसका पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि सिल्ली के कुछ अन्य इलाके में भी अफीम की खेती किये जाने की सूचना है। इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## बेड़ोः युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत खुखरा पंचायत के रतन टोली में एक युवक ने कपड़े का फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार शाम की है। युवक विजेंद्र प्रसाद उम्र लगभग 34 वर्ष पिता सालन प्रसादए बलरामपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। जो वर्तमान में अरगोड़ा हरमु खटाल के पास रहकर पेंट पुट्टी का कार्य करता था। बिजेंद्र अपने परिचित के यहां रतन टोली खुखरा आया हुआ था। आत्महत्या के कारणों का पता नही चल पाया है। वहीं पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इधर नरकोपी पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह का पता चल सकेगा। वहीं पुलिस छानबीन कर रही है।

## इटकी में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो 9 से

इटकी। इटकी प्रखंड में 9 फरवरी से कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की जायेगी। इटकी प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में गुरुवार को प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला व प्रदेश कमेटी के कार्यक्रम प्रभारियों की उपस्थिति में उक्त निर्णय लिये गये। 9 फरवरी को इटकी प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय झंडा फहरा कर अभियान की शुरुआत की जाएगी। यात्रा प्रखंड से साहेब मोड़, त्रिविंधा चौक, गुलजार रोड, बाजार प्रांगण होते हुए इटकी स्टेशन पहुंचेगी, जहां समापन होगा। यह अभियान दो माह तक चलेगा।

## बचरा फुटबॉल मैदान में शिल्प मेला आज से

पिपरवार। उरांव महिला विकास समिति के द्वारा बचरा चार नंबर फुटबॉल ग्राउंड में भारतीय शिल्प व्यापार मेला का आयोजन किया गया हैद्य मेला का उद्घाटन शुक्रवार को संध्या पांच बजे पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय, पिपरवार एजीएम एन सेनापति, पिपरवार कार्मिक व प्रशासनिक पदाधिकारी आलोक मनीष सोए आदि अतिथियों के द्वारा किया जाएग। इसमें वस्त्र मंत्रालय के लगभग 75 कुशल शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे। यह मेला 17 फरवरी तक प्रतिदिन लगेगा। मेला शाम छह से आठ बजे रात्रि तक लगेगा। मेला में छोटे-छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला भी लगाया गया है।

# अनगड़ाः सड़क दुर्घटना में दो छात्रों की मौत, एक घायल

**एक बाइक पर सवार थे तीनों छात्र, ट्रेलर से टक्कर के बाद चार किमी तक घिसटा शव**





खबर मन्त्र संवाददाता

अनगड़ा। रांची पुरुलिया सड़क पर अनगड़ा थाना क्षेत्र के गोन्दली पोखर नील गगन होटेल के समीप बुधवार को देर रात एक दर्दनाक सड़क दूर्घटना में बाईक सवार दो स्कूली छात्र की मौत हो गयी जबकि एक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक छात्र का नाम आकाश महतो 17 वर्ष पिता शंकर महतो तथा कृष्णा मुंडा (18 वर्ष), पिता विनेश मुन्डा बताया गया है। दोनो थाना क्षेत्र के मासू गांव के थे जबकि घायल रूपेश मुंडा 18 वर्ष सुगनू कादी टोला का निवासी है जो मासू मे ही अपना नाना पंसस मदरा मुन्डा के साथ रहता था। घटना रात 11.21 बजे की बतायी गयी है। तीनो छात्र एक बाइक पर सवार होकर मासू से गोन्दली पोखर की ओर जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से टाटी सिलवे की ओर जा रही एक टेलर ट्रक के चपेट में तीनोंआ गए। टेलर की चपेट मे आते हीं एक छात्र बाईक से छिटक कर सड़क पर गिर गया जबकि दो छात्र बाइक के साथ टेलर मे फंस गए जिन्हे घसीटते हुए टेलर काफी दूर ले गया। एक छात्र करीब आधा किलो मीटर दूर घसीटते हुए चला गया जबकि दूसरा युवक को घसीटते हुए टेलर करीब चार किलोमीटर दूर ले गया, जबकि बाईक टेलर में फंस कर रगड़ाते हुए करीब पांच किलोमीटर दूर में दो टुकड़ों मे तबदील हो कर गिरा।

मृतक दोनो छात्रों का शव सड़क पर टेलर के साथ घसीटाने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था । टेलर रात होने का लाभ उठा कर फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलने पर शव एव घायल छात्र को इलाज के लिए ग्रामीणो के सहयोग से रिम्स पहुंचाया गया। बाइक सवार तीनो किशोर हेसल खोपी सरना स्कूल हेसल मे दसवीं के छात्र बताए गए हैं। सुबह दोनो छात्रों की मौत की खबर से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया । परिजनो का रो रो कर बुरा हाल था । वृहपपतिवार देर शाम स्वर्णरेखा नदी के किनारे दोनों छात्रों का अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

## बेड़ोः छात्रा को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत



बेड़ो। कहते है मौत कब और कहां आ जाए इसे कोई नहीं जानताए ऐसा ही हुआ बेड़ो थाना क्षेत्र के सांई मंदिर जाने वाली सड़क पर पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ प्रवीण चंद्र के आवास के समीप गुरुवार की अपराह्न लगभग ग्यारह बजे बिना नंबर के ट्रैक्टर की चपेट में आने से नेहालु घाट टोली बेड़ो निवासी 20 वर्षीय छात्रा सुमंती कुमारी पिता बिरसा उरांव की दर्दनाक मौत हो गई। जिसे थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद गंभीर रूप से घायल छात्रा को मृत घोषित कर दिया। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

## साइबर अपराधः रातू के एटीएम से 99,379 हजार की निकासी

**ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर अपराधी सक्रिय**

**● चट्टी चौक का है मामला, जांच जारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर अपराधियों की सक्रियता से बैंक उपभोक्ता न केवल परेशान, बल्कि भयभीत भी हैं। आये दिन लोग गिरोह के शिकार हो रहे हैं। बुधवार को आमटांड़ निवासी कुलेश्वर राम के 18 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार को निशाना बनाया गया। कार्ड बदलकर उनके खाते से 99379 हजार उड़ा लिये। घटना शाम करीब 6 बजे की है। जानकारी के अनुसार, श्रवण कुमार के माता-पिता का एसबीआई में ज्वाइंट खाता है। इसकी संख्या 30843400360 है। वह अपनी मां सरिता देवी के साथ चट्टी स्थित आईडीबीआई एटीएम में रुपये निकालने गये। वहां पहले से दो युवक थे। श्रवण ने जैसे ही कार्ड डालाए अचानक बिजली चली गयी। युवकों ने चालाकी से कार्ड बदल दिये। कुछ देर बाद मां-बेटा से घर चले गये।

### मैसेज आने पर उड़े होश

भुक्तभोगी के मोबाइल में 99,379 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। इससे श्रवण और उसके परिजनों के होश उड़ गये। कार्ड देखा तो वह बदला हुआ था। गुरुवार की सुबह थाने आकर दो अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## मांडर कॉलेज के विद्यार्थियों का धरना समाप्त



कुलपति से वार्ता करते बंधु तिर्की और छात्रगण।

खबर मन्त्र संवाददाता

मांडर। आंखिर कार अपने विभिन्न मांगों को लेकर मांडर कॉलेज के मेन गेट पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे विद्यार्थियों का प्रदर्शन गुरुवार की दोपहर समाप्त हो गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों से बात की और कहा कि इस बार एमए की परीक्षा बेड़ो कॉलेज में ही होगी। परंतु अगली बार से विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए होम सेंटर की ही व्यवस्था कराई जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों की जो अन्य समस्याएं कॉलेज को लेकर हैं। उन सभी का निराकरण एक माह के अंदर करा दिया जाएगा। कुलपति से आश्वासन मिलने के बाद विद्यार्थियों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। विद्यार्थियों के समर्थन में वहां पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि मांडर कॉलेज में दूरदराज के विद्यार्थी आते हैं। ऐसे में उनके लिए बेड़ो कॉलेज जाकर परीक्षा देना किसी भी सूरत में तर्कसंगत नहीं है। विश्वविद्यालय प्रबंधन को कोशिश करनी चाहिए कि अगल-बगल के स्कूलए इंटर कालेज, शिक्षण संस्थानों में ही परीक्षा को संचालित कराया जाए, परंतु इसमें आ रही तकनीकी समस्याओं से कुलपति द्वारा पूर्व विधायक को अवगत कराया गया, जिसके बाद वार्ता का दौर समाप्त हुआ।

वही पूर्व मंत्री ने कहा चार फरवरी को कुलपति की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री एवं क्षेत्र के विधायक के हाथों ऑन लाइन कॉलेज भावन का शिलान्यास होगा। जिसका लागत नौ करोड़ रुपया है। इससे कालेज में चार चांद लग जाएगा।

## बेड़ो सीएचसी कार्यालय पर अनुबंधकर्मियों ने दिया धरना

बेड़ो। बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यालय के मुख्य द्वार पर गुरुवार को स्वास्थ्य अनुबंध कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड राज्य कर्मचारी संघ के बैनर तले धरने पर बैठ गये। जहां उन्होंने झारखंड सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए धरना दिया। वही स्वास्थ्य कर्मियों के धरना देने से स्वास्थ्य सेवा पर असर पड़ा। सीएचसी की स्वास्थ्य व्यवस्था ठप हो गई। वैक्सीनेशन व जांच की सेवाएं प्रभावित हुई साथी ही ओपीडी सेवा भी प्रभावित हो रही है। सरकारी अस्पताल में वैक्सीनेशन व जांच की सुविधा प्रभावित होने से गरीबों को भारी परेशानी हो रही है। जहां पलमा इटकी से आई सुनम टोप्पो अपनी बेटी प्रिसाएबेड़ो जहानाबाज निवासी कांति देवी अपने बेटे अभ्यांस कूर्गी इटकी से आई रूही परवीन अपने बेटे अली को वैक्सीन दिलाने आई लेकिन उन्हें बिना वैक्सीन के ही वापस लौटना पड़ा।वही बेड़ो तेतर टोली की आरती कुमारी अपने बीमार बेटे सूर्यांश कच्छप बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। इस तरह साप्ताहिक गुरुवार बाजार होने के कारण दर्जनों लोगों बिना इलाज व बिना वैक्सीन वापस जाना पड़ा। वही अनुबंध पर काम कर रहे हैं स्वास्थ्य कर्मी अपनी नियमितीकरण और समायोजन को लेकर आंदोलन कर रहे है अस्पताल के मुख्य गेट पर अनुबंध आधारित कर्मी धरना पर बैठे हैं।

### एक नजर में

## मैक्लुस्कीगंज डॉन बॉस्को के शिक्षकों ने की बिहार के डिप्टी सीएम से मुलाकात



मैक्लुस्कीगंज। मैक्लुस्कीगंज स्थित डॉन बॉस्को एकेडमी के शिक्षकों ने बिहार राज्य के डिप्टी चीफ मिनिस्टर तेजस्वी यादव से मिले। जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को डॉन बॉस्को एकेडमी पटना में एकेडमी का 50 वर्ष सफलता पूर्वक पूरे होने पर गोल्डेन जुबली समारोह आयोजित किया गया था। समारोह में डिप्टी चीफ मिनिस्टर तेजस्वी यादव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह के पश्चात मैक्लुस्कीगंज डॉन बॉस्को एकेडमी से उक्त समारोह में शामिल शिक्षकों ने तेजस्वी यादव व उनके भाई बिहार राज्य लघु जल संसाधन, पर्यावरण व वन मंत्री तेजप्रताप से औपचारिक मुलाकात किया। श्री यादव ने मैक्लुस्कीगंज का वास्तु स्थिति से अवगत हुए शिक्षकों ने उन्हें मैक्लुस्कीगंज आने का न्योता भी दिया। मौके पर डॉन बॉस्को एकेडमी के निदेशक एंथोनी डी रोजरियो, वाईस प्रिंसिपल एरिक डी रोजरियो, मैक्लुस्कीगंज डॉन बॉस्को एकेडमी के सहायक प्रचार्य जोशी टीडी, केपी मोहंती, राजेश कुमार, राकेश शाह, टिके प्रसाद, केनेथ जेंनिंग्स शामिल थे।

## अधुरे पीएम आवास का बीडीओ ने किया निरीक्षण



तमाड़। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के मारधान पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना .ग्रामीण के तहत अधूरे पड़े आवास निर्माण कार्य का प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लाभुकों को जल्द ही आवास निर्माण कार्य करने का आदेश दिया। साथ ही लापरवाही करने वाले लाभुकों को फटकार लगाई एवं आवास निर्माण नही करने पर एक सप्ताह के पश्चात सर्टिफिकेट केश करने की चेतावनी दी। दो वर्ष पूर्व ही लाभुकों के खाते में चालीस हजार की राशि भेजी गई है। लेकिन लाभुकों द्वारा आवास कार्य शुरू भी नही किया गया है। वहीं कुछ लाभूक द्वितीय किस्त की राशि की निकाशी कर लाभुक आवास निर्माण पर रुचि नही दिखा रहे है। उन्हें आवास पूर्ण करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। इस अवसर पर परियोजना अर्थशास्त्री शन्नी दयाल शर्माए प्रखण्ड समन्वयक अविनाश कुमारएपंचायत सचिव राजेन्द्र बैठा, स्वयंसेवक विजय कुमार वंशीएआवास मित्र दिलेश्वर महतो एवं तमाड़ थाना की टीम आदि शामिल थे।

## मांडरः ब्राइट हॉप्स स्कूल में खेलकूद का आयोजन

मांडर। ब्राइट हॉप्स स्कूल, हेसमी मांडर में गुरुवार को एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में स्कूल के साथ.साथ अभिभावकों का सहयोग भी बराबर रूप से अनिवार्य है। इस कार्यक्रम में बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। खेलकूद की प्रतियोगिताओं में बच्चों के लिए बिस्किट रेस, मैथ्स रेस, बैलून रेस इत्यादि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार देव एवं रितिका कशिश ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियन स्कूल के रमन हाउस को घोषित किया गया। उपविजेता का खिताब स्कूल के न्यूटन हाउस को दिया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार, शिक्षक मुन्ना प्रसाद, चान्हो क्षेत्र के मुखिया सुकरा उरांव उपस्थित थे। मौके पर नागेश्वर सिंह, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद इस्लाम सहित स्कूल के सभी अभिभावक तथा शिक्षक शिक्षिकाएं तथा स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

## सीडीपीओ को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हुए मुक्त**



खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। प्रखंड हेसाडीह पंचायत के सितुमडीह गांव में गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 30 पर सेविका और सहायिका का चयन किया जाना था। सेविका-सहायिका चयन को लेकर सोनाहातू सीडीपीओ पूजा कुमारी पहुंच कर प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न कर जाने ही वाली थी।आमसभा में ग्रामीणों ने सीडीपीओ पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और घेर कर बंधक बना लिया।इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षक को पांच घन्टे तक बंधक बनाए रखा। इसकी सूचना पर पहुंची सोनाहातू थाना के पुलिस ने आक्रोशितों को काफी मश्कत से समझा कर शांत कराया।इसके बाद सीडीपीओ को मुक्त कराया।वहां मौजूद लोगों ने बताया कि आंगनबाड़ी परिसर में सेविका-सहायिका चयन के लिए आमसभा आयोजित की गई थी।इसमें ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सीडीपीओ एक विशेष अभ्यर्थी को मदद पहुंचाने की कोशिश कर रही हैएगलत तरीके से चयन प्रक्रिया कर भेजना चाहती थी। हालांकि सीडीपीओ पूजा कुमारी ने बताया कि लोगों के हंगामे व दबाब के कारण से आमसभा को निरस्त कर दिया गया है। जबकि आमसभा पूर्ण रूप से नियमानुसार किया गया था एवं योग्यधारी आवेदिका का चयन किया गया था।

## सिल्ली में प्रतिभा दर्शन महोत्सव का आगाज



सिल्ली/मुरी। सिल्ली के लगाम खेलगांव मैदान में गुरुवार को 2 से 5 फरवरी तक आयोजित चार दिवसीय प्रतिभा दर्शन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, राहे बीडीओ हारून रशीद, सिल्ली बीडीओ पावन आशीष लकड़ा, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे, जीप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी एवं अन्य अतिथियो ने कबुतर एवं बैलुन उड़ाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इससे पुर्व विधायक ने खेल ध्वज फहराया तथा पूर्व शिक्षक फनी भूषण महतो, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज अनिता कुमारी, बबीता कुमारी, ज्योति कुमारी एवं राष्ट्रीय वूशु खिलाड़ी वर्षा कुमारी में मैदान के चारों ओर मशाल लेकर दौड़ लगाते हुए खेल मशाल प्रज्वलित किया। वहीं विधायक ने प्रतिभा दर्शन महोत्सव में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिल्ली एवं सोनाहातु के छात्राओं की बैंड और मार्च पास्ट के पश्चात कई खेलों का शुभारंभ किया गया। विभिन्न खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक एवं अन्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

## राहे सीओ को हाइवा से कुचलने का प्रयास, बाल-बाल बचे

राहे। बालू माफियाओं के द्वारा राहे सीओ महेंद्र छोटन उरांव को कुचलने का प्रयास किया गया। घटना बुधवार रात 12 बजे के आसपास की है। राहे.बुंडू सड़क पर अवैध बालू परिवहन की सूचना सीओ को मिली । रात में ही सीओ आवास से निकल कर कार्यालय के समीप सड़क पर थे। एक हाइवा बालू लेकर आया और सीओ को देख कर बालू को गिरा दिया तथा भागने लगा। इसी दौरान सीओ हाइवा को रोकने का प्रयास किये लेकिन हाइवा सीओ को कुचलने के प्रयास करने लगा। किसी तरह सीओ अपने को बचाये। सीओ ने राहे ओपी में हाइवा के मालिक जसवंत कुमार एहाइवा चालक ओर अन्य एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीओ महेंद्र छोटन उरांव ने कहा कि रात को चिप्स और बालू का अवैध परिवहन की सूचना मिली थी। इसी को लेकर आवास से निकलकर सड़क पर खड़ा था। एक हाईवा आता दिखाई दियाए हाईवा रोककर पूछताछ करने लगा तो एक सफेद कार से दो व्यक्ति आये और गाली गलौज करते हुऐ हाइवा चालक की निर्देश दिया कि कुचल कर भाग जाओ।

## कैंब्रियन स्कूल सांडी में कहानी सुनाओ प्रतियोगिता

सिकिदिरी। सिकिदिरी स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल सांडी में गुरुवार को कहानी सुनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई।अंग्रेजी और हिंदी भाषा में आधारित कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चे.बच्चियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई कहानी सुनाओ प्रतियागिता के माध्यम से स्कूली बच्चों ने अपनी भाषण प्रतिभा की हुनर दिखलाई।इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य नेहा गुप्ता ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में प्रतियोगिता की भावना जगाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिका रीता सिन्हा, अदिति निरंजन, रीना सिंह, अर्चना कुमारी व नेहा सिंह का मुख्य योगदान रहा।

## पूर्व जिप सदस्य को बीमा क्लेम का भुगतान

राहे। एसबीआई राहे शाखा में मंगलवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का भुगतान किया गया। राहे प्रखंड के जिला परिषद सदस्य रजिया खातून का आकस्मिक निधन हुआ था।इसने जिसने एसबीआई राहे शाखा में सामान्य बीमा कराया था। निधन के बाद शाखा द्वारा सामान्य प्रक्रिया के बाद बीमा राशि कुल 2 लाख का भुगतान किया।

# सनातन धर्म के भाव में हैं भगवान, पूजा-अर्चना से हो जाते हैं प्रसन्न

**ओरमांझी में मंदिर वार्षिक महोत्सव का पांचवां दिन**



हनुमान चालिसा का पाठ करतीं महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। सनातन धर्म के भाव में ही भगवान है। सिर्फ मन से पूजा करने से ही ईष्वर प्रसन्न हो जाते हैं। उक्त बाते पूजा समिति ओरमांझी द्वारा आयोजित दुर्गा महादेव मंदिर की पांच दिवसीय यज्ञ वार्षिक महोत्सव में अयोध्या के आचार्य पंडित रमोज जी वत्स ने कही। कार्यक्रम में महिलाओं में काफी उत्साह देखी जा रही है। गुरूवार को ओरमांझी व आसपास गांव के 11 सौ महिलाओं ने एक साथ हनुमान चालिसा का पाठ किया। वहीं नवचंडी महायज्ञ के अंतिम दिन पांच सौ कुंआरी कन्याओं का पूजा की गई। समिति के साथ गांव की महिलाओं ने सभी कन्याओं को पूजा किए। वहीं समिति द्वारा आयोजित भंडारे 15 हजार से ज्यादा लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। वहीं समिति द्वारा आयोजित कथा व सत्संग कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया और कहा सनातन धर्म में मंदिर की वार्षिक महोत्सव का विषेष महत्व है। वहीं गया। पं0 रमोज जी वत्स ने महिलाओं की उत्साह की सरहाना की और कहा सनातन धर्म संस्कृति में महिलओं की भुमिका काफी महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा सनातन धर्म संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण का संदेष छिपा है। आज जल व पेड़-पौधे बचाने के लिए गंगा व पार्यावरण मंत्रालय बनाए गए हैं। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने जनरक्षा को गोवर्धन पर्वत उठा कर गौ के साथ असंख्या पेड़-पौधे व जीव प्रणियों की रक्षा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेष दिया था। उन्होने सनातन धर्म संस्कृति में गौ पालन का महत्व भी बताया, और कहा विष्व का पहला देष है जो गौ को माता कहती है। कार्यक्रम में मथुरा व वृंदावन के कलाकारों द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई। हनुमान चालिसा पाठ करने वालों में ग्रामीणों के साथ मुख्य रूप से वार्ड सदस्य अनीता देवी, लक्ष्मी बड़ाईक, मनी देवी, सुरेश मेहता, किरण देवी, मुन्नी देवी, दीपा चैरसिया, नेहा गुप्ता, पुष्पा देवी, सुधा देवी, संध्या देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी, डालेश्वरी देवी पूनम देवी, बबीता देवी, बसंती देवी व अन्य महिलाओं के साथ काफी संख्या में युवतियां भी शामिल थी।

### कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि

ओरमांझी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थें खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, सदर थानाप्रभारी श्यामकिशोर महतो, भाजपा के जैलेन्द्र कुमार, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, रणधीर चैधरी, रामलखन मेहता, शैलेंद्र मिश्रा, डॉ पारसनाथ महतो, पंस सदस्य शशि मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थें। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गाशंकर साहू, गोविंदलाल गुप्ता, शंकर गुप्ता, अजय सिंह, नरेश महतो, हरीशचंद्र महतो, वार्ड सदस्य के अध्यक्ष सत्यम राज कुशवाहा, नितेश साहू जी, कृतिकांत साहू, राजकुमार लहरी, मुकेश महतो, कुंदन साहू, नीरज पांडे, रिंकू निषाद, रामदास महतो, आशीष साहू सहित गांव के युवा शामिल थे।

### आज निकलेगी विसर्जन शोभा यात्रा

ओरमांझी में 29 जनवरी से आयोजित पांच दिवसीय मंदिर की वार्षिक महोत्सव का समापन शुक्रवार को कलश विसर्जन शोभा यात्रा के साथ होगा। इसकी जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने कहा धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों महिलाएं भी शामिल होंगी।

### मेला में देखा गया बच्चों व महिलाओं का उत्साह

वार्षिक महोत्सव को लेकर पूजा समिति ओरमांझी द्वारा मेला लगाया गया है। मेला में विभिन्न प्रकार के झुले, खिलौने व अन्य दुकाने लगी है। मेला में लगे झुले में बच्चों के साथ महिलाएं भी खुब मस्ती कर रही हैं। वहीं खिलौने व जरूरत की सामग्री भी खरिदारी कर रहे हैं।

# बजट और चुनाव

यह रणनीतिक बजट ही है, जिसमें अर्थव्यवस्था व विकास को तरजीह देते हुए लक्षित वर्ग को राहत देने का प्रयास हुआ है। यह नहीं कहा जा सकता कि सारी योजनाएं महज वोट बटोरने वाली हैं। वैसे तो पहले ही घोषणा की जा चुकी थी कि कोरोना महामारी के घातक प्रभावों से उपजे रोजगार संकट से उबारने वाली मुफ्त चावल-गेहूं योजना 2024 तक जारी रहने वाली है। अब सरकार ने बजट में घोषणा की है कि अस्सी करोड़ लोगों को लाभ देने वाली योजना के लिये सरकार अगले वित्तीय वर्ष में दो लाख करोड़ खर्च करेगी। लेकिन इस योजना का जारी रखना यह सवाल भी पैदा करता है कि जब अर्थव्यवस्था की बेहतरी के दावे किये जा रहे हैं तो अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की जरूरत क्यों है? सवाल यह भी कि क्या यह सरकार की लोकलुभावन पहल है? यह भी कि ये लोककल्याणकारी कदम है या रेवड़ियां बांटने की श्रेणी में है। निस्संदेह, सरकार की नजर इस साल नौ राज्यों के चुनावों तथा 2024 में होने वाले आम चुनाव पर है। इन राज्यों में त्रिपुरा,नगालैंड, मेघालय, कर्नाटक, राजस्थान व छत्तीसगढ़ आदि राज्य शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार का दावा है कि अमृत काल के इस पहले बजट का लक्ष्य समावेशी विकास है। दावा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से बाधित विश्व आपूर्ति श्रृंखला के चलते जब तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाएं मंथर गति से आगे बढ़ रही हैं भारत की विकास दर दुनिया में सबसे तेज 6.8 रहेगी। यह भी कि मंदी के अंधियारे में भारत की अर्थव्यवस्था दमकती रहेगी। इसके पक्ष में आईएमएफ व दूसरी वैश्विक एजेंसियों के दावों को दोहराया जा रहा है। अच्छी बात यह है कि सरकार मान रही है कि अर्थव्यवस्था महामारी के संकट से उबर कर पटरी पर आ चुकी है। 2024 के चुनाव के कारण यह बजट चुनावी बजट भी है।

# पाक की घेराबंदी


देश आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को किसी भी कीमत पर आइएमएफ(इंटरनेशनल मोनेटरी फंड) की मदद की दरकार है। लेकिन ये उतना आसान भी नहीं दिख रहा। फिलहाल कटऋ ने शाहबाज शरीफ सरकार के सामने एक अनोखी शर्त रख दी है। इसके तहत शाहबाज शरीफ को सभी सियासी दलों को एक मंच पर लाना होगा। सभी नेताओं से मशविरा करने के बाद कटऋ कोई फैसला करेगा। पाकिस्तान के परिपेक्ष्य में देखा जाए तो शरीफ सरकार के लिए ये एक बड़ी मुश्किल है। इमरान खान को अपने साथ लेकर लाना शरीफ सरकार के लिए कोई आसान बात नहीं है। आइएमएफ ने बेल आउट पैकेज के लिए पाकिस्तान के सामने कुछ और शर्तें भी रखी हैं। इनमें डिफेंस बजट में कटौती, एडिशनल टैक्स और इलेक्ट्रिसिटी टैरिफ को बढ़ाना शामिल है। शरीफ सरकार उन पर अमल करेगी तभी आइएफएफ उनकी अपील पर गौर करेगा। पाकिस्तान की हालात भी श्रीलंका जैसे हो सकते हैं। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक पोर्टर ने फिस्कल गैप को कम करने की नसीहत दी है। इशहाक डार से उनका कहना था कि पैसा चाहिए तो आपको ये सारे कदम उठाने ही होंगे। पाकिस्तान के लिए मुश्किल ये है कि नए टैक्स लागू करने के लिए वो संसद में आर्डिनेंस नहीं ला सकती। उसे बेल आउट पैकेज जल्दी से जल्दी चाहिए और संसद में आर्डिनेंस लाने के लिए कम से कम 14 दिनों का वक्त चाहिए। पाकिस्तान को आइएमएफ से 2019 में 6 अरब डॉलर का बेल आउट पैकेज मिला था। बीते साल इसमें 1 अरब डॉलर का इजाफा हुआ था। पाकिस्तान के हालात इस समय बेहद खराब चल रहे हैं। महंगाई पिछले 48 सालों के उच्चतम दर पर है तो सरकार के पास इंपोर्ट के लिए भी पैसा नहीं बचा है। अब पाकिस्तान की हालत दिवालिया जैसी हो गयी है।

# बजट में सबके सपनों को उड़ान देन का प्रयास

**वैश्विक** स्तर पर भारत अकेला देश होने वाला है, जो न सिर्फ कोविड और युद्ध के प्रभाव से खुद को निकाल लेगा, बल्कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा हो जाएगा, उसके लिए यह बजट सोने में सुहागा है। उद्योग जगत इतना गदगद है कि वह इस बजट को 10 में से 20 नंबर देने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक सर्वेक्षण के आने के बाद कहा था कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण पूरा प्रयास करेंगी कि यह बजट आंकाक्षाओं और अपेक्षाओं का बजट होने के साथ एक ग्लोबल सितारा के रूप में देश को आगे बढ़ाने वाला बजट पेश करें। और ऐसा ही हुआ। वित्त मंत्री ने इस बजट में भरपूर पैसा, लगभग सभी क्षेत्रों में नई टैक्नोलॉजी का रोड मैप और भविष्य को संवारने वाला मार्ग दर्शन भी प्रस्तुत किया। 10 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय का बजट, 22 लाख करोड़ रुपये का कृषि लोन, 7900 करोड़ रुपया की आवास योजना, दो लाख 40 हजार करोड़ रुपये रेलवे के लिए और हजारों करोड़ रुपये की सामाजिक क्षेत्र की योजनाएं एक मजबूत अर्थव्यवस्था के बजट की गारंटी हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के भविष्य को संवारने वाले कई प्रयोजनों की घोषणा की है, जिससे आने वाले साल में भारत की तस्वीर बदल सकती है। वित्तमंत्री ने बजट भाषण में यह बताया कि इस समय भारत में प्रति व्यक्ति आय एक लाख 97 हजार रुपये है जो कि अब तक का सबसे अधिक है। आज भारत में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोता। मुफ्त खाद्यान्न योजना कोविड के दौरान प्रारंभ की गई थी वह आगे एक साल के लिए और बढ़ा दी गई है और उसके लिए बजट में दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान कर दिया गया है। आम गरीब का जीवन सरल और सुविधायुक्त रहे, इसका प्रयास लगातार आठ साल से यह सरकार करती आ रही है और इस प्रयास का परिणाम भी सामने है। मोदी सरकार ने इस दौरान 11 करोड़ 70 लाख घरों में शौचालय का निर्माण किया है, नौ करोड़ घरों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया है, वैक्सीन की 220 करोड़ डोज मुफ्त उपलब्ध कराई गई है। पीएम जनधन स्कीम के तहत 47 करोड़ 80 लाख लोगों के खाते खुलवाए गए हैं और दो लाख 20 हजार करोड़ रुपये पीएम किसान निधि योजना के तहत देश के किसानों को सीधे लाभ पहुंचाया है।



- विक्रम उपाध्याय

पिछले साल की तुलना में इस साल 33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10 लाख करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी पूंजीगत व्यय की घोषणा की है। पूंजीगत व्यय का आशय ऐसे खर्च से है, जिससे सराकर देश के लिए संपत्ति का निर्माण करती है। यह मुख्यतौर पर ढांचागत विकास, मशीनरी और कार्यशील पूंजी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इसका आशय है कि सरकार 10 लाख करोड़ रुपये सड़क, बंदरगाह, एयरपोर्ट, रेलवे और अन्य ट्रांसपोर्ट मोड पर खर्च करेगी।

यह देश किसानों का है, उनकी आय बढ़े बिना वास्तविक तरक्की नहीं हो सकती। इस बार के बजट में मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए भरपूर वित्त की व्यवस्था के साथ ही उसे टेक्नोलॉजी और अनुसंधान से सीधे जोड़ दिया है। 22 लाख रुपये के कृषि लोन के प्रावधान के साथ साथ छह हजार करोड़ रुपये का अलग प्रावधान मछुआरों के लिए भी किया गया है। खेती एक विरासत है और इस विरासत को बचाने के लिए इस बजट में गजब का प्रावधान किया गया है। सरकार इस साल एक करोड़ किसानों को रासायनिक खादों के बिना एवं पूरी तरह जैविक खेती के लिए चुनेगी और उन्हें विशेष प्रोत्साहन देगी ताकि हमारी परंपरागत खेती बची रहे और रासायनिक खादों व कीटनाशकों के आयात को भी कम किया जा सके।


स्टार्टअप्स के मामले में भारत विश्व में तीसरा सबसे अधिक स्टार्टअप्स वाला देश है। प्रधानमंत्री की अपेक्षा के अनुरूप इस बजट में कृषि क्षेत्र में लिए स्टार्टअप्स की भूमिका बड़ी कर दी गई है। ये स्टार्टअप्स किसानों को यह जानकारी देंगे कि किस क्षेत्र में कौन सी फसल लगाएं। देखभाल कैसे करें। इनकी उत्पादकता कैसे बढ़ाएं और इन्हें कहां और कैसे बेचे। इसी क्रम में सरकार ने सहकारी संस्थाओं को भी इस बजट के जरिए नई जिम्मेदारी है। सहकारी संस्थाएं कृषि उपजों के उचित भंडारण के लिए ढांचागत व्यवस्था का निर्माण करेंगी ताकि किसान उचित समय में अपनी उपज को बाजार में बेचकर अधिकतम मुनाफा कमा सके।

कृषि के साथ सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और कोरोना के बाद इन पर ही सबसे अधिक मार पड़ी है। सरकार ने आज इनके लिए कई बजटीय प्रावधानों की घोषणा की है। एक तो कोविड के दौरान परियोजनाओं को पूरा नहीं करने के कारण जिन एसएमई इकाइयों की धरोहर राशि या प्रोफारमेंस गारंटी के रूप में काटी गई राशि को जब्त कर ली गई थी, वे अब सब लौटाई जाएंगी। दूसरा दो लाख करोड़ रुपये का लोन फंड सृजित किया गया है और क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत बिना किसी कोलेटरल के लोन के लिए भी 9 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एसएमई इकाइयों को सरकार केवल एक प्रतिशत ब्याज पर यह लोन जारी करेगी।

इस बजट की सबसे बड़ी घोषणा पूंजीगत खर्च की राशि में बढ़ोतरी करना है। सरकार ने पिछले साल की तुलना में इस साल 33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10 लाख करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी पूंजीगत व्यय की घोषणा की है। पूंजीगत व्यय का आशय ऐसे खर्च से है, जिससे सराकर देश के लिए संपत्ति का निर्माण करती है। यह मुख्यतौर पर ढांचागत विकास, मशीनरी और कार्यशील पूंजी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इसका आशय है कि सरकार 10 लाख करोड़ रुपये सड़क, बंदरगाह, एयरपोर्ट, रेलवे और अन्य ट्रांसपोर्ट मोड पर खर्च करेगी। इससे देश में बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न होगा, क्योंकि ढांचागत क्षेत्र में व्यय का मतलब, सीमेंट, स्टील, ट्रांसपोर्ट और अन्य सहयोगी उद्योगों में भी विकास होना है। रही बात कर और शुल्क के ढांचे में परिवर्तन की, तो इस बजट में जहां उद्योगों के लिए राहत दी गई है। वही आम और सैलरी क्लॉस के लोगों के लिए बड़े तोहफे का ऐलान किया गया है। भारत पूरी दुनिया के लिए एक मैन्यूफैक्चरिंग हब बने इसके लिए आयात शुल्कों में कुछ छूट के ऐलान किए गए हैं, खासकर मोबाइल, टीवी, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जरूरी कच्चे माल के आयात को आसान बना दिया गया है। बहुत दिनों से यह कहा जा रहा था कि मध्य आयवर्ग के लिए यह सरकार कुछ नहीं कर रही है, जबकि यह वर्ग ही देश के उपभोक्ता बाजार को संभालता है। इस बजट में सारी शिकायतें दूर कर दी गई हैं। टैक्स डिडक्शन की सीमा तीन लाख करने के साथ ही अब सात लाख की आय को कर मुक्त कर दिया गया है।

## खास बात

### बिग बॉस अब्दु रोजीक का दर्द



मनीष शो के पोडकास्ट में छलका बिग बॉस 16 फेम अब्दु रोजीक का दर्द ! कहा, एक वक्त में लोग मुझपर पैसे फेकते थे !

बिग बॉस 16 के जरिये करोड़ो दिलों में अपनी खास जगह बनानेवाले ,सबका लाडला और तजाकिस्तान गायक अब्दु रोजीक हाल ही में एक्टर और होस्ट मनीष पॉल के पॉडकास्ट में खास अतिथि बनाकर आये। जहा पर मनीष ने हमेशा की तरह अपने पॉडकास्ट में आनेवाले खास सेलिब्रेटी से उनके जीवन से जुड़े खास बात जानने को कोशिश की।

मनीष पॉल के पॉडकास्ट में बिग बॉस 16 फेम अब्दु रोजीक का वीडियो जब से अपलोड हुआ हैं लोगों ने अपना ढेर सारा प्यार उड़ेल दिया हैं। अब्दु ने बताया कि एक वक्त में लोग उनपर धौस जमाते थे और पैसा फेकते थे। अब्दु बताते है कि,₹ हर दिन बाजार में मुझे लोग देखते थे और मुझे पैसे देते थे। कुछ कहते थे अरे !यार जाओ,तुम यहां क्यों आये हो।लोग मुझे पैसे देने के बजाये मुझपर पैसे फेकते थे। मैं स्कूल नही जा पाया।

अब्दु ने बताया कि कैसे वह ढाई घंटे पैदल चलकर स्कूल जाते थे और कभी-कभी बर्फ इतनी ज्यादा हो जाती थी कि अब्दु स्कूल तक नही जा पाते थे ,आज लोगों से मिल रही इतनी मोह्हबत देखकर अब्दु को यकीन नही हो रहा हैं कि वो अब बड़े स्टार हो गए हैं। वैसे अब्दु और मनीष के बीच हुई इस खास बात को जानने के लिए आपको मनीष पॉल पॉडकास्ट देखना होगा ।

बात करे मनीष पॉल की तो हाल ही फिल्म जुग जग जियो में वो अपने अभिनय के बेहतरीन पारी का प्रदर्शन कर चुके हैं और अब वो पूरी तरह से अपनी डिजिटल पारी खेलने के लिए तैयार हैं जहाँ पर मनीष एक अलग रूप-रंग में नजर आएंगे।

# मालिक से नाता

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**कहते** हैं इब्राहिम के जीवन में क्रांति घट गई। उठकर उसने उस गुलाम के पैर छुए और कहा कि तूने मुझे राज बता दिया जिसकी में तलाश में था। अब यही मेरा और मेरे मालिक का नाता। तू मेरा गुरू है। तब से इब्राहिम शांत हो गया। जो बहुत दिनों के ध्यान से न हुआ था, जो बहुत दिन नमाज पढ़ने से न हुआ था, वह इस एक सूत्र से हो गया कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। सोचो, थोड़ा होश करो।

जैसा रखे, रहो। अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो जैसा उसने भेजा था, उससे विकृत भले ही हो गए हो, उससे सुकृत नहीं हुए हो। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है?

थोड़े दिन सच्चे गुरु नानक देव जी की सुन कर देखो। छोड़ दो उस पर। इसलिए गुरु नानक देव जी कहते हैं, न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा।

यह सब वही कर रहा है। एक ही साधना है वो है सच्ची श्रद्धा के सच्चे प्रेम का संपूर्ण समर्पण। आगे उस स्वांस देने वाले की मर्जी। जैसे ही तुम्हें खयाल आएगा उसकी मर्जी का, तुम पाओगे भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, एक वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। एक ओंकार सतनाम श्री वाहे गुरु जी।

**लगाम,** सिल्ली में प्रतिभा दर्शन महोत्सव का शुभारंभ किया। कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भूमि झारखंड के असाधारण खेल क्षमता को राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना तथा खेलकूद के क्षेत्र में उचित प्रोत्साहन देना ही इस महोत्सव का मुख्य मकसद है।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## रोचक ट्वीट

**हर** जर्रे से हुंकार यही, भारत तेरे लाल यहीं रग रग में है प्यार तेरा, बेहतर कल की शुरूआत यहीं
कांग्रेस के कार्यकताओं, मेरे बब्बर शेरों को मेरा सलाम!

**– राहुल गांधी**





**असाम के** सीएम हेमंत विश्व शर्मा के योग्य नेतृत्व में असाम हर दिन प्रगति कर रहा है। उम्मीद है कि असम के इस प्रगति की गति इसी प्रकार तेज बनी रहें जो पूर्व का द्वार के लिये महत्वपूर्ण है।

**–नरेन्द्र मोदी**

# बजटीय आवंटन में हाशियारी और दूरदर्शिता से सब चुप

**मुकुंद**

**अमृतकाल** के पहले केंद्रीय बजट की लगभग सभी ने तारीफ की है। आमतौर पर बजट पेश होने के बाद हाय-तौबा मचाने वाले शांत हैं। इस खामोशी के मायने हैं कि बजट शानदार है। इसमें हर क्षेत्र को ईमानदार आवंटन किया गया है। तभी तो केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण के समापन पर मेजें थपथपाई गईं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभिक प्रतिक्रिया में कहा है कि देश के विकास को इस बजट से नई ऊर्जा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने साहसिक बजट के लिए वित्तमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने कहा अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा।

संभवतः यह पहला ऐसा बजट है जिस पर विपक्ष के घाघ नेता भी कटाक्ष करने से बच रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि बजट में ऐसा बहुत कुछ है, जो देश के मध्यम वर्ग ही नहीं, हर वर्ग के लिए फायदेमंद है। वैसे भी बजट में सात लाख रुपये तक की आय में कर को शून्य किया गया है। अपनी तल्ख टिप्पणियों के लिए प्रख्यात कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संभवतः इसीलिए कहा है कि बजट में कुछ चीजें अच्छी हैं। मैं इसे पूरी तरह नकारात्मक नहीं कहूंगा, लेकिन अभी कई सवाल उठेंगे। बजट में मनरेगा का जिक्र नहीं है। थरूर ने कहा सरकार

## आर्थिक

मजदूरों के लिए क्या करने जा रही है? बेरोजगारी और महंगाई पर नियंत्रण के लिए क्या करने जा रही है इस पर जिक्र नहीं है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मानते हैं कि अमृतकाल का पहला बजट क्रांतिकारी है। यह समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला है। विशेषकर मध्यम वर्ग को आयकर में राहत दी गई है। नया टैक्स स्लैब राहत देने वाला है। युवा, महिला और वरिष्ठ नागरिक सभी को केंद्र ने राहत प्रदान की है। लालू यादव की पार्टी राजद के सांसद मनोझ झा इसमें रोजगार के लिए गोल-गोल बातें की गई हैं। इस खास लोगों ने खास लोगों के लिए तैयार किया है।

केंद्रीयमंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है बजट से विपक्ष भले ही नाराज हो, पर समूचा भारत प्रफुल्लित है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की घोषणा क्रांतिकारी कदम है। नारी शक्ति सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे कर सकती है इसका प्रतिबिंब इस बजट में है। इसे आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री वीके सिंह का कहते हैं कि इस बजट में अगले 25 सालों के लिए भारत कैसे आगे बढ़े, उसकी नींव रखी गई है। दूसरे मंत्री प्रह्लाद पटेल का नजरिया विश्वास से लबरेज है। वह इसे अमृतकाल में सरकार का रोडमैप बताते हैं। बड़ी बात यह कहते हैं कि हम दुनिया में अपनी अर्थव्यवस्था को 10वें से पांचवें स्थान पर ले आए इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता।

लोगों के हाथ में पैसा देना अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का सबसे अच्छा तरीका है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला भी खुश हैं। उन्होंने कहा है कि सुखद यह है कि बजट में मध्यम वर्ग को मदद दी गई है। सबको कुछ न कुछ दिया गया है। डेढ़ घंटे तक हमने बजट सुना है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का मानना है कि यह प्रगति, उन्नति और नई गति का बजट है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है केंद्रीय बजट किसानों, महिलाओं, हाशिये पर पड़े वर्गों एवं मध्यम वर्ग को सहायता प्रदान करने की प्राथमिकता के साथ विकास एवं कल्याण पर केंद्रित है। बजट के प्रस्तावों से देश को कुछ वर्षों के भीतर ही पांच ट्रिलियन (पांच हजार अरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### हिंदी मीडियम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

**– नीलेश, गढ़वा**

### ऑक्सीजन की कमी

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार पंद्रह फीसदी कोरोना मरीजों में फेफड़े काम नहीं करते और उन्हें सांस लेने के लिये मदद की जरूरत होती है। कुछ मरीज ऐसे भी होते हैं जिन्हें सांस लेने में दिक्कत नहीं होती, मगर उनके शरीर में ऑक्सीजन की कमी चिंताजनक स्तर तक होती है। अधिकांश मौत का कारण यही बना है।

**– सुनील झा, हजारीबाग**

# पाकिस्तान में बढ़ती हिंसा और मरते आम पाकिस्तानी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**पाकिस्तान** के शहर पेशावर में हुए विस्फोट ने पूरे देश और सरकार को हिलाकर रख दिया है। शहबाज सरकार आर्थिक संकट से पहले ही जूझ रही है। अब इस विस्फोट ने जले पर नमक छिड़क दिया है। इस विस्फोट में हताहतों की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग 100 लोग तो मर चुके हैं और 150 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। यह विस्फोट भी कहां हुआ है? पेशावर की एक मस्जिद में। और वह किस वक्त हुआ है? दोपहर की नमाज के वक्त।

दूसरे शब्दों में तहरीके-तालिबान के आतंकवादियों ने इस्लाम का भी अपमान कर दिया है। वे लोग अपने को कट्टर इस्लामी कहते हैं और उन्होंने मस्जिद में ही विस्फोट करवा दिया। इस्लामी राष्ट्र होने का दावा करनेवाला पाकिस्तान इस घटना से कोई सबक सीखेगा या नहीं? उसने आतंकवाद को इसलिए बढ़ावा दिया कि वह भारत से कश्मीर छीन सकेगा। उसने भारत से लड़े युद्धों में विफल होने के बाद आतंकवाद को ही अपना हथियार बनाया लेकिन अब मियां की यह जूती मियां के सिर ही पड़ रही है।

दहशतगर्दी के चलते जितने लोग भारत में मरते रहे हैं, उनसे कहीं ज्यादा पाकिस्तान में मर रहे हैं। पिछले साल एक शिया

## सामयिक

मस्जिद पर हुए हमले में दर्जनों लोग मारे गए थे। इसी पेशावर में 2016 में हुए हमले के कारण लगभग 150 मासूम बच्चे कुर्बान कर दिए गए थे। वे बच्चे एक फौजी स्कूल में पढ़ रहे थे। इस मस्जिद में अभी मृतकों में ज्यादातर पुलिस के अफसर और जवान ही हैं। इस हमले की जिम्मेदारी ह्यतहरीके-तालिबान पाकिस्तानह्व के कमांडर ने ली है। उसने कहा है कि यह हमला उस हत्या का बदला हे, जो पिछले साल अगस्त में टीटीपी के कमांडर उमर खालिद खुरासानी की काबुल में की गई थी।

तहरीक यों तो पाकिस्तानियों का संगठन है लेकिन यह अफगानिस्तान के तालिबान के साथ गहरे में जुड़ा हुआ है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार और पाकिस्तान की सरकार के बीच भी लगातार खटपट चल रही है। ह्यतहरीकह्व के नेता पठान हैं और तालिबान भी पठान हैं। दोनों पंजाबी वर्चस्व के खिलाफ कटिबद्ध हैं। इसीलिए डूरेन्ड लाइन पर भी फिर से विवाद छिड़ गया है।

कितने आश्चर्य की बात है कि काबुल की तालिबान सरकार को अभी तक पाकिस्तान सरकार ने औपचारिक मान्यता भी नहीं दी है। पाकिस्तान के गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा है कि इस हमले का इस्लाम से कुछ लेना-देना नहीं है। नमाज पढ़ते हुए मुसलमानों पर हमला करना कुरान की शिक्षा के विरुद्ध है। यदि यह बात ठीक है तो यह मानना पड़ेगा कि या तो पाकिस्तान के नागरिक तालिबान मुसलमान नहीं हैं या जो लोग मारे गए हैं, उन्हें तालिबान लोग मुसलमान नहीं मानते।

ये दोनों बातें गलत हैं। मरनेवाले और मारनेवाले दोनों ही मुसलमान हैं। इस्लाम का इससे बड़ा अपमान क्या होगा कि मुसलमान ही मुसलमानों को मार रहे हैं।

(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति ने निकाला जुलूस, प्रबंधन को सौंपा 12 सूत्री मांगपत्र, कहा

# मांगों पर पहल नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेगी समिति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति ने बुधवार को जुलूस निकाल भुरकुंडा सीसीएल प्रबंधन को 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। जुलूस सीसीएल रेस्ट हाउस से प्रारंभ पीओ कार्यालय पहुंची। इसका नेतृत्व रामदास बेदिया, जयदेव सिंह, प्रेम कुमार साहू, बलराम पांडेय कर रहे थें। जुलूस में शामिल लोग प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कहा गया कि पूर्व में हुए लोक जन सुनवाई में समिति अपनी 12 सूत्री मांगो को रखते हुए समर्थन दिया था। प्रबंधन ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया था। लेकिन कोई भी मांग पूरी नहीं हुई। जिससे रैयत ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त थे। इन्हीं मांगों को ले समिति ने कोलियरी प्रबंधक राजकुमार वर्णवाल को 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा। जुलूस में मुख्य रूप से रामदास बेदिया, जयदेव सिंह, प्रेम कुमार साहू, बलराम पांडेय, विकास सोरेन, मनोज मांझी, संतोष दिनेश बेदिया, शिवलाल बेदिया, सिकंदर मुर्मू, निर्मल मुंडा, इंद्रदेव मुंडा, लीला देवी, रामवती सोरेन, महेश्वरी देवी, पार्वती देवी, वीणा देवी, संजय यादव, विशाखा टुडु, सुनंदा देवी, गीता मांझी, सुरेन्द्र तुरी, शेखर नायक, गणेश बेदिया, सतीश सिंह, अजय तुरी, अर्जुन, अनिल बेदिया, बालो बेदिया, टिंकु प्रजापति सहित भारी संख्या में रैयत विस्थापित ग्रामीण महिलाएं शामिल थीं।



मांगपत्र सौंपते समिति के लोग।

**समिति के 12 सूत्री मांगों में ये है शामिल :** 12 सूत्री मांगों में भुरकुंडा कोलियरी के खाली व अनुपयोगी जमीन को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार हेतु विस्थापित गांवों के ग्रामवासियों को आवंटित करने, बलकुदरा खुली खदान से उत्पादित कोयला का 75 प्रतिशत आवंटन रोड सेल में देने, विस्थापित-प्रभावित गांवों के रैयत-ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने, प्रभावित गांवो में पेयजल व विद्युत आपूर्ति करने, ऑफिसर्स क्लब को ग्रामवासियों को आवंटन सुनिश्चित करने, अधिगृहित भूमि के बदले चिन्हित कर नौकरी व मुआवजा देने, सेंट्रल स्कूल को पुनः भुरकुंडा में स्थापित करने, बलकुदरा खुली खदान में हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, वायु, ध्वनि व जल प्रदूषण से बचाव हेतु जरूरी उपकरण लगाने, आउटसोर्सिंग कंपनी पीएलआर में रैयतों व स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने, सीएसआर मद से विस्थापित-प्रभावित गांव में विकास करने, विद्यार्थियों को उच्च व तकनीकि शिक्षा हेतु अनुदान देने, भुरकुंडा थाना मैदान का सुंदरीकरण करने व उक्त मैदान पर गैर विस्थापित-प्रभावित द्वारा मेला हाट के नाम पर अवैध वसूली पर रोक लगाने, सीसीएल भुरकुंडा अस्पताल में चिकित्सा मुहैया कराने, प्रक्षेत्र में स्थापित डीएवी स्कूलो में शिक्षण शुल्क में रियायत देने आदि मांगे शामिल है। मांग-पत्र में कहा है कि 15 दिनों के अंदर मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं की तो समिति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## मतदान के प्रति जागरूक करने को कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ़।** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित अभियान के दौरान गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा उनके क्षेत्रों में मतदाताओं को आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के संबंध में बताया गया।

## चट्टीबारियातु कोल माइनिंग ने स्थानीय युवाओं को सिक्योरिटी गार्ड के रूप में प्रशिक्षण दिलवाया



प्रशिक्षण लेते युवा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केरेडारी ।** चट्टीबारियातु कोल माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने चट्टीबारियातु कोल माइंस से हो रहे विस्थापित गांव चट्टीबारियातु ,जोरदाग पगार गांव के लगभग 60 स्थानीय युवाओं को सिक्योरिटी गार्ड के प्रशिक्षण हजारीबाग में करवाया। प्रशिक्षण हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे के मौजूदगी में कराया गया।वही सबसे पहले कम्पनी के अधिकारियों ने हजारीबाग एसपी मनोज रत्न चौथे से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर समानित किया। जिसके बाद एसपी कार्यलय स्थित युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया।इस मौके पर पूर्व डीएसपी अवधेस सिंह, सिंहप्रोजेक्ट कोडिनेर व ,वरिष्ठ रवि सिन्हा ने बताया कि कम्पनी स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी फिलहाल 60 युवाओं का चयन किया गया है।बाकी धीरे धीरे सभी युवाओं को कम्पनी रोजगार से जोड़ने का काम करेगी।

# क्रिकेट खेल से हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है : शहजादा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** चितरपुर ईकरा नगर में इंदिरा गांधी टूर्नामेंट का मेगा फाइनल मैच का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर एवं विशिष्ट अथिति पूर्व विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो शामिल हुए. इस दौरान अतिथियों ने सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की. जिसमें ड्रीम 11 व बल्ली इलेवन के बीच मैच खेला गया. जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्ली 11 ओवर में 138 रन बनाई. उसके बाद जवाब देते हुए ड्रीम 11 पूरी ओवर खेलने के बाद 100 रन में ही ऑल आउट हो गईं. इस तरह बल्ली 11 ट्रॉफी पर विजय पाई. मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि खेल से जातिवाद की भावना खत्म होती है और टीम भावना विकसित होता है। क्रिकेट खेल में हमेशा संघर्ष करने की सीख मिलती है। खेल से न सिर्फ शारीरिक बल्कि बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। वही विशिष्ट अथिति ने कहा कि खेल को खेलों की भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। प्रतियोगिता के विजेता को व उपविजेता को नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. आयोजन कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत फूल की माला पहनाकर किया। मौके पर कांग्रेस नेता चंद्रशेखर पटवा, प्रकाश करमाली, लक्ष्मण महतो, सानू, गुनीलाल महतो, साजीद राजा खान, दिलावर अली, इमाम, करीमुद्दीन अनवर, मोहम्मद गुलाम, राजू भंडारी, तारा भंडारी, शाहिद अंसारी, वसीम, शमशेर, इमरान सहित सैकड़ों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।



विजेता टीम को पुरुस्कृत करते मुख्य अथिति व अन्य।

## नीलोत्पल रमेश को 4 को मिलेगा जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान 2023

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू के हिंदी शिक्षक और प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. नीलोत्पल रमेश को रांची में 4 फरवरी को जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान 2023 देने की घोषणा हुई है। ज्ञात हो कि डॉ. नीलोत्पल रमेश की अब तक देश की लगभग सभी महत्वपूर्ण साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में लगातार कविताएं, समीक्षाएं और कहानियां प्रकाशित होती रही हैं। इनकी कविता पुस्तक मेरे गांव का पोखरा, कसौटी के दायरे में (समीक्षा) पिछले वर्ष ही प्रकाशित हुआ था जो काफी चर्चित रहा है। इन्होंने कई पुस्तकों का संपादन भी किया है जिनमें शाल वन की धारा से (झारखंड के 51 कवियों की कविताएं), कसौटी पर कविताएं (25 कवि और 25 आलोचक) और बारूद की फसलें (गीत-गजल संग्रह), झारखंड की 21 श्रेष्ठ लोककथाएं प्रमुख है। जयशंकर प्रसाद विचार मंच,राँची (झारखण्ड) द्वारा हिन्दी साहित्य, क्षेत्रीय भाषा एवं कला-संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष ह्यजयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मानह्ल दिया जाता है। 2023 के लिए अनिता रश्मि एवं नीलोत्पल रमेश को संयुक्त रूप से इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह चयन उपरोक्त तीनों क्षेत्र से गठित वरिष्ठ साहित्यकारों एवं विद्वानों की निर्णायक मंडली द्वारा किया गया है। इस सम्मान के लिए चुने गये प्रतिभागियों का उपरोक्त क्षेत्रों के विकास में विशिष्ट योगदान है। अनिता रश्मि रांची का कविता, कहानी, उपन्यास के अलावे गद्य में उत्कृष्ट लेखन है तथा नीलोत्पल रमेश, पतरातू ने समीक्षा, कविता, कहानी के साथ-साथ लोकजीवन पर उत्कृष्ट रचनाएं लिखी हैं। इन्हें 4 फरवरी शनिवार को टेलीफोन भवन (बीएसएनएल), शहीद चैक रांची में आयोजित समारोह में महाकवि जयशंकर प्रसाद स्मृति से नवाजा जायेगा। इसमें स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान किया जायेगा।



नीलोत्पल रमेश की फाइल फोटो।

## 15 दिनों में सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन : विश्वरंजन सिन्हा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने विभिन्न जनसमस्याओं को ले सीसीएल भुरकुंडा उपमहाप्रबंधक को छः सूत्री मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग-पत्र में मयूर स्टेडियम का बाउंड्री कराने व लाइट की समुचित व्यवस्था करने, उपमहाप्रबंधक कार्यालय भुरकुंडा से दामोदर पुल रिवर साइड तक बने सड़क की मरम्मती करने, थाना चैक भुरकुंडा, बुध बाजार साप्ताहिक हाट, उपमहाप्रबंधक भुरकुंडा कार्यालय चैराहा, भगवान बिरसा मुंडा चैक रिवर साइड एवं भुरकुंडा में हाई मास्ट लाइट लगाने सहित सयाल मोड़ से उपमहाप्रबंधक कार्यालय भुरकुंडा चैराहा तक स्ट्रीट लाइट लगाने, भुरकुंडा की सभी प्रमुख सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने, आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में गैर सीसीएल कर्मियों का भी आधिकारिक रूप से सुविधाजनक बनाने, अस्पताल में आधुनिक उपकरण लगाने व स्वास्थ्य सुविधा देने, बांसगढा से बुढ़वा महादेव मंदिर तक सड़क निर्माण करने की मांगे शामिल है। पत्र के माध्यम से चेतावनी देते हुए श्री सिन्हा ने कहा है कि सभी मांगों पर 15 के दिनों के अंदर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो क्रमवार आंदोलन किया जायेगा।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास को स्कूल प्रबंधन उठाता रहेगा हर सार्थक कदम : अवधेश सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल और एसएससी कोचिंग सेंटर का गुरूवार को धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कोचिंग के निदेशक अवधेश कुमार सिंह और स्कूल के शिक्षकों ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर व केक काट कर किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों के बीच मिठाई व चॉकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर अनमोल बचपन में क्लास नर्सरी से पांचवी तक एडमिशन पर ऐडमिशन चार्ज फ्री, पीपुल फंड री एडमिशन सहित अन्य शुल्क नहीं लगेगा। वैसे बच्चे जिनके माता पिता का कोरोना में निधन हो गया है उनके बच्चों को निःशुल्क एडमिशन रहेगा। उन्होंने बताया कि वैसे छात्र जो पैसे का अभाव में नहीं पढ़ पा रहे हैं उन छात्रों के लिए मात्र 500 महीना में नर्सरी से पांचवीं तक की उच्च शिक्षा दी जायेगी। श्री सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत पूरे वर्ष भर बेटियों के एडमिशन पर 20 प्रतिशत की छूट रहेगी।

निदेशक ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, इनके सर्वांगीण विकास के स्कूल प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। मौके पर कोचिंग के शिक्षक संतोष कुमार, अमित प्रकाश, रामजीवन कुमार, मुकेश कुमार, अनमोल बचपन प्ले स्कूल की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, जयश्री गोस्वामी, नमिता मिश्रा, काजल कुमारी, भूमि कुमारी, ममता कुमारी, सुशीला एंथोनी, निधि सिंह सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## यूनियन को खलेगी चंद्रदेव भुंइया की कमी : पप्पू

### सीसीएलकर्मी के निधन पर कोफिमयू ने पटेलनगर में की शोकसभा, शोक संवेदनाओं का लगा तांता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी के माईन बी में ट्रामर पद पर कार्यरत सीसीएलकर्मी सह सेन्ट्रल सौन्दा निवासी चन्द्रदेव भुंइया के निधन पर गुरूवार को कोलफिल्ड मजदूर यूनियन भुरकुंडा शाखा द्वारा पटेलनगर भुरकुंडा स्थित यूनियन कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर यूनियन के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने कहा कि चन्द्रदेव भुंइया कोलफिल्ड मजदूर यूनियन के सक्रिय सदस्य थें।

उनकी कमी यूनियन का हमेशा खलेगी। मालूम हो कि चन्द्रदेव भुंइया का डियूटी के दौरान हृदय गति रूक जाने से बुधवार को मौत हो गया था। इसके बाद कोफिमयू व अन्य यूनियनों के पहल पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा स्व. चन्द्रदेव भुंइया की पत्नी भुनेश्वरी देवी को प्रोविजनल ज्वाइनिंग लेटर, एलसीएस का 125000 रूपया और तत्काल राहत के लिए 75000 का चेक दिया है। वहीं श्रमिक प्रतिनिधियों ने भी परिजनों को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया है। शोक प्रकट करने वालो में यूनियन के केंद्रीय सचिव उदय कुमार सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह, मनोज कुमार, अशोक गुप्ता, रमाकांत दुबे, सुधीर सिंह, बेलो शर्मा, आसीत साहू, मनोज कुमार सिंह, राजाराम बेदिया, एसएम राजकुमार, मनोज राम, हरिहर टुडू, राम हरि, बिनोद भगत, बाबूनन्दन प्रसाद, मनाराम मांझी सहित कई लोग शामिल थें।

# रामगढ़ उपचुनाव में यूपीए गठबंधन की होगी जीत : संजीव

## रामगढ़ उपचुनाव की तैयारियों पर हुई चर्चा, 42 पंचायतों में कमेटी गठित करने की हुई बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक गुरूवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता राजेन्द्र बेदिया व संचालन उदय अग्रवाल ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थें। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के उम्मीदवार भारी मतों से रामगढ़ विधानसभा सीट जीतेगा। उन्होंने कहा कि जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से ही झामुमो कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाएं। श्री बेदिया ने सदस्यता अभियान चलाने व पार्टी की मजबुती पर बल देते हुए आगामी 10 फरवरी तक पतरातू प्रखंड के 42 पंचायतों में कमेटी का गठन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व जन समस्याओं का समाधान ही झामुमो का उद्देश्य है। मौके पर रोहन बेदिया, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत, बिरेंद्र यादव, आजाद अंसारी, योगेंद्र यादव, उदय मालाकार, मुमताज अंसारी, बिहारी बड़ाईक, टिंकु बेदिया, मुकेश बेदिया, इसलाम अंसारी, शौकत अंसारी, सुखलाल मांझी, तुला खान सहित झामुमो के दर्जनों लोग मौजूद थें।

### झामुमो पतरातू प्रखंड कमेटी की भुरकुंडा में हुई बैठक, पार्टी की मजबूती पर दिया गया बल



बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि संजीव बेदिया व झामुमो कार्यकर्ता।

## एक नजर में

### भराजो पंचायत सचिवालय में रोजगार दिवस सह बाल सभा का आयोजन

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत भवन में रोजगार दिवस सह बाल सभा का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने की। सभा में पंचायत के दोनों गांव के विद्यालय के शिक्षक एवं वार्ड सदस्य उपस्थित हुए। सभा में मध्य विद्यालय अमनारी और भराजो के अध्ययन रत विद्याथियों की समस्या को देखते हुए सेनेटरी पैड,खेल कूद किट, कम्प्यूटर व्यवस्था, सांस्कृतिक भवन समेत अन्य समस्या से निजात की मांग पंचायत से शिक्षकों ने किया। मौके पर उपस्थित मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कही कि पंचायत के सभी समस्या का समाधान करने की प्रयास किया जायेगा। बच्चों को समस्या का समाधान किया जायेगा ताकि पढ़ाई करने में परेशानी ना आये। सभा में पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, रोहित कुमार,कृष्णा प्रसाद,सुरज उर्फ शीवा,सरयू ठाकुर, सुरेंद्र राम, सुनिता देवी,दीपक कुमार, सुधीर कुमार,प्राण कुम्हार,शिक्षक कुलदीप पासवान,विनोद कुमार दास समेत अन्य उपस्थित थे। इसके अलावा प्रखंड के सभी पंचायत भवन में रोजगार दिवस मुखिया की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें मुखिया कुमारी माधुरी, सुरेश यादव,ममता कुमारी,रेखा देवी,शिबु प्रसाद सोनी, सुमित्रा देवी,कांती देवी उपस्थित हुए।

### मजदूरों को किया गया सम्मानित

**दारू।** मनरेगा दिवस के अवसर पर प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में कार्यक्रम आयोजित कर मजदूरों को सम्मानित किया गया। प्रखंड के सभी पंचायत भवन में संबंधित पंचायत के मुखिया द्वारा वैसे मनरेगा मजदूर जिन्होंने इस वितीय वर्ष में 100 दिनों तक मजदूरी की है उन्हें शॉल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंचायत में पुनाई मुखिया अनिल कुमार देव, दारू मुखिया सुनील कुमार उर्फ भोला,इरगा मुखिया अनिता देवी, दिग्वार मुखिया महेंद्र मुर्मू,जिनगा मुखिया पिंकी देवी, रामदेव खैरिका की मुखिया झरना देवी के साथ बीपीओ स्वाति वर्मा, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक के साथ कई अन्य मनरेगा मजदूर शामिल थे।

### मनरेगा योजना का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**विष्णुगढ़।** प्रखंड में चल रहें मनरेगा योजना को अधिकारीयों ने किया निरिक्षण` उप समाहर्ता विनय कुमार, अमन कुमार, विश्व प्रताप मालवा, तकनीकी सहायक जि. ग्रा. वि. अभी. राजदेव प्रसाद, द्वारा भेलवारा मे लाखो महतो के जमीन पर डोभा निर्माण एवम नागी मे मुकेश कुमार के जमीन मे आम बागवानी की योजना का निरीक्षण किया गया` निरीक्षण कार्यक्रम में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी राज मोहन वर्मा, लेखा सहायक राजीव कुमार इंद्रगुरु, कनीय अभियंता निरज हजारी, अविनाश कुमार, बिरेंद्र कुमार, रवि कुमार उपस्थित थे।

### धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास किया गया

**चरही ।** चुरचू प्रखण्ड के चनारो पंचायत अन्तर्गत ग्राम चिचिकला टोला बिनकरवा में धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति, चनारो मुखिया ब्रज बिहारी महतो , मांझी हाड़ाम महादेव टुडु, परानीक सोधन टुडु व नायके विकास टुडु ने नारियल फोड़ कर किया।उक्त इसके पूर्व गांव के आदिवासी महिला पुरुष ढोल मांदर से आदिवासी नृत्य संगीत के माध्यम से भव्य स्वागत किये। मौके पर पूर्व जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि वर्षो से मांग करते आ रहे ग्रामीणों की मांगे अब पूरी हुई। उक्त धुमकुड़िया भवन के बनने से ग्रामीणों को कोई सामाजिक बैठक व सामूहिक बैठक करने में सुविधा होगी।चनारो मुखिया ब्रज बिहारी महतो ने कहा कि भवन गुणवत्ता पूर्ण बने।

### विधायक अंबा प्रसाद ने सौंपा मृतक भोला महतो की पत्नी को छह लाख का चेक

**बड़कागांव।** विगत दिनों बड़कागांव से केरेडारी जाने वाले मार्ग में राजाबागी के पास कंपनी के ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक चमगड़ा निवासी भोला महतो की मौत हो गई थी। दिन बुधवार को विधायक अंबा प्रसाद ने मृतक के पत्नी सरस्वती देवी को 6 लाख का चेक सौंपा। वही कंपनी के अधिकारियों को विधायक ने यथाशीघ्र मृतक के आश्रित उनकी पत्नी को रोजगार उपलब्ध कराने को कहा जिस पर कंपनी ने 1 सप्ताह के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने को आश्वस्त किया है। ज्ञातव्य हो कि विगत दिनों हुई सड़क दुर्घटना की सूचना पाकर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद राजाबागी एनटीपीसी के कार्यालय पहुंचकर एवं स्थिति का मुआयना किया था। मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात के बाद एनटीपीसी के सीकरी स्थित कार्यालय में अधिकारियों ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल तथा मृतक के परिजनों की मौजूदगी में वार्ता हुई जिसमें विधायक ने एनटीपीसी एवं वाहन मालिक को मुआवजा व आश्रितों को रोजगार दिलाने की मांग की थी।

### उप विकास आयुक्त का बड़कागांव दौरा

**बड़कागांव।** हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा बड़कागांव प्रखंड के कई स्वास्थ्य केंद्र एवं विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण की। यहां प्रसव कक्ष, अस्पताल परिसर में हो रहे मरम्मत एवं सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही साथ अस्पताल में बाथरूम, बिजली कनेक्शन के रखरखाव पर क्षोभ प्रकट करते हुए संबंधित संवेदक को डांट फटकार लगाते हुए अति शीघ्र सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बादम का निरीक्षण किया यहां भी बाथरूम का रखरखाव एवं नियमित चिकित्सक नहीं होने पर अति शीघ्र सुधार करने का निर्देश दिया। प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव एवं इस परिसर में भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण की गई। इसके अलावा प्रखंड के अन्य पंचायत भवन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं विद्यालयों का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, चिकित्सा प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

### कोयला तस्करों की भेंट चढ़ी एक महिला मजदूर

**चरही ।** इन दिनों कोयला तस्कर प्रशासन के आंखों में धूल झोंककर गुपचुप तरीके से वर्षों बंद पड़े सीसीएल के खदानों से गरीब मजदूरों और असहाय लोगों से कोयला तस्कर अपने फायदे को लेकर उत्खनन करा रहे हैं।गुरुवार के दिन सुबह करीब 7 बजे पिपरा गावं निवासी सेराज अंसारी की 30 वर्षीय पत्नी नगमा खातून तापीन नार्थ खदान से कोयला उत्खनन के लिए गई थी।कोयला कटिंग करने के दौरान गहरी खनता स्थल में गिर पड़ी।और गंभीर से घायल हो गई।परिजनों को जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर उसे आनन फानन में इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल ले जा रहे थे।रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।परिजनों का कहना कि मृतक महिला की दो पुत्री औ? एक पुत्र है।जो अपने बच्चों और परिजनों को भरण- पोषण के लिये इस कार्य को कर रही थी।सूत्र बताते हैं कि उक्त मृतक महिला ने अवैध कटिंग कर कोयला तस्करों को कोयला आपूर्ति किया करती थी। कटिंग किये गए कोयले की आपूर्ति सीसीएल के खुली और बंद पड़ी खदानों तथा वन सीमा क्षेत्र से की जा रही है।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बन रहा मकान

**दारू।** दारू अंचल क्षेत्र में इन दिनों सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर हड़पने की कोशिश करने का खेल पूरे जोर शोर से चल रहा है । ताजा मामला हरली पंचायत के खाता संख्या 124 प्लॉट संख्या 3558 कुल रकबा 4.06 एकड़ गैरमजरूआ खास की जमीन पर कब्जे का प्रयास का सामने आया है। इस जमीन पर वर्तमान में झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है साथ ही इस परिसर की चारदीवारी भी की जानी है। निमार्णाधीन विद्यालय के ठीक पीछे हरली के ही ब्यक्ति द्वारा करीब पांच कट्ठा जमीन को कब्जा कर घर बनाया जा रहा है और शेष जमीन पर खेती की जा रही है। इस संबंध में हरली के राजू प्रसाद पिता भिखारी महतो ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर निर्माण कार्य रोकने व अवैध कब्जा से मुक्त कराने का आग्रह किया है।

## स्पीड न्यूज

### 95 वाहनों की पुलिस ने की जांच




सेन्हा–लोहरदगा।सेन्हा थाना के समीप पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर गुरुवार को पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच के क्रम में ट्रिपल बाइक सवार को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का निर्देश दिया गया। और वाहन का डिक्की और बैग तथा थैला खुलवा कर आपत्तिजनक सामान का भी जाँच किया गया। वाहन जांच में लगभग 60 बाइक एवं 35 चार पहिया वाहनों का कागजो का जाँच बारीकी से किया गया। जाँच के उपरांत थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक गति विधि को और दुर्घटना को नियंत्रण करने के उद्देश्य से वाहन जाँच किया जा रहा है। साथ ही आपत्तिजनक सामान पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके अलावे उन्होंने कहा पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अभी लगातार वाहनों का जाँच किया जायेगा। बाइक चालकों को नशा कर ट्रिपल नही चलने के लिये भी सख्त निर्देश दिया। बिना हेलमेट पहने बाइक सवार का बाइक जब्त कर नियम संगत कार्रवाई करने निर्देश दिया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को

लोहरदगा।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में 11 फरवरी को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह योग्य आपराधिक वाद , ठ.क. अ्३ . ४/२ 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) , मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद , पारिवारिक/वैवाहिक वाद , श्रम विवाद , भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद , सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद , बैंक रिकवरी से संबंधित वाद ,राजस्व वाद , मनरेगा ,बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद , बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद , सेवा से संबंधित वाद , वन विभाग से संबंधित वाद , उत्पाद से संबंधित वाद , सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद , नीलाम वाद , दाखिल खारिज मामले सहित अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। यह जानकारी डालसा सचिव राजेश कुमार ने दी।

### घर में आग से 8 लाख की संपत्ति खाक




लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़गाव निवासी किशोर कुमार महतो के घर में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। आगलगी से घर में रखी मोटरसाईकिल नगद सहित लगभग 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।घर में रखे खाद्य समान और घरेलू उपयोग के साथ,एक मोटरसाइकिल और 50 हजार रुपए नगद जलकर राख हो गए। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट की संभावना बताई जा रही है। हालांकि जिस समय घटना हुई, घर पर कोई नहीं था ।सभी कोई घर की एक गर्भवती महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा लेकर गए थे। घर बंद होने के कारण राहत की बात रही आगलगी से किसी को जान का नुकसान नहीं हुआ। बता दे की कल ही धनबाद में आगलगी की एक बड़ी घटना घटी थी जिसमे 15 से ज्यादा लोगो को मौत और कई लोग घायल हुए हैं।आगजनी की सूचना पर तत्काल सेन्हा थाना प्रभारी बल दल के साथ मौके पर पहुंच मौके का जायजा लिया। वही आग को बढ़ता देख जिले से आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकार कुमार फायर ब्रिगेड की टीम के साथ पहुंच आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर लोगो की भीड़ जुट गई थी और जनप्रतिनिधि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की और मुखिया अनिल उरांव भी मौके पर पहुंच हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

### भंडरा थाना प्रभारी ने घायल युवकों को पहुंचाया अस्पताल



भंडरा । थाना क्षेत्र के लोहरदगा बेड़ो रोड के कुम्बा टोली मोड़ के समीप गुरुवार बाइक सवार में दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के आकाशी गांव निवासी शनिया उरांव उम्र 30 वर्ष व पिता जुबी उरांव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार युवक अपनी बाइक से पेट्रोल भरा कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुम्बा टोली के समीप विपरीत दिशा में आ रही आटो ने टक्कर मार दी। जिससे युवक बाइक समेत कुछ दूर तक जाकर गिर गया और आटो चालक आटो लेकर फरार हो गया। वहीं इस रास्ते से अपने निजी कार्य से लोहरदगा रहे भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार की नजर घायलों युवकों पर पड़ने पर तुरंत गाड़ी रोककर मानवता का परिचय देते हुए अपने वाहन में घायल युवकों को बैठाकर भंडरा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अमित महतो ने प्राथमिक उपचार कर वार्ड में भर्ती करवाया। इधर पुलिस थाना प्रभारी के द्वारा घायल युवक को अस्पताल पहुंचाने पर लोगों ने थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को साधुवाद दिया है।

### लोहरदगा-कोरबा रेलखंड का बजट में एलान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : आलोक



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने केंद्रीय बजट 2023- 24 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट निराशा से परिपूर्ण है ।इस बजट में महंगाई पर काबू पाने का कोई इंतजाम नहीं है। हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाले इस सरकार के पास नई नौकरियों के सृजन के लिए कोई योजना नहीं है। श्री साहू ने कहा कि रेल बजट में इस बार भी लोहरदगा एवं गुमला वासियों को निराशा हाथ लगी। इस क्षेत्र के लोगों को उम्मीद था कि मोदी के अंतिम बजट में लोहरदगा- कोरबा रेलखंड को लेकर कोई ऐलान होगा जो नहीं हुआ। इससे इस क्षेत्र के लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

# एक ही परिवार के 13 सदस्यों ने की सरना धर्म में वापसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत में सभी ईसाई धर्म छोड़ पुनः घर वापसी की



**सेन्हा–लोहरदगा।** धर्म परिवर्तन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लोग प्रलोभन या अंधविश्वास का शिकार हो अपने धर्म छोड़ दूसरे धर्म को अपना रहा है। लेकिन धर्म परिवर्तन के बाद हकीकत सामने आता है। तो घर वपसी करते हैं और पुनः अपना धर्म को स्वीकार करते हैं। ऐसा ही एक मामला तोड़ार मैना टोली ग्राम में सामने आया जो ईसाई धर्म छोड़ एक ही परिवार के 13 सदस्य 12 पड़हा बेल के नेतृत्व हुआ घर वापसी करते हुए कहा कि अपना ही धर्म सर्वश्रेष्ठ है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत में एक ही परिवार के 13 सदस्य एक साथ ईसाई धर्म को छोड़ सरना धर्म में 12 पड़हा बेल के नेतृत्व में घर वापसी किये। 2012 में आदिवासी धर्म को छोड़ ईसाई धर्म के प्रलोभन तथा अंधविश्वास में आ कर तोड़ार मैनाटोली निवासी राजेश खलखो,सुखराम उराँव, सरिता खलखो, सुरजी उराँव,हीरा खलखो,मिनी खलखो,चन्द्रदेव खलखो,राजू खलखो, सोनाली खलखो,अमन खलखो,सचिन खलखो,प्रीति खलखो सरना धर्म को छोड़ धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म में शामिल हो गये थे। परन्तु अपनी इच्छानुसार पुनः आदिवासी धर्म अपनाने का इच्छा जाहिर करते हुए सरना रीति रिवाज से घर वापसी का प्रस्ताव 12 पड़हा बेल के समक्ष रखते हुए सभी लोगों ने एक साथ घर वापसी किया। सरना समाज के चौकनी पड़हा बेल दीपेश्वर भगत ने कहा कि गांव में ही पाहन पुजार द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से पूजन करा कर एक ही परिवार के 13 सदस्यों को उनके स्वेच्छा से सरना समाज में शामिल किया गया है। वहीं ईसाई धर्म को छोड़ पुनः घर वापसी पर उन सभी परिवार आदिवासी धर्म अपनाने के पश्चात कहा की अपना धर्म ही सर्व श्रेष्ठ है। किसी के बहकावे में या कोई लालच में अब दूसरे धर्म को नहीं अपनाएंगे।

# टिको शहादत स्थल पर लगेगा भव्य मेला : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा/कुडू।** जिला के कुडू प्रखंड स्थित टिको शहादत स्थल पर गुरुवार को शहीद वीर बुधु भगत, हलधर-गिरधर, रूनिया-झुनिया शहीद स्थल पर श्रंद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सेवानिवृत आईएएस पदाधिकारी व जिला के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, नीलाम पत्र पदाधिकारी बिरसाय उराँव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार समेत शहीद समारोह समिति की ओर से शहीदों के शहादत स्थल पर माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व समारोह समिति द्वारा शहादत स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया गया। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत समारोह समिति एवं टाना भगत की ओर से किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आनेवाले वर्षों में टिको शहादत स्थल पर भव्य मेला लगेगा। ऐसे आयोजन का उद्देश्य शहीदों की कुबार्नी को याद करना होता है। विद्यालयों में भी शहीदों के बारे शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि आज के छात्र-छात्राओं को शहीदों के बलिदान की जानकारी हो सके। इतिहास के सुनहरे पन्ने को हमें पढ़ना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व उपायुक्त के प्रयासों से इस ऐतिहासिक स्थल का सुंदरीकरण हुआ है, हम उनके इस प्रयास को आगे ले जाएंगे और इस स्थल में बाकी बचे हुए कार्यों के लिए भी योजना तैयार करेंगे। शहादत स्थल में एक पुस्तकालय के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रस्ताव तैयार कर के दें ताकि यहां के बच्चे पुस्तकालय में शहीदों के बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकें। इतिहास को जान सकें।

# गुमला में सभी स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर,मरीज हुए परेशान

**पारा मेडिकल कर्मियों की मांग के समर्थन पर उतरे कर्मी, सदर अस्पताल के सामने दिया धरना**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर गुरूवार को जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मी पारा मेडिकल कर्मियों के मांग के समर्थन पर हड़ताल पर रहे। स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले में चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई। वहीं पारा मेडिकल कमी अपने मांगों को लेकर सदर अस्पताल के मुख्य दरवाजे के सामने हड़ताल पर बैठे। वहीं मेडिकल कर्मियों ने सिविल सर्जन को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव के नाम मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा है कि एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ एवं झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ द्वारा 17 जनवरी से राज्य भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिससे स्वास्थ्य सेवा पर प्रभाव पड़ रहा है। 24 से राजभवन रांची में आमरण अनशन पर हैं। जिससे कई अनशन कारियों की स्वास्थ्य काफी खराब हो रहा है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा समायोजन स्थाई नियुक्ति हेतु आश्वासन दिए जाने के बावजूद आज तक उन्हें अस्थाई नियुक्ति नहीं की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत हजारों स्वीकृति पद रिक्त हैं। वादे पूरा नहीं होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को हड़ताल एवं आमरण अनशन जैसे कार्रवाई के लिए विवश होना पड़ा। धरना को संबोधित करते हुए चिकित्सा संघ के जिला सचिव - जितवाहन उराँव ने कहा कि पारा मेडिकल कर्मियों की मांग पूरा नहीं होता है तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। भूषण कुमार ने कहा कि कर्मचारी हित में हर लड़ाई को महासंघ गम्भीरता से लेती है। यही कारण है कि आंदोलन में महासंघ डट कर खड़ा है। आने वाले दिनों में महासंघ मुख्यमंत्री के समक्ष रांची में आक्रोश रैली करेगी। महासंघ कर्मचारी हित में उनकी मांगों को समर्थन करती है। इस अवसर पर सुनील कुमार, मो. रिजवान, अलका रानी, रामनरेश सिंह, मंजूषा लकड़ा,उपासना, ज्ञानलता, प्रतिमा ,अमन देमता, संगीता मिंज, सुशीला बांसकी सहित भारी संख्या में पारा मेडिकल कर्मी, एएनएम, जीएनएम आदि शामिल थी।

### चैनपुर में भी अनुबंध कर्मियों के समर्थन में उतरे चिकित्सा कर्मी



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी अनुबंध कर्मियों के हड़ताल के समर्थन में उतर आये हैं। उन्होंने हड़ताल में शामिल सभी अनुबंध कर्मियों की मांग को जायज बताया है। हड़ताल को लेकर अस्पताल में चिकित्सा सेवा पूरी तरह से ठप हो गई सिर्फ आपातकाल स्थिति में एक दो गंभीर मरीजों का ही ईलाज हो सका। एन एच एम कर्मियों का कहना है कि अनुबंध कर्मी पिछले 16 से 17 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे हैं। पिछले कई बार राज्य सरकार से नियमितीकरण को लेकर वार्ता की गई पर इसका निष्कर्ष शून्य निकला। इधर हड़ताल का समर्थन कर रहे चिकित्सा कर्मियों ने कहा कि सरकार अनुबंध कर्मियों की सेवा को स्थायी करे। सरकार की ढुलमुल रवैये के कारण ही इनका भविष्य अधर में लटका है। बताते चले कि अनुबंध कर्मियों के हड़ताल को पूरे राज्य के विभिन्न संगठनों द्वारा समर्थन दिया जा रहा है पर अब तक सरकार इस दिशा पर कोई पहल नहीं कर पाई है। हड़ताल में मुख्य रूप से पुष्पा मिंज, ज्योति लकड़ा, सरोज बाड़ा, ममता कच्छप, मेरी रोस मिंज, नील कुसुम लकड़ा, सरस्वती कुमारी सहित सभी अनुबंध कर्मी उपस्थित थी।

# 30 से अधिक डिसिमिल में लगी अफीम की खेती नष्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के पतिया गांव में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की गई थी। गुप्त सूचना के आधार पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित पुलिस के जवान गुरुवार की दोपहर मौके पर पहुंचे। सर्वप्रथम पुलिस अधिकारियों ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और फसल को नष्ट किया। सूचना के अनुसार रांची के किसी व्यक्ति के द्वारा 30 से अधिक डिसिमिल जमीन पर अफीम की खेती की गई थी। फसलों से फूल भी आ चुके थे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पूरी फसल को नष्ट किया। बताया जाता है कि गांव की ही किसी महिला के द्वारा फसलों की देखरेख की जाती थी हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की टीम आगे कार्रवाई कर रही है। गुमला एसडीपीओ मनीस चंद्र लाल ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई है। पूछताछ में कई लोगों का नाम सामने आया है जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# नक्सली और पीएलएफआइ के खिलाफ चलेगा अभियान

**बसिया एसडीपीओ कार्यालय में अंतर जिला पुलिस की बैठक में बनी रणनीति**



**बैठक में गुमला व सिमडेगा एसपी तथा अन्य जिलों के पुलिस पदाधिकारी।**

**गुमला।** अनुमंडल पुलिस पदाधिरकारी बसिया के कार्यालय में गुरूवार को एसपी ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता में अंतर जिला पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में अपराध नियंत्रण को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सभी पुलिस पदाधिकारियों को समन्वय बनाकर बार्डर क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण करने पर जोर दिया गया। मौके पर गुमला एसपी ऐहतेशाम वकारिव ने कहा कि अंतर जिला पुलिस के बेहतर तालमेल से माओवादी संगठन, पीएलएफआई व अन्य अपराधिक गिरोह पर अंकुश लगाया जा सकता है। इन संगठनों में अंकुश लगाने के लिए बैठक में रणनीति बनायी गई। ताकि उनके खिलाफ कारगर अभियान चलाया जा सके। साथ ही लूट, डकैती, चोरी जैसे मामलों में तालमेल बैठाकर कांड के उदभेदन पर रणनीति बनायी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक अभियान गुमला, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बसिया, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, पुलिस निरीक्षक, तोरपा, पुलिस निरीक्षक बसिया अंचल, थाना प्रभारी, कामडारा, कुरकुरा, बसिया व पालकोट एवं थाना प्रभारी पाकरटांड़, कोलेबिरा, बानो, सिमडेगा, ओड़गा ओपी शामिल थे।

# गुमला जिले में बन रहा एक सौ पुस्तकालय

**दीपक राम काजू**

**तमसो मां ज्योतिर्गमय मृत्योर्मा अमृत गमय श्लोक को धरातल पर उतारा डीसी ने**

▶▶ झारखंड का पहला 300 सिटर महिला पुस्तकालय का निर्माण कार्य जारी

▶▶ 500 सीटों और 5,000 पुस्तकों की क्षमता वाले बिरसा मुंडा लाइब्रेरी का भी हो रहा निर्माण

▶▶ पुस्तकालय विद्यार्थियों के जीवन में लायेगा नया सवेरा

▶▶ देश के बजट में डिजिटल लाइब्रेरी की बात कही गयी, उपायुक्त ने उससे पहले ही जिले के लोगों को दे दी पुस्तकालय की सौगात



निर्माणाधीन पुस्ताकलय भवन का निरीक्षण करते उपायुक्त।

**गुमला।** तमसो माँ ज्योर्तिगमय मृत्योर्मा अमृत गमय श्लोक को धरातल पर उतारने की दिशा में गुमला जिला के उपायुक्त सुशांत गौरव ने क्रांतिकारी पहल की है। जिले के बच्चों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने व उनके भविष्य निर्धारण की दिशा में सकारात्मक उपाय किये हैं। जिले में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने व प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर सौ से अधिक पुस्तकालयों की नींव रखी गयी है। जिसका कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। वहीं उपायुक्त के पहल पर जिले में झारखंड राज्य का पहला 300 सिटर महिला पुस्तकालय का निर्माण कराया जा रहा है। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड पर पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है। वहीं जिले में 500 सीटों और 5,000 पुस्तकों की क्षमता वाले बिरसा मुंडा लाइब्रेरी नामक एक जिला स्तरीय पुस्तकालय का 15 फरवरी को उदघाटन किया जाएगा। पुस्तकालय का गरीब बच्चों से लेकर आर्थिक रूप से समृद्ध बच्चे भी लाभ उठा सकेंगे। वहीं बच्चों को पढ़ाई के लिए एक अनुशासित स्थल मिलेगा। जिसमें घंटो पढ़ाई कर अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। जिले के अधिकारियों के अनुसार जिला स्तर पर पहली बार 300 सीटर महिला पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है। यह पुस्तकालय महान समाज सुधारक , शिक्षाविद और कवि सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखते हुए महिलाओं को समर्पित किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत देश के आम बजट में भी डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का जिक्र किया गया है। जिसमें हर वर्ग के बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। लेकिन गुमला उपायुक्त की सोच आने वाले भविष्य को उसका लक्ष्स हासिल करने में कारगार साबित होगा। क्योंकि उपायुक्त ने जो कार्य किया है वह जिलेवासी एवं विद्यार्थी लंबे समय तक याद रखेंगे।

## एक नजर में

### रेलवे बजट से गुमला जिला को फिर निराशा

गुमला। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत रेलवे बजट से एक बार फिर गुमला जिला वासियों को निराशा हाथ लगी है। बजट में रेलवे के विकास के लिए राशि में जरूर बढ़ोतरी की गई है लेकिन वर्षों से रेलवे लाईन आने की बाट जोह रहे गुमला जिला वासियों को इस बजट से भी कोई लाभ नहीं मिला। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि तीन बार से जिले में सांसद बने सुदर्शन भगत ने इस जिले को केवल निराशा ही दी है। एक बार तो लोकसभा में प्रस्ताव लाने पर भाजपा के लोगों ने गुमला के टावर चौक पर मिठाई बांटी थी और फटाखे भी फोड़े थे लेकिन उसके बाद धरातल पर तो कुछ नहीं हुआ कागजी प्रक्रिया भी पूरा कराने में सांसद विफल साबित हुए हैं। गुमला जिला की जनता के साथ भाजपा के सांसद लोग उपहास कर रहे हैं। दुर्भाग्य इस बात का है कि वर्तमान में जिले में तीन सांसद हैं। जिसमें दो लोकसभा व एक राज्य सभा के हैं। तीनों भाजपा के ही हैं। लोहरदगा से सांसद सुदर्शन भगत, पालकोट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जुड़े हुए हैं। वहीं समीर उरांव राज्य सभा के सदस्य हैं। जिस जिले में तीन सांसदों की ताकत है वहां रेलवे लाइन लाने का सपना अधूरा रहना लोगों को अचरज में डालता है। श्री कुमार ने कहा कि जिले वासी लोहरदगा रेलवे लाइन को ही गुमला तक जोड़ने की मांग कर रहे हैं, अब यह मांग भी पूरा नहीं होगा।

### वाहनों से शहर में होती है अवैध वसूली

गुमला। गुमला नगर परिषद क्षेत्र में वाहनों से की जा रही अवैध वसूली व यातायात नियमों के पालन को लेकर गुरूवार को मिशन बदलाव के सदस्यों ने उपायुक्त, जिला परिवहन व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मिशन बदलाव के सदस्यों ने कहा है कि नगर परिषद के नाम पर शहर के सभी चौक चौराहों पर वाहनों से अवैध वसूली बिना किसी रोक टोक के किया जा रहा है। ऑटो से पैसे वसूलने हैं लेकिन यहां सवारी गाड़ी, माल गाड़ी सहित अन्य छोटे वाहनों से सुबह 5 बजे से ही अवैध वसूली की जा रही है। यह वसूली कौन करा रहा है यह भी पता नहीं है। आखिर वसूली की राशि नगर परिषद के किस खाते में जमा किया जा रहा है। मिशन बदलाव के सदस्यों ने कहा कि यह प्रक्रिया शहरी क्षेत्र में लंबे समय से जारी है लेकिन इसके रोकथाम व अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कभी कार्रवाई नहीं हुई है। मिशन बदलाव के सदस्यों ने इस अवैध वसूली मामले को गंभीरता से लेने की अपील जिला प्रशासन से की है। वहीं वाहनों के शहर में तितर बितर खड़ा रहने से यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है। अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने वालों में मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून,नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा,चंदकला टोप्पो और नगर सचिव जयोति कुजूर शामिल थी।

### टंकी साफ करने के दौरान युवक गिरकर घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के काटासारू गांव निवासी 36 वर्षीय ललित उरांव जलमीनार की टंकी साफ करने के दौरान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलवास्था में उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव की जलमीनार की टंकी कीं सफाई करने ललित उपर चढ़ा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। नीचे गिरने से उसके पैर में गंभीर चोट लगी। जिसे उसके पैर में बारह टांका लगाने पड़े। फिलहाल उसकी स्थिति सामान्य है।

### लायंस क्लब ने निकाली जागरूकता रैली

**गुमला।** ई – वेस्टेज कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब गुमला के द्वारा स्टार डी पी एस स्कूल के सहयोग से जागरूकता रैली निकाली गई । रैली के माध्यम से लोगों से पुराना अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल डिवाइसेज जिसे कचरा के रूप में फेंक देते हैं उसके रिसाइकिल के लिए ऐसे सामानों को लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा निर्धारित संग्रहण केंद्र में जमा करने की अपील की गई। जिसे लायंस इंटरनेशनल को भेज दिया जाएगा। वहां री साइकिल कर पर्यावरण को दूषित होने से बचाने का प्रयास किया जाएगा। रैली में बच्चों ने नारा लगाये।

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा।
ईमेल-daolohardaga@gmail.com, http://atmalohardaga.co.in
संदेश निम्नवत है :- पत्रांक 63
किसान भाईयों,
गणतंत्र दिवस की बधाई एवं जोहार,
➲ किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ उठायें। समय पर ऋण चुकाने पर मात्र 1 प्रतिशत सूद लगता है।
➲ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाइ योजनान्तर्गत 80-90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रीप/ स्प्रिकंलर सिंचाई लगावें। इससे पानी की बचत एवं उपज में वृद्धि होती है।
➲ 31.03.2020 के पूर्व के KCC के बाकी राशि में 50000/- (पचास हजार) रुपए तक के ऋण माफ किये जा रहे है। नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र (CSC Center) में जाकर अपना e-Kyc करावें और इसका लाभ लें।
➲ अधिक जानकारी हेतु प्रखण्ड कृषि पदधिकारी/BTM/ATM/ जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा / उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा से सम्पर्क करें। विश्वासभाजन,
जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा।

कार्यालय
नगर परिषद, लोहरदगा
शुभकामना संदेश
26 जनवरी 2023 को देश का 74वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लोहरदगा नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर परिषद, परिवार लोहरदगा। | वार्ड पार्षदगण नगर परिषद, लोहरदगा | श्री राउफ अंसारी उपाध्यक्ष,नगर परिषद, लोहरदगा | श्रीमती अनुपमा भगत,अध्यक्ष नगर परिषद, लोहरदगा
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा
ज्ञापांक 124

# हिम्मत है तो 1932 की खतियानी स्थानीयता लागू कर दिखायें सीएम हेमंत

➲ पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दी चुनौती

■ कहा- 5 लाख नौकरी देने का वादा पूरा नहीं कर सके, अब निकले हैं युवाओं को भ्रमित करने

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गत दिनों खतियानी यात्रा में जमशेदपुर आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार जो चाहेगा, वही होगा। संविधान की धज्जियां उड़ने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आप संविधान की बात करते हैं, अच्छी बात है। आपको यह भी पता है कि संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सरकार को यह अधिकार है। जब अधिकार है तो 1932 वाले कानून को केंद्र को क्यों भेज कर उलझा कर झारखंडी युवकों को सरकारी नौकरी से वंचित कर रहे है। अगर आपमें हिम्मत है, राज्य सरकार अपने कानून से संतुष्ट है आपके द्वारा बनाये नियम कायदे कानून संवैधानिक रूप से सही है तो फैसले अविलंब लागू करें। मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि अविलंब रिक्तियां निकालें, उसमें 1932 खतियान और पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करते हुए निकाले। यदि उसके बाद कानूनी पचड़ा खड़ा होता है, तो राज्य के युवाओं को लेकर मुस्तैदी से कानूनी लड़ाई लड़े।

उपरोक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रेस को संबोधित करते हुए कही। वे गुरुवार को भालूबासा स्थित आशीष


संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

किशोर संघ में प्रेस-वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि लुटेरे बागवां चमन की बात करते हैं, लगाकर आग वो अमन की बात करते हैं। कविता की ये पंक्तियां आज झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के क्रियाकलापों पर स्टीक बैठती हैं। कहा कि राज्य के खदान लूटने वालों के लिए, जमीन हड़पने वाले, बालु-पत्थर लुटवाने के लिए 25 लाख, 50 लाख रुपये फीस के वकील रख सकते हैं तो राज्य के बेरोजगार युवकों, आदिवासियों, पिछड़ों के लिए करोड़ों रुपये का वकील रखिये और कानूनी लड़ाई लड़िए और कल से हो 1932 खतियान और पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करिए। कहा कि राज्य में खजाने पर पहला अधिकार गरीबों का, बेरोजगार युवकों का और महिलाओं का है, ना कि राज्य को लुटने वाले सिंडिकेट का जिन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संरक्षण और समर्थन हासिल है।

पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा महज एक ढोंग है। दरअसल यह सरकार की नाकामयाबियों एवं लुभावने वादों को छुपाने के लिए एक बार फिर गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री जी! काठ की हंडी एक बार चढ़ती है, बार-बार नहीं।

श्री दास ने कहा कि यह सरकार युवाओं को नौकरी देने का जो वादा कर सत्ता में आयी थी उस वादे को ठगने के लिए सरकार ने प्रपंच रचा। 1932 के आधार पर स्थानीय नीति, जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं विधानसभा में 21 फरवरी 2021 को कह चुके हैं कि खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू नहीं हो सकता। यह कोर्ट में टिकेगा नहीं, इससे साफ जाहिर है कि सीएम हेमंत सोरेन ने जानबूझ कर यह संवैधानिक गड़बड़ियों की ताकि झारखंडी युवक-युवतियों को नौकरी न देकर उन्हें उलझाकर, लटका कर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने स्थानीय परिभाषित किया जिसमें तीन आधार थे जिसके आधार पर स्थानीय परिभाषित किए गए थे। खतियान के साथ 1985 से जो झारखंड में रह रहे हैं। इस आधार पर तीन वर्ष में एक लाख से ज्यादा नौकरी दी शिक्षक, सिपाही, दरोगा, वनरक्षी, बिजली विभाग एवं अन्य विभागों में बहाली की गई। लेकिन हेमंत सरकार ने इसे बदल दिया जबकि इस बदलाव का कोई औचित्य नहीं था। पूर्व सीएम ने पूछा कि जब 1932 के खतियान का अस्तित्व ही नहीं तो यह बदलाव कर झारखंड के युवाओं का वर्ग-3 और वर्ग-4 की नियुक्तियां जिसपर उनका अधिकार है उससे वंचित करने का पाप सरकार ने क्यों किया? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि खतियानी लाभ से वंचित कर जोहार यात्रा निकालना एक मजाक ही है।

## स्पीड न्यूज

### तीन मार्च से दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव



**चांडिल।** आगामी तीन मार्च से होने वाले दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव की तैयारी को लेकर श्याम मंदिर चांडिल में अध्यक्ष संजय चौधरी की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा की एकादशी के दिन दोपहर 2 बजे से रघुनाथपुर से पैदल निशान यात्रा कर सभी श्याम प्रेमी चांडिल श्याम मंदिर पहुंच बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। मौके पर अध्यक्ष संजय चौधरी, संजय शर्मा, दुर्गा चौधरी, श्रवण जालान, मेघा बाग, नीलकमल जालान, अश्विनी शर्मा, श्रवण जालान उपस्थित थे।

### रक्त देनेवाले प्रवीण और रणविजय हुए सम्मानित




**जमशेदपुर।** गुरुवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ऑफिस प्रांगण में 52 बार और 50 बार रक्तदान करने वाले यूनियन ऑफिस बेयरर और कमिटी मेंबर प्रवीण कुमार और रणविजय कुमार को महामंत्री आरके सिंह ने शॉल और मोमेंटो के साथ सम्मानित किया। साथ ही ऑफिस वेयरर चंद्रकांत सिंह और कमिटी मेंबर मनोज सिंह के जन्मदिन पर केक कटा और उन्हें भी शॉल और मोमेंटो उपहार स्वरूप दिया। मौके पर सभी ऑफिस बेयरर और कमेटी मेंबर आदि मौजूद थे।

### आकांक्षाएं पूरी करने वाला बजट : रामविलास-सुजीत





**जमशेदपुर।** देश के बजट को देखते हुए जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष श्री राम विलास शर्मा और महामंत्री श्री और सुजीत शर्मा ने बजट को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष राम विलास शर्मा ने कहा कि 1 फरवरी यानि बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यूनियन बजट 2023 संसद में पेश किया। यह पीएम नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पांचवां बजट था। पिछले 2 साल के आम बजट की तरह ही ये बजट भी पेपरलेस था। इस बजट में देश के आर्थिक विकास और इकोनॉमी से जुड़े विभिन्न फैसले लिये गये।

### क्लाइंबिंग चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण शुरू

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील स्पोर्ट क्लाइम्बिंग चैंपियनशिप 2023 का तीसरा संस्करण आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हो गया। टाटा स्टील फाउंडेशन और जेसीएपीसीपीएल (जमशेदपुर कंटीन्यूअस एनीलिंग एंड प्रोसेसिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड) के सहयोग से टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का समापन 5 फरवरी को होगा। राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी (डेजिग्नेट) टाटा स्टील ने उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि टीएसएएफ की मेंटर, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित और माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला बछेंद्री पाल विशिष्ट अतिथि थीं। दोनों ने एथलीटों को खेल भावना और उत्साह दिखाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुकुल विनायक चौधरी, चीफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर और हेमंत गुप्ता, हेड, एडवेंचर एंड स्पोर्ट्स भी उपस्थित थे। देश के 16 राज्यों में विभिन्न आयु वर्गों में लड़के और लड़कियों की श्रेणी में 265 से अधिक एथलीट इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में लीड क्लाइम्बिंग, स्पीड क्लाइम्बिंग, बोल्डरिंग, टॉप रोप और स्पीड रिले आदि आयोजित की जाती है।

# मरीन ड्राइव किनारे स्वर्णरेखा के तटबंध की मरम्मत पर खर्च होंगे 50 करोड़ : बन्ना गुप्ता

■ स्वास्थ्य मंत्री ने प्रशासन व टाटा स्टील के वरिष्ठ अधिकारियों संग की बैठक

■ पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित होगा दोमुहानी, मिलेगी आरती घाट समेत अन्य सुविधा

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मरीन ड्राईव रोड में स्वर्णरेखा के तटबंध को मजबूत करने के लिए जल संसाधन विभाग तटबंध का निर्माण कराएगा। इसके लिए विभाग 50 करोड़ रुपया खर्च करेगा। उक्त जानकारी विभाग के वरीय अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता को दी।

विभाग की ओर से मानगो के कुंअर बस्ती में तटबंध का निर्माण शुरू कर दिया गया है। मंत्री बन्ना गुप्ता जिला सभागार में गुरूवार को



समीक्षा बैठक में उपस्थित मंत्री बन्ना गुप्ता, डीसी विजया जाधव, टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा व अन्य।

जिले के अधिकारियों के साथ दोमुहानी एवं मरीन ड्राईव रोड में नदी के तटीय क्षेत्रों के विकास की भावी योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा कर रहे थे।

बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि मरीन ड्राईव रोड में स्वर्णरेखा के तटबंध के निर्माण पर जल संसाधन विभाग (स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना) 50 करोड़ रुपये खर्च करेगा। साथ ही वियर एवं स्लुईस गेट दुरूस्त किए जायेंगे। बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभाग से स्वर्णरेखा नदी के किनारे छठ घाट का निर्माण कराने के लिए विभागीय अनुमति देने का भी निर्देश दिया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि दोमुहानी को वृहद आकार दिए जाएगा। वहां नए सीरे से सीढ़ियों का निर्माण के साथ-साथ कर्मकांड स्थल का निर्माण, पर्व-त्योवहार में आने वाली महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम का निर्माण, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सभी घाट में सीढ़ियों का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही हरियाली लाने के लिए किनारे-किनारे पौधा रोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाटर हार्वेस्टिंग के तहत नदी में गिरने वाले गंदे पानी को स्टोर कर उसे साफ किया जाएगा। उक्त पानी का इस्तेमाल पेड़-पौधों की सिंचाई में की जाएगी। उसके बाद बचे हुए पानी को नदी में बहाया जाएगा जिससे नदी प्रदूषित नहीं हो।

**फ्लाईओवर के पिलर के लिए संयुक्त टीम कर रही सर्वे :** मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि मानगो साकची एवं अन्य क्षेत्रों को जोड़ने के लिए प्रस्तावित फ्लाई ओवर के पिलर निर्माण के लिए सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के कार्य में पथ निर्माण विभाग एवं टाटा स्टील के अधिकारी जुटे हैं। बैठक में सर्वे की समीक्षा की गई। सर्वे टीम 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

बैठक में डीसी विजया जाधव के अलावे एडीसी, एसडीएम पीयूष सिंहा, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव, जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार, टीएसयूआईएसएल के एमडी रितूराज सिंहा, जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा, टाटा स्टील के अधिकारी प्रणय सिंहा एवं अमित सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### आनंद मार्ग के प्रशिक्षक आचार्य मंत्रचैतन्यानंद अवधूत का भव्य स्वागत



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग तीन दिवसीय प्रथम संभागीय सेमिनार के प्रशिक्षक आचार्य मंत्रचैतन्यानंद अवधूत आज वाराणसी से का आनंद मार्ग जागृति पहुंचे वहां उनका फूल माला से स्वागत किया गया। आज आचार्य मंत्रचैतन्यानंद अवधूत ने आनंद मार्ग के द्वारा चलाए जा रहे हैं विजन सेंटर मुआयना भी किया एवं उपस्थित लोगों के बीच नि:शुल्क पौधा भी बांटा। आनंद मार्ग पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से 60 से भी ज्यादा लोगों के आंखों का जांच हुआ एवं 20 लोग आज निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पूर्णिमा नेत्रालय भेजे गये। आनंद मार्ग प्रचारक संघ का प्रथम संभागीय तीन दिवसीय सेमिनार 3, 4 एवं 5 फरवरी को आनंद मार्ग जागृति गदरा में रखा है तीनों दिन के व्याख्यान का विषय है शिव की शिक्षा, अणु और भूमा एवं जीवन के सभी क्षेत्र में पुनर्जागरण प्रयोजन विषयों पर व्याख्यान होगा। आचार्य मंत्रचैतन्यानंद अवधूत इसके प्रशिक्षक हैं। वाराणसी से इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में आ रहे हैं। योग साधना साधना आसन, कौशिकी, तांडव आदि के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए आचार्य नवरुणानंद अवधूत एवं राजेंद्र प्रसाद मौजूद रहेंगे।

### एमएनपीएस में मातृ-पितृ पूजन दिवस संपन्न



**जमशेदपुर।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में योग वेदांत सेवा समिति एवं महिला उत्थान मंडल जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में अध्यक्ष श्री पी एल गौतम द्वारा मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभाकक्ष में मुख्य वक्ता द्वारा बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों को भारतीय संस्कृति के आलोक में अपने पूज्य गुरुजनों के प्रति आदर भाव की अनिवार्यता बताई गयी। शिक्षा यदि संस्कार रहित हो तो वह मानव का सर्वांगीण विकास नहीं कर सकती, अतः छात्र-छात्राओं में संस्कार संवर्धित शिक्षा के विकास हेतु विद्यालय प्रबंधन सचिव डॉ डी पी शुक्ला की प्रेरणा से ऐसे कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन किया जाता रहा है जिससे बच्चों के अन्तर्मन में 'मातृदेवो भव,पितृदेवो भव का पवित्र भाव जागृत हो। इस कार्यक्रम में शामिल बालक-बालिकाओं ने अपने माता पिता का श्रद्धा पूर्वक पूजन किया,उनकी आरती उतारी एवं अपनी सहज भावनाओं को अभिव्यक्त किया। बालसंस्कार केन्द्र द्वारा आयोजित यह एक लघु प्रयास वर्तमान पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति आदर भाव जगाने का काम करेगा। मुख्य वक्ताओं ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता प्रकट की। कार्यक्रम के समापन पर कक्षा-6 अ की छात्रा ऋतु कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस आयोजन में टीचर मौली, बिन्दु आहूजा,मौमिता सरकार ने अपना योगदान दिया। विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर एवं अन्य शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया।

### सामाजिक कार्यकर्ता गणेश शर्मा पंचतत्व में विलीन



**जमशेदपुर।** छात्र जीवन से ही सामाजिक, राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े थे। आपातकाल के दौरान वे जेल भी गये। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व विधायक स्व टीकाराम माझी के सहायक के रूप में जन सेवा का काम किये। अंतिम समय तक जनता के सेवा में सक्रिय रहे। असमय मृत्यु से उनके परिवार और शुभचिंतकों पर गहरा असर पड़ा है। सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन ने कहा कि गणेश की मृत्यु से शोषित, पीड़ित समाज की अपूर्ण क्षति हुई है। जमीन लूट खिलाफ और डिमना बांध विस्थापितों के आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका में रहे। मौके पर ऋषि शर्मा, शशि शर्मा, मदन मोहन, श्यामलाल अग्रवाल, दीपक रंजीत, डॉ रामकवीद्र, जगत नारायण, लखु तंतुबाई, पंकज भुइयां, विष्णु देव, संजय मिश्रा, रुद्रो सिन्हा, वीरेन मुर्मू, बसंत कुमार, रामबचन सोनी, पप्पू सोरेन, सुनील रजक, प्रदीप राम आदि उपस्थित थे।

### सहिया दीदियों के आंदोलन को आजसू का समर्थन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को आजसू पार्टी जिला समिति ने जुगसलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगातार 10 दिनों से अपने 15 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठी सहिया दीदीयो जिसमे मुख्य रूप से नेतृत्व कर रही नीना श्रीवास्तव, मौसोना साहू, संजू मिश्रा, सेरेना मिंज, शोभंती कुमारी, नीलम कुमारी से मुलाकात कर उनकी जायज मांगों से अवगत हुए। मुलाकात कर आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि खतियानधारी मुख्यमंत्री जी और रिकार्ड धारी स्वास्थ्य मंत्री जी आखिर कबतक इन सहिया दीदियों पर अत्याचार करते रहिएगा और क्यूं कीजिएगा? इस तरह राज्य की कई हजार बहने अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर रही है और आपके सरकार द्वारा धमकी दी जा रही है, आजसू इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कन्हैया सिंह ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कौन सा नियम के तहत इन्हे मात्र एक दिन की दिहाड़ी 67 रुपया तय किया गया है। दोनो व्यक्ति बताए अगर थोड़ी भी मानवता है तो धरने पर बैठी इन महिला बहने को जल्द से जल्द उठाये अन्यथा आजसू चुप बैठने के बजाए सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। कार्यक्रम में मुन्ना सिंह, अप्पू तिवारी, अरूप मल्लिक, तनवीर आलम राजू, प्रवीन प्रसाद, अभय सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### साकची : भंडारे के साथ 34वां श्याम महोत्सव संपन्न

**जमशेदपुर।** गुरुवार को महाभंडारे के साथ श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 34वां तीन दिवसीय श्री श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। गुरुवार की सुबह बाबा श्याम को बारस की ज्योत लेकर भोग लगाने के बाद भंडारा का शुभारंभ हुआ। लगभग पांच हजार से अधिक भक्त भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किये। प्रसाद वितरण के लिए 11 स्टॉल लगाये गये थे। श्याम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करते हुए बाबा की जय जयकार की। आज के भंडारा का आयोजन राम कृष्ण चौधरी (बीजू बाबू) की तरफ से आयोजित किया गया था।

# जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज और श्रीनाथ विवि के बीच हुआ एमओयू

>> छात्र-छात्राओं का होगा सर्वांगीण विकास : कुलपति डॉ गोविंद महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गुरुवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में को-ऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर के साथ सहमति ज्ञापन समझौते एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू के दौरान श्रीनाथ विवि की ओर से कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो, कुलपति डॉ गोविंद महतो, कुलसचिव डॉ भाव्या भूषण तथा डॉक्टर संतोष कुमार थे, वही जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज से प्रिंसिपल डॉ अमर सिंह, केमेस्ट्री की विभागाध्यक्ष डॉ अंतरा कुमारी, एमओयू की को ऑर्डिनेटर, डॉ नीता सिन्हा उपस्थित थी। इस एमओयू से श्रीनाथ विश्वविद्यालय तथा जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। एमओयू के तहत श्रीनाथ विवि तथा जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज के बीच एक छात्र विनिमय कार्यक्रम, सहयोगी अनुसंधान परियोजनाएं, संयुक्त ऊष्मान कार्यक्रम, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन, अकादमिक नेतृत्व और नवाचार जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# अरका जैन विश्वविद्यालय : फैशन डिजाइन के छात्रों ने पुन:कृति की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइन विभाग के छात्रों ने पुराने और अनुपयोगी चीजों से बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के सिद्धांत पर 'पुनःकृति' कार्यक्रम का आयोजन किया जिससे डिजाइन बोर्ड तैयार किया गया और रीसाइक्लिंग को डिजाइन के माध्यम से बढ़ावा देने का नायाब कोशिश की गयी।

विभाग के सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने फैशन डिजाइन लैब में मौजूद अनुपयोगी वस्तुओं से




कठपुतली खेल का दृश्य और राजस्थान की संस्कृति को डिजाइन बोर्ड पर दर्शाया गया जिसे जूरी सदस्य डॉ सोनिया रियात, डॉ मनोज पाठक और प्रो सर्बोजित गोस्वामी द्वारा सराहा गया और उचित मार्गदर्शन भी दिया गया। पहले और चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कई तरह की चीजों से जीवंत डिजाइन प्रस्तुत कर रचनाशीलता की नयी परिधि बनायी जिसे विभाग द्वारा प्रोत्साहित कर बड़े पैमाने पर व्यावसायिक रूप दिया जायेगा।

# जोगिंदर सिंह जोगी ने भाजमो छोड़ भाजपा में की वापसी

➲ पूर्व सीएम रघुवर दास ने माला पहना कर घर वापसी करायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह जोगी ने अपने समर्थकों के संग भाजपा में पुनः घर वापसी की। बुधवार को साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी समेत अन्य


जोगी की पार्टी में वापसी कराते पूर्व सीएम रघुवर दास व अन्य भाजपाई।

वरीय नेताओं की मौजूदगी में जोगिंदर सिंह जोगी ने पार्टी में वापसी की। ढोल-नगाड़ो के बीच पार्टी नेताओं ने उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पमाला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि जोगिंदर सिंह जोगी की राजनीतिक कार्यों के अतिरिक्त सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका रहती है।

# भाजपा जमशेदपुर महानगर ने किया आम बजट का स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पेश किए गए आम बजट का भाजपा ने स्वागत करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ विश्व की उम्मीदों को पूर्ण करने वाला बजट बताया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बजट को गरीबों का बजट बताते हुए कहा कि यह बजट नए भारत के संकल्प को सिद्ध करने की ओर ऐतिहासिक प्रयास है। उन्होंने बजट को संतुलित बताया और कहा कि इस बजट से भविष्य के योजनाओं के क्रियान्वयन की मजबूत नींव रखी गयी है। बजट


महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव।

2023 में 5जी ऐप और सेवाओं को विकसित करने के लिए 100 लैब, कई नर्सिंग कॉलेज खोले जाने समेत 47 लाख युवाओं को 3 साल तक भत्ता देने की घोषणा सराहनीय एवं स्वागत योग्य है।

# ऑटो कलस्टर परिसर में तीन दिवसीय बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजीनियरिग एक्सपो शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंडोमैक बिजनेस शौल्युशन्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इंडोमैक जमशेदपुर) का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सरायकेला खरसावां के उपायुक्त आरव राज कमल द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में जियाडा आदित्यपुर रिजनल डायरेक्टर श्री प्रेम रंजन, आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के प्रबंध निदेशक श्री एस एन ठाकुर, एसिया के अध्यक्ष श्री संतोष खैतान, शरदुल सिंह, राजीव रंजन (मुन्ना), दशरथ उपाध्याय, इन्द्र अग्रवाल, दिवयांशु सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार के अलावा एसिया के अन्य पदाधिकारी एवं मेम्बरों की उपस्थिति में उक्त एक्सपो का उद्घाटन हुआ। उक्त अवसर पर श्री आरव राज कमल ने कहा कि चूंकि आदित्यपुर इडस्ट्रीयल एरिया देश का एक महत्तवपूर्ण एवं सबसे बड़ा लघु उद्योग का स्थान है जहाँ बड़ी


एक्सपो का उद्घाटन करते सरायकेला के डीसी अरवा राजकमल।

संख्या में छोटे, मझौले एवं बड़े उद्योग स्थापित हैं और इस तरह के इंडस्ट्रीयल एक्सपो के आयोजन से देश-विदेश में इंडस्ट्री के क्षेत्र में नवीनतम बदलाव एवं नये-नये तकनीक से यहां के उद्योगपति रूबरू होंगे। साथ ही श्री प्रेम रंजन, श्री एस एन ठाकुर एवं श्री संतोष खैतान ने संयुक्त रूप से कहा कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर आयोजन की आवश्यकता है और हम यथासंभव इस तरह के आयोजनकर्ताओं को हर संभव मदद करेंगे ताकि यहां के उद्योगों का और अधिक विकास हो सके।

इस एक्सपो में सभी विजिटर्स के लिये प्रवेश निःशुल्क रखी गयी है। एक्सपो को विजिट करने का समय 11 बजे से शाम 7 बजे तक का रहेगा। इन्डोमैक बिजनेस सोलूशन्स द्वारा भारत के अन्य शहरों नागपुर, हैदराबाद, विशाखापत्तनम एवं भुवनेश्वर में भी इंडोमैक इंडस्ट्रियल एक्सपो का आयोजन किया जाने वाला है।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस ने किया पोस्ते की खेती को नष्ट



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के डगरा पंचायत के रायबारकला में 5 एकड़ जमीन पर बड़े पैमाने पर पोस्ते की खेती की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर नौडीहा बाजार सीओ जितेंद्र कुमार, मंडल थाना प्रभारी अमन कुमार व अवर पुलिस निरीक्षक शंकर टोप्पो दल बल के साथ वहां पहुंच पोस्ते की खेती को नष्ट किया। थाना प्रभारी ने बताया कि नौडीहा बाजार क्षेत्र में पोस्ता खेती नहीं रूक रही है। पदाधिकारी सख्त हों। पोस्ता खेती करने वालों की खैर नहीं होगी। मादक पदार्थों की खेती या बिक्री नहीं होने देंगे।

### छिपादोहर में मिला अधेड़ का शव



**बिश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के छिपादोहर कला गांव में सड़क किनारे से पुलिस ने एक अधेड़ का शव गुरुवार को बरामद किया है। पहचान नप के वार्ड 18 के नावाडीह खुर्द निवासी शिव कुमार उर्फ टहल पासवान (50) के रूप में हुई है। वह ऑटो रिक्शा चलाता था। बुधवार शाम को वह घर से निकला था। लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आया। गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक पुल के पास उसका शव देखा, तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर भेज दी है। मृतक रोज शाम को शराब पीने छिपादोहर जाता था। इधर मृतक के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि सभी बिंदुओं पर जांच जारी है।

### बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी ने किया उन्नत किस्म के सब्जी बीज का वितरण



**मेदिनीनगर।** बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के ऑफिस में वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य योजना अंतर्गत उद्यान विकास की योजना के तहत विभिन्न प्रकार की सब्जियों के तकनीकी प्रत्यक्षण हेतु राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा टमाटर, नेनु, करेला, भिंडी एवं कद्दू के उन्नत किस्म के बीजों का वितरण 250 कृषक के बिच वितरण बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने चयनित किसानों को नि:शुल्क बीज बांटा। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, बड़ा बाबू अली, किसान निर्माता कंपनी के सचिव ब्रजेश पांडे, अध्यक्ष अशोक चौरसिया एवं बीओडी मेंबर्स अवधेश चौरसिया, मुकेश कुमार, रविंद्र चौरसिया, करेश महतो, अकाउंटेंट्स- फरजाना शामिल थे। एफपीओ के सचिव ब्रजेश कुमार पांडे ने कहा कि किसानों को दिया गया बीज उत्तम किस्म का है। इसे अपने खेतों में जरूर लगायें और जो बच रहा है उसे बगल के किसानों को दें क्योंकि अगले साल यह बीज खराब हो जायेगा।

### फीचर फिल्म बाज का मुहूर्त हुआ

**मेदिनीनगर।** पीटीएफ के बैनर तले बन रही आगामी फिल्म बाज का मुहूर्त गुरूवार को बैद्यनाथ आश्रम में किया गया। इस फिल्म के लेखक व निर्देशक प्रवीण तिवारी व निर्माता नवीन तिवारी हैं। इस फिल्म का डायलॉग्स और लिरिक्स प्रिंस आर एवं म्यूजिक मुंबई के जाने माने संगीतकार आर्या शर्मा के द्वारा दिया गया है। ये फिल्म वर्तमान में बिहार व झारखंड में हो रहे अपराध पर आधारित है। इस फिल्म में पलामू, रांची, धनबाद, बोकारो और दिल्ली के कलाकार अपना अभिनय करते दिखेंगे। इस फिल्म को ज्यादातर पलामू में ही फिल्माया जायेगा। इसके साथ ही फिल्म को बिहार में भी शुट किया जायेगा। मुहूर्त में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के अधिवक्ता व भाजपा नेता किशोर पांडेय के साथ फिल्म के कलाकार व प्रोडक्शन के सदस्य मौजूद थे। निर्माता नवीन तिवारी का कहना है कि पलामू में इस तरह की और भी बड़ी फिल्में बनायी जायेगी ताकि पलामू के कलाकारों का नाम बड़े परदे तक जाता रहे। निर्देशक प्रवीण तिवारी जनता से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

### बिजली समस्या निदान को एनसीपी का प्रतिनिधिमंडल महाप्रबंधक से मिला



**हुसैनाबाद पलामू।** विधायक कमलेश कुमार सिंह के क्षेत्र भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने टाटा पावर लिमिटेड व विभागीय अभियंताओं के खिलाफ शिकायत की थी। विधायक के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल बुधवार को विद्युत विभाग डालटनगंज कार्यालय में महाप्रबंधक से मिलकर 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा है। मांग पत्र में टाटा पावर लिमिटेड ने ग्रामीणों का आधार कार्ड लेकर कागज में कनेक्शन दिखा दिया और बिजली बिल चालू कर दिया गया है, उसे ठीक करने, कंपनी द्वारा विभिन्न गांव में किये गये अधूरा कार्य को पूरा कराने, सभी विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या समाधान के लिए प्रखंडों में एक निश्चित दिन शिविर लगाने, उपभोक्ताओं पर मनमाने ढंग से फाइन और प्राथमिकी पर रोक लगाने, जपला शहर को जपला स्थित सब स्टेशन से विद्युतापूर्ति करने समेत अन्य मांगे शामिल हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो उपभोक्ताओं के साथ आंदोलन करेगा। जिसकी जवाबदेही विभाग की होगी। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द निदान नहीं करता है तो एनसीपी सभी प्रखंडों में आंदोलन चलाने को बाध्य होगा। शिष्टमंडल में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हैदरनगर अध्यक्ष विमलेश सिंह व मोहम्मदगंज अध्यक्ष जियाउद्दीन खान शामिल थे।

### आरएन टैगोर पब्लिक हाई स्कूल का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न




**मेदिनीनगर।** आरएन टैगोर पब्लिक हाई स्कूल द्वारा दो दिवसीय खेलकूद का आयोजन जीएल कॉलेज के मैदान एवं विद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य अरबिंद कुमार पांडेय ने क्रिकेट खेल से किया। प्राचार्य ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से हमारा संवर्णगिन बिकाश संभव है खेल में असीम संभावनाएं है। खेल से हम अपने परिवार एवं देश का नाम रौशन कर सकते हैं। खेल हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिक का वाश होता है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज की कल्पना कर सकता है। अत: हमें खेलो के महत्व को समझना चाहिए।

# रीतलाल वर्मा के सिद्धांत व आदर्श सदैव राह दिखाते रहेंगे : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने रीतलाल प्रसाद वर्मा के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भाग लिया। कहा वे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का सर्वाधिक प्रतिनिधित्व करनेवाले जननेता थे। आज उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण हुआ है। बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि स्व वर्मा के आदर्श और सिद्धांत सदैव राह दिखाता रहेगा। उनके आदर्शों को बचाने या उनके सिद्धांत पर चलने के लिए पूरा प्रयास करूंगा। आज उनके बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। मौके पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू शामिल थे।

**यज्ञ में शामिल होना सौभाग्य की बात : विधायक** - विधायक डॉ मेहता ने पांकी विस के नौडीहा, बहेरा, बिदरा, पोस्ट लोहरसी थाना पिपराटांड़ में दुर्गा स्थापना शतचंडी महायज्ञ के विराट आयोजन में शामिल हुए। बताया कि यज्ञ में शामिल होना परम सौभाग्य की बात है। 31 जनवरी से 05 फरवरी तक चलने वाले इस अनुष्ठान से क्षेत्र में चारों ओर भक्तिमय वातावरण है। लोगों की श्रद्धा-भक्ति देखते बन रही है। जगतजननी मां दुर्गा सबका कल्याण करें ऐसी कामना करता हूं। डॉ मेहता ने यज्ञ कमेटी को 11,000 रुपये सहयोग राशि दी। मौके पर समिति के अध्यक्ष कर्मपाल सिंह, उपाध्यक्ष यशवंत सिंह, सत्येंद्र सिंह, गोपाल सिंह, अनुग्रह सिंह, बिंदेश्वर सिंह, बीरेंद्र सिंह, शंकर गुप्ता, अमरनाथ मिश्रा, मनोज मिश्रा, राम प्रसाद साव, उमाशंकर सिंह, संतोष गुप्ता, बाल्मीकि सिंह, संतोष सिंह, शिव साव, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, अजय प्रसाद गुप्ता, भाजपा के विधायक प्रतिनिधि पांकी सुनील गुप्ता आदि भी थे।

**पीपराटांड़ थाना प्रभारी से की मुलाकात : पांकी पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने पिपराटांड़ थाना के नए प्रभारी से मुलाकात की। मौके पर विधायक ने नये थाना प्रभारी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने थाना प्रभारी को क्षेत्र में अमन चैन लाने व अपराधमुक्त बनाने को कहा। इस पर थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया है कि सबके विश्वास पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे एवं क्षेत्र में अपराध को खत्म कर भयमुक्त वातावरण बहाल करने के लिए पूरी कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करेंगे।

# गमगीन जश्न का खुशगवार पल है विदाई : अविनाश देव

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के दो बड़े अधिकारी नये साल में सेवानिवृत्त हो गये। पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी और क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक शिवनारायण साहा को समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। मौके पर माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने दोनों पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर विदाई दी। श्री अविनाश ने कहा कि इनके बेहतर सेवा लोक व्यवहार में कुशलता के लिए प्रमंडलवासी सदैव याद रखेंगे। दोनों पदाधिकारियों ने सेवा के शुरुआती व आखिरी दिनों को याद कर सेवाकाल के कटु मधु अनुभवों को साझा किया। सेवानिवृत लोगों की समाजहित सामाजिक कार्यों में भागीदारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कहा कि उम्मीद है दोनों पदाधिकारी जहां भी रहेंगे समाज के पथ प्रदर्शक बने रहेंगे। कहा कि विदाई गमगीन जश्न का खुशगवार पल है एक दिन सब को यह क्षण से गुजरना पड़ता है। उन्होंने पदाधिकारियों के स्वस्थ व लंबी उम्र की कामना की।

# ऐसे में कैसे होगा पलामू का समुचित औद्योगिक विकास

- कठौतिया माइंस में खनन कार्य बंद रहने से सैकड़ों के समक्ष भुखमरी की स्थिति
- **स्थानीय युवक की मौत के बाद से बंद है माइंस**
- ग्रामीणों ने कंपनी की जमीन पर लगाया लाल झंडा
- **लोगों के विरोध के आगे कंपनी परेशान**

**विशेष संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक तरफ सरकार ज़िले के औद्योगिक विकास के लिए प्रयास कर रही है वहीं दूसरी तरफ ज़िले में काम कर रही प्रमुख औद्योगिक कंपनी हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस में पिछले आठ दिनों से कोयला खनन का कार्य बंद है। माइंस में खनन कार्य बंद रहने से कठौतिया माइंस से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच हजार लोगों के रोजगार पर संकट उत्पन्न हो गया है। सवाल यह है कि अगर यही हालात रहे तो पलामू का समुचित औद्योगिक विकास कैसे होगा?



**क्या है मामला**

मालूम हो कि बीते 23 जनवरी को संदेहास्पद स्थिति में सिक्का के एक युवक की मौत हो गयी थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों व कुछ राजनीतिक दल के लोगों ने आरोप लगाया था कि माइंस में ब्लास्टिंग के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया जिसके कारण युवक की मौत हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने माइंस में चल रहे कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके साथ ही खदान में कार्यरत कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट भी की गई थी। उस दिन के बाद से माइंस तरफ जा रहे कर्मियों के साथ आज भी मारने के लिए दौड़ाया जा रहा है। माइंस के जमीन पर कुछ लोगों द्वारा लाल झंडा लगा दिया गया। मालूम हो कि पलामू में अभी एक मात्र औद्योगिक प्रतिष्ठान के नाम पर कठौतिया माइंस ही है। जहां प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पांच हजार से अधिक लोगों का रोजगार चलता है। लेकिन माइंस में खनन कार्य बंद रहने एवं कुछ लोगों द्वारा माइंस परिसर में लाल झंडा लगा देने से लोग अपने छिनते रोजगार को देखते हुए चिंतित हैं। लोगों का कहना है कि यदि माइंस में तत्काल खनन कार्य शुरू नहीं हुआ तो सैकड़ों लोगों के समक्ष रोजगार संकट उत्पन्न जायेगा। रोजगार बंद हो जाने के बाद परिवार कैसे चलेगा यह चिंता लोगों को सता रहा है। माइंस में वाहनों को क्षतिग्रस्त करने एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे आरोपियों द्वारा रोज उपद्रव किया जा रहा है।

# बिहार जा रही 46 पेटी शराब जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

➲ **कार की जांच के बाद हरिहरगंज पुलिस ने किया खुलासा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




पत्रकार वार्ता में मामले की जानकारी देते अधिकारी।

**हरिहरगंज पलामू।** गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरगंज पुलिस व उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी कर एनएच 98 सहारा होटल के नजदीक से गुरुवार को अवैध शराब लदा एक कार (डब्लू एच 06 एच 9586) को जब्त किया है। जबकि संलिप्त एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि झारखंड से बिहार ले जाए जा रहे कार में कुल 46 पेटी में 180 एमएल के 2070 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुआ है। अवैध शराब का परिवहन करते हुए कार को जब्त करने के साथ ही बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत सासाराम थाना क्षेत्र के विश्रामपुर कला गांव निवासी अनिल कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि बोतल पर यूपी ब्रांच लिखा हुआ है। प्रथम दृष्टया में शराब नकली प्रतीत होता है। शराब कहां बनाया जा रहा है इसकी जांच की जा रही है। छापेमारी दल में एएसआई जितेंद्र कुमार, हवलदार मनोज कुमार मेहता, उत्पाद विभाग के पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

### देश को आत्मनिर्भर बनानेवाला बजट : सुनील सिंह




**सतबरवा पलामू।** चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया आम बजट भारत को आत्मनिर्भर तथा समृद्ध बनाने वाला बजट है। जिसमें मजदूर से लेकर उद्यमियों तक के लोगों का ख्याल रखा गया है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। यह बजट आशा और आकांक्षाओं से भरा हुआ है जो दुनिया को राह दिखाने वाला बजट साबित होगा। सांसद ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत महाशक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है। आम बजट आकांक्षी समाज के लिए दूरदर्शी समावेशी गांव, गरीब, महिला, बुजुर्ग, युवाओं समेत सभी वर्ग समुदाय के लोगों के लिए कारगर साबित होगी। वहीं प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर ने भी आम बजट की सराहना की है।

### हुसैनाबाद के अमही में अखंड कीर्तन का आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के जमुआ पंचायत के अमही भगवती मंदिर परिसर में एकदिवसीय अखंड कीर्तन हुआ। कीर्तन में हरे राम, हरे कृष्ण की धुन पर पूरा रात दिन गांव में भक्तिमय वातावरण रहा। राजद के दामोदर कुमार ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम से गांव में भक्ति माहौल और वातावरण में शुद्धता आती है। साथ ही गांव में सामाजिक सौहार्द बना रहता है। वहीं सीताराम बारी ने मंदिर में हमेशा के लिए भजन हेतु बाजा लगवाया। मौके पर डॉ मानदेव, राजकुमार युगेश्वर, प्रदीप, जगदीश डॉ अखिलेश, भोला राजवंशी, बुचाणी, भरत सिपाही, चंद्रशेखर आदि लोग उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद : परिवहन विभाग ने की वाहन चेकिंग



**हुसैनाबाद पलामू।** डीटीओ पलामू के निर्देश पर पलामू जिला परिवहन विभाग के एमवीआई रंजीत मरांडी एवं गुंजन सिंह तथा हुसैनाबाद थाना पुलिस ने शहर के अनुमण्डल गेट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें कई वाहनों को चेक किया। कई गाड़ियों को हुसैनाबाद थाना में जब्त कर लाया गया। इस मामले में पलामू एमभीआई रंजीत मराण्डी ने मीडिया को बताया कि जिले वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नियमित चेकिंग लगाया जा रहा हैं। जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस, इंसुरेंस, परमिट, फिटनेश, नंबर आदि सभी तरह के कागजात को चेक किया एवं जिस गाड़ी मालिक या चालक इन सभी कागजात को नहीं दिखाया वैसे गाड़ियों को जब्त के उन्हें अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है। पकड़े गये गाड़ियों में भूषा लदे एक ट्रैक्टर, एक पिकअप, दो पत्थर छरी लदा हुआ ट्रैक्टर कई बाइक भी शामिल हैं।

# जिले के वरीय अधिकारियों संग उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक पहली बार पहुंचे नक्सलियों के गढ़ कुंडीलपुर

- ग्रामीणों की मांग के अनुरूप होगी डीप बोरिंग और तालाब का निर्माण : उपायुक्त
- दो किमी बाइक से चलकर पहाड़ पर बसे आदिम जनजाति समुदाय के लोगों संग किया सीधा संवाद, सुनी ग्रामीणों की समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**मनातू पलामू।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे और पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा समेत कई वरीय पदाधिकारी गुरुवार को जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड मनातू के रंगिया पंचायत के पहाड़ पर बसे कुंडीलपुर दुर्गम रास्ते से बाइक से पहुंचे। कभी नक्सलियों के गढ़ रहे कुंडीलपुर में पहली बार जिला अधिकारियों ने वहां पहुंच आदिम जनजातियों का कुशलक्षेम जाना। बता दें कि मनातू प्रखंड से कुंडीलपुर तक सड़क कनेक्टिविटी न होने से वरीय अधिकारियों को बिहार के गया जिले के इमामगंज से होते हुए जाना पड़ा। कुंडिलपुर पंहुचकर उपायुक्त ने आदिम जनजाति के लोगों संग संवाद कर उनकी जरूरतों व समस्याओं से अवगत हुए।

**अफीम की खेती छोड़ रोजगार और पारंपरिक खेती से जुड़ें लोग : एसपी**

पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने पूरे इलाके में हो रहे अफीम की खेती को छोड़ कर रोजगार से जुड़ने और पारंपरिक खेती करने की सलाह वंहा के ग्रामीणों को दिया। उन्होंने अफीम की खेती करने वाले लोगो को हिदायत देते हुए कहा अफीम खेती करना कानूनन अपराध है, पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसपी चंदन कुमार सिंहा ने वंहा लहलहा रहे अफीम के फसलों को नष्ट करने का निर्देश पुलिस के जवानों को दिया। पुलिस के जवानों ने बड़ी मात्रा में अफीम के फसलों को नष्ट किया।

**आंगनबाड़ी सेविका सेवामुक्त, स्थानीय महिला को सेविका चुनने का निर्देश :** उपायुक्त ने इसी क्रम में कुंडीलपुर के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र और रसोईघर को गंदगीयुक्त पाया। उपायुक्त ने सहायिका से पूछताछ में पाया कि सेविका ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्र से नदारद रहती है। उपायुक्त ने सेविका को फटकार लगाते हुए तत्काल सेवामुक्त किया, वहीं नई सेविका स्थानीय महिला का चयन करने का आदेश डीएसडब्ल्यूओ को दिया।

# हुसैनाबाद : जेजेएमपी के फरार सदस्य को पुलिस ने दबोचा, जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फरार चल रहा जेजेएमपी के एक सदस्य को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया की पलामू पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की जेजेएमपी का हुसैनाबाद थाना कांड संख्या का फरार अभियुक्त डब्लू विश्वकर्मा उर्फ शक्ति विश्ववकर्मा जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य अपने गांव विशुनपुर थाना टंडवा अपने घर पर एक शादी समारोह में आया हुआ है। इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश ने एक छापेमारी दल को उक्त गांव में भेजा। हुसैनाबाद पुलिस टंडवा थाना पुलिस, एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से विशुनपुर गांव पहुंचकर छापेमारी शुरू की पुलिस को देखते वह अपने घर से भागने के फिराक में था। छापेमारी दल के जवानों ने उसे उसके घर के पास से ही धर दबोचा। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार जेजेएमपी के सदस्य के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में दो कांड दर्ज है। इस अभियान में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगननाथ धान, एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह, व टंडवा थाना व एसएसबी के जवान शामिल थे।

### आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करेगा बजट : शशिकांत

- अभाविप के छात्र नेता ने बजट पर दी प्रतिक्रिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के छात्र नेता शशि कांत ने बताया कि केंद्रीय 2023-24 के इस बजट से मजबूत नींव का निर्माण होगा। ये बजट अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत निर्माण की मजबूत नींव रखेगी। यह बजट गरीब, मध्यम वर्ग, किसान सहित आकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करेगा। इस बजट से महिला का सम्मान बढ़ा, बच्चों और किशोरों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा से जिला स्तर पर बच्चे कैसे पढ़ेंगे और बढ़ेंगे इसका उल्लेख किया गया है। सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएम पीबीटीजी विकास मिशन शुरू किया जायेगा, ताकि पीबीटीजी बस्तियों को मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा सके।

# सीओ से कॉलेज की भूमि पर अवैध निर्माण रोकने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय सतबरवा के प्रभारी प्राचार्य सह जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू मनोज कुमार ने महाविद्यालय के भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग सतबरवा अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार से किया है। श्री कुमार ने महाविद्यालय के पत्रांक 44/2023 के माध्यम से कहा है कि वर्तमान में कार्यालय भवन के पीछे आम के बागान के दक्षिण-पश्चिम कोने पर अंजना गुप्ता मकान बनवा रहा है जिसमें कुछ जमीन कॉलेज की हो सकती है। उन्होंने कॉलेज की भूमि का सीमांकन कराते हुए अतिक्रमण मुक्त कराने का भी आग्रह किया है। श्री कुमार ने कहा कि कॉलेज की भूमि पर कई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर दुकान व मकान आदि बनवा चुके हैं। जिससे कॉलेज की परिसंपत्ति की सुरक्षा से इनकार नहीं किया जा सकता है। कहा कि कॉलेज के पास 25 एकड़ 9 डिसमिल जमीन उपलब्ध थी। मगर कॉलेज की जमीन पर ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय सतबरवा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बीआरसी सतबरवा, सतबरवा थाना भी बनवाया जा चुका है, जिसकी सूचना समय-समय पर विभाग को दी जा चुकी है।

**इन्हें भी भेजी गयी है आवेदन की प्रतिलिपि :** अवैध रूप से निर्माण कार्य को अविलंब रोक लगाने को लेकर पलामू डीसी, पलामू एसपी, एसडीएम सदर, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर, सतबरवा थाना, निदेशक प्राथमिक शिक्षा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड समेत अन्य कई विभाग को प्रतिलिपि भेजी गयी है।

# मनरेगाकर्मियों के साथ हो रहा शोषण नहीं करेंगे बर्दाश्त : देवेंद्र

➲ **अपनी मांगों को लेकर मनरेगा कर्मचारी संघ ने दिया धरना**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धरना-प्रदर्शन में शामिल मनरेगाकर्मी व अन्य।

**मेदिनीनगर /पांकी।** गुरुवार को झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ, पलामू जिला इकाई ने अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में पलामू जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र उपाध्याय ने किया जबकि संचालन प्रदेश सचिव विकास पांडेय ने किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष देवेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मनरेगा कर्मी 15 वर्षों से अति अल्प मानदेय पर काम कर रहे हैं लेकिन अभी तक सरकार ने न तो जॉब की सिक्योरिटी और सम्मानजनक वेतन दी। छोटी-छोटी गलतियों पर मनरेगा कर्मियों को सीधे बर्खास्त कर दिया जाता है, जबकि उसी गलती के लिए सरकारी कर्मियों को एक-दो माह के लिए मात्र निलंबित कर इतिश्री कर दिया जाता है। यह मनरेगा कर्मियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है, आर्थिक शोषण है। मनरेगा कर्मी अब सरकार के अन्याय को नहीं सहेंगे, अपने हक-अधिकार के लिए धारदार आंदोलन करेंगे। प्रदेश सचिव विकास पाण्डेय ने कहा कि मनरेगा कर्मियों का जॉब नेचर ऐसा है कि 24 घंटे डर के साए में नौकरी करते हैं। हर दिन नौकरी चले जाने का डर लगा रहता है, नौकरी का डर दिखा कर उच्च अधिकारियों द्वारा किसी भी काम में लगा दिया जाता है, चाहे वह कितना भी जोखिम भरा हो।

स्पीड न्यूज

## क्विज प्रतियोगिता में डीपीएस बोकारो अव्वल



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने रांची के सीएमपीडीआई सभागार में आयोजित अंतर राज्य क्विज प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में स्टेट टॉपर होने का गौरव हासिल किया। विद्यालय की छात्रा श्रेष्ठा रूपम द्विवेदी एवं छात्र आयुष्मान दत्ता सीनियर ग्रुप में पूरे झारखंड में सर्वाधिक अंक हासिल कर विजयी हुए। विजेता टीम को स्कूल ट्रॉफी और दोनों प्रतिभागियों को लैपटॉप प्रदान किया गया ।प्राचार्य डॉ एण एसण गंगवार ने दोनों ही सफल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी बेहतरी का सिलसिला जारी रखने का संदेश दिया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान 650 से अधिक विभिन्न विद्यालयों से 5500 छात्र.छात्राओं ने भाग लिया था ।विजयी विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति.प्राप्त क्विज मास्टर प्रणब मुखर्जी के साथ पहली बार आमने–सामने होकर सवाल–जवाब करने को यादगार अनुभव बताया।

## अतिक्रमित जमीन की मापी को पहुंची अंचल की टीम बैरंग लौटी

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के बगदा गांव स्थित केसर ए हिंद जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों ने कसमार अंचलाधिकारी को आवेदन दिया था। जिसके आधार पर सीओ प्रदीप कुमार शुक्ला के आदेश पर कर्मचारी सुनील कुमार गुप्ता तथा अमीन रमेश कुमार जमीन की मापी करने बगदा गांव पहुंचे ।अतिक्रमणकारियों द्वारा गाली गलौज एवं आक्रामक होने के कारण मापी नहीं हो पाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बगदा के सरकारी केसर ए हिन्द जमीन थाना नंबर 103 प्लॉट नंबर 1080 तथा खाता नंबर 150 सार्वजनिक करम अखरा है जिसे बगदा निवासी धरणीधर प्रसाद वर्माए जयकुमार तथा विमल वर्मा द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

## आशीर्वाद अपार्टमेंट की घटना: जरीडीह बाजार की सास-बहू की मौत

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** धनबाद के जोड़ा फाटक रोड स्थित आशीर्वाद टावर में मंगलवार शाम को हुई भीषण आग लगी की घटना में जरीडीह बाजार गुरुद्वारा गली निवासी 65 वर्षीय विंदा देवी पति स्वर्गीय नारंगी लाल तथा उसकी बहू 40 वर्षीय बेबी देवी पति दिनेश लाल की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी देर रात जरीडीह बाजार पहुंचते ही मोहल्ले में मातम छा गया। यहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। बुधवार को यहां रह रहे अन्य परिजन धनबाद के लिए रवाना हो गए उसके बाद घर में सन्नाटा पसर गया। सभी शवों का पोस्टमार्टम धनबाद में देर रात तक हो गया। परिजनों के अनुसार दोनों सास बहू का अंतिम संस्कार धनबाद में कर दिया गया है।

## 18 हजार पंचायत स्वयंसेवक जायेंगे हड़ताल पर

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** पारा मेडिकल अनुबंध कर्मचारी एवं स्वास्थ्य सहियाओं के आंदोलन के बाद अब ग्रामीण विकास विभाग पंचायती राज में कार्यरत राज्य के अट्ठारह हजार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक भी आंदोलन पर जायेंगे। 20 फरवरी से अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा कर दिया गया है ।राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश सचिव चंद्रदीप कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 20 फरवरी से पहले पहले हेमंत सरकार संघ की मांगों पर संज्ञान लेकर वार्ता का प्रस्ताव नहीं देते है तो 20 फरवरी से अनिश्चितकालीन आंदोलन की तैयारी कर ली गई है और और इसकी घोषणा भी कर दी गई है।

# झरिया: आज भी बागडिगी हादसे को याद करके दहल जाता है दिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** 2 फरवरी 2001 को बागडिगी कोलियरी खान दुर्घटना में शहीद हुए 29 श्रमिकों को उनकी बरसी पर गुरुवार को शहीद स्मारक के पास बीसीसीएल के अधिकारियों, यूनियन नेताओं, शहीद के परिवार वालों व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह झरिया विधायिका पूर्णिमा निरज सिंह ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जहा सभी ने शहीद खनिकों की याद में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, जीएमपी विद्युत शाहा, लोदना क्षेत्र के जीएम बीके सिन्हा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक डीके भगत, रामअनुज प्रसाद,पीओ एके पांडेय, एम कुंडू,श्रमिक नेताओं व शहीद के परिवार वालों ने शहीद स्मारक पर फूल चढ़ाए। बागडिगी खान में पानी घुसने से दो अधिकारियों सहित 29 श्रमिक शहीद हो गए थे। श्रद्धांजलि देते समय शहीद हुए परिवार के लोगों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। शहीदों की आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान व पाठ भी हुआ। बागडिगी खान हादसे को याद कर आज भी लोगों के दिल दहल उठते हैं। 2 फरवरी, 2001 ही वो मनहूस दिन था जिस दिन बागडिगी खदान में पानी भर जाने के कारण 29 श्रमिकों ने जलसमाधि ले ली थी। आज 22 वीं बरसी के मौके पर कोयला कंपनी बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही दुखद घटना है।श्रमिकों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। उनकी शहादत और मेहनत के कारण ही आज कंपनी ऊंचाई तक पहुंची है। उन्होने बागडिगी विस्थापन को लेकर कहा कि जेआरडीए द्वारा जो भी प्लान है उस प्लान के तहत विस्थापन किया जाएगा। बीसीसीएल अधिकारियों द्वारा बागडिगी के लोगों के बीच जो भी वार्ता हुई है. इस विषय में महाप्रबंधक से वार्ता करेंगे जो भी उचित हो उसके तहत विस्थापन किया जाएगा। इस मौके पर मजदूर संगठनों के नेता और कोयला मजदूर भी पहुंचे।

### बड़ी खान दुर्घटनाओं में बागडिगी का नाम

खान दुर्घटनाओं की सूची में झरिया बागडिगी कोलियरी की दुर्घटना भी शामिल हैं। वर्ष 2001 के दो फरवरी को हुई दुर्घटना में बागडिगी कोलियरी के 12 नंबर खदान में 29 श्रमिक अचानक काल के गाल में समा गए थे। खान दुर्घटना के बाद बारह नंबर खदान के बांध की दीवार टूटने के बाद पानी खदान में घुस गया था। 29 लोगों की जान इस हादसे में गई थी। घटना के बाद खदान परिसर में फंसे श्रमिकों व मरनेवालों के परिजनों की चीत्कार से हर कलेजा दहल उठा था। खाकी और खादी की फौज कई दिनों तक यहां रही थी। खान में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए मुंबई से गोताखोरों की टीम आई थी। घटना के चार दिन बीतने के बाद जब खदान में फंसे श्रमिकों के बचने की संभावना क्षीण हो गई तो उनके परिजनों ने शव निकालने की अपील की। पांच फरवरी की रात बारह बजे गोताखोरों की टीम ने एक बैग में भरकर पहला शव खदान से बाहर निकाला था। क्षत–विक्षत लाश की पहचान कैप लैंप नंबर से की गई थी।

# झरिया: तीन टैंकर, पाइप लाइन से होगी जलापूर्ति: पूर्णिमा

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया ।** झरिया विधायक सह सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रयास से झरिया शहर के पोद्दार पाडा में विगत 20 वर्षों से पेयजल समस्या का समाधान हुई ।जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त है। जिसका निरीक्षण करने विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह निरीक्षण करने इन्दिरा चौक पहुची। विधायक ने झमाडा पदाधिकारी अरुण सिंह जलापूर्ति के सबंध में पुरी जानकारी ली। साथ ही गर्मी को देखते हुए पेयजलापूर्ति सुचारु रूप से चलाने का निर्देश दी। साथ ही विधायक ने झमाडा प्रबंधन को मिश्रा पाडा में पाइप सहित शहर के अन्य स्थानों पर पाइप लाइन लगाकर नियमित जलापूर्ति करने का निर्देश दी। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहाकि भीषण गर्मी कारण देखते हुए झरिया क्षेत्र में दो अतिरिक्त वाटर टैंकर चलाया जायेगा। जिसके साथ पूर्व से एक टैंकर चल रहा उसके साथ कुल 3 टैंकर के साथ पाइप लाइन के माध्यम क्षेत्र में जलापूर्ति किया जायेगा। जन समस्याओं का ससमय निदान करने को लेकर हर समय राज्य सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन तत्पर हैं। उन्होंने कहाकि कि झरिया कोयलांचल में जलापूर्ति योजना बाधित करने का एक घिनौना साजिश किया जा रहा है। जोकि गत दिनों झमाडा प्लांट में पंप में लकड़ी का गुटखा व प्लास्टिक का बोरा डालकर बाधित करने का काम किया गया ।जिससे झरिया के आमजनों को परेशान किया गया जोकि निंदनीय है। मौके पर इंजिनियर आशीफ आलम, विधायक प्रतिनिधि सूरज कुमार सिंह, जमसं नेता मृणाल कांत सिंह, श्री कांत कुमार सहित अन्य थे।

### महिला की हत्या कर शव को कुएं में डालने का आरोप



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में बलराम महतो की 23 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी का शव कसमार थाना पुलिस ने उसके घर के नजदीक एक कुंए से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी उसके दो छोटे.छोटे बच्चे हैं। महिला के पति बलराम महतो फिलहाल गुजरात में है। सूचना मिलने के बाद मृतका के मायके वाले गोला थाना क्षेत्र के कुसुमडीह से आये और कसमार थाना में महिला के ससुर राजेश महतोए सास बसंती देवीए भैसूर सुंदरलाल महतो एवं गोतनी कल्पना देवी पर हत्या कर कुँए में डालने का आरोप लगाया है ।चर्चा है कि उर्मिला को उसके ससुरालवालों द्वारा द्वारा हमेशा प्रताड़ित किया जाता था। दो सप्ताह पूर्व भी जब उर्मिला मायके से ससुराल लौटी थी तो उसे घर में उसके कमरे में नहीं घुसने दिया जा रहा था। काफी देर तक उर्मिला आंगन में ही रही थीए इस दौरान दूसरे कार्य से जब उसके ससुर ने कमरा खोला तो वह घुसी थी। बताया जाता है कि मंगलवार को उसे पीट पीट कर जान से मार शव को कुंए में डाल दिया गया। उर्मिला के गायब होने की सूचना उसके पड़ोसी ने मायके वाले को दी है।

### ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत

**चासनाला।** सिंदरी बी.एच रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत, पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा शव। सुदामडीह पाथरडीह थाना क्षेत्र स्थित पाथरडीह कोल वशरी अंतर्गत सिंदरी ब्लॉक होल्ट रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी है। वहीं मासस नेता हरे मुरारी ने बताया कि सिन्द्री बी.एच रेलवे स्टेशन पोल संख्या 14/ढ4इ के पास किसी ब्यक्ति की ट्रेन से गिरकर पैर कट गया और उसकी दर्द नाक मौत हो गई है ।फिलहाल घटनास्थल पर आरपीएफ व जीआरपी पहुचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेजने की प्रकिया में जुट गई है।

# सिंदरी: हर्ल गेट पर भूख हड़ताल आज से

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** हर्ल सिन्दरी गेट पर नियोजन को लेकर छाताटाँड़ पंचायत के ग्रामीणों ने छाताटाँड़ पंचायत मुखिया डोली हाँसदा व विरसिंहपुर पंचायत मुखिया रांगा किस्कू के नेतृत्व में बुधवार से शुरू सत्याग्रह आंदोलन के दूसरे दिन भी सत्याग्रह जारी रहा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से सत्याग्रह आंदोलन अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में तब्दील हो जाएगी। भूख हड़ताल में बैठने वालों में युवा वर्ग जोश में हैं। हर्ल प्रबंधन के वादा खिलाफी एवं अड़ियल रवैये के खिलाफ बुधवार से सत्याग्रह धरना दिया जा रहा है। हर्ल प्रबंधन गुरुवार तक इसपर अमली जामा नहीं पहना पाई है। शुक्रवार से भूख हड़ताल व आगामी 06 फरवरी से ग्रामीण आमरण अनशन करेंगे। भूख हड़ताल में बैठने वालों में प्रेम महतो, अजय सोरेन, मिष्टीधर महतो, राहुल हाँसदा, दीपक महतो, उमेश किस्कू, मनोज महतो सहित 58 युवाओं ने नाम दर्ज कराया है।

सत्याग्रह धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से डोली हाँसदा, रांगा किस्कू, सरोज हाँसदा, रामेश्वर महतो, गंगाधर महतो, हेमलाल मुर्मू, दिनेश महतो, अजय सोरेन, बलराम महतो, सुनीन सोरेन, दीपक महतो, अर्जुन महतो, विजय महतो, माहालाल महतो, राजकुमार किस्कू, अमर बाउरी, पिंटू मंडल, अंबुज महतो, राजीव सोरेन, निर्मल महतो, फागु रजक, संतोष गोराईं, अशोक कुंभकार, दिनेश गोराईं, विक्रम बाउरी मौजूद थे।

## ऐतिहासिक होगा झामुमो का स्थापना दिवस: रतिलाल टुडू



**कतरास।** कतरास स्थित सूर्य मंदिर के समिप गुरुवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया ।आयोजित प्रेसवार्ता में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पूर्व बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष रतिलाल टुडू ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का 51वाँ स्थापना दिवस समारोह 4 फरवरी दिन शनिवार को धनबाद गोल्फ ग्राउंड में मनाया जाएगा ।जोकि धनबाद जिला में ऐतिहासिक होगा ।झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस दो वर्ष के बाद इस वर्ष धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में मनाया जाएगा। जिसमे हजरों के संख्या में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहेंगे। प्रेसवार्ता के मौके पर व बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष अजमुल आंसरी,बाघमारा प्रखण्ड सचिव रंजीत महतो,अमीर खान,संजय रजवार, रोनक सिन्हा, मो0 अकरम, अताउल रहमान,जयराम दास, अर्जुन भुइया, नारायण रजवार,राजेश पासवान,बिरजू बावरी,मुकेश गुप्ता,आदि दर्जनाधिक झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्वी टुंडी: 12 फरवरी को सेवा दिवस के रूप में स्थापना दिवस मनायेगा यूथ फोर्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्वी टुंडी।** गुरुवार को यूथ फोर्स की एक बैठक मैरानावाटांड में यूथ फोर्स पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष परिमल दे की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से 12 फरवरी यूथ फोर्स स्थापना दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाने का निर्माण लिया गया। और इसी निमित्त पूर्वी टुंडी मैरानावाटांड पंचायत सचिवालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में यूथ फोर्स के कार्यकर्ता जरुरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने का काम करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि यूथ फोर्स का निर्माण 14 वर्ष पूर्व तोपचांची प्रखंड के भेलवाटांड गांव में हुआ था। गांव के युवा जरुरतमंद लोगों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, आदि के क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य करें और युवाओं में नेतृत्व विकास हो इसके लिए यूथ फोर्स जो एक सामाजिक जन संगठन है का गठन किया गया। यूथ फोर्स अपने निर्माण काल से ही गांव - गरीब, मजदूर - किसान, छात्र - नौजवान के बीच सेवा कार्य कर रहा है। और इसी कड़ी में 12 फरवरी को पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत मैरानावाटांड पंचायत सचिवालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यूथ फोर्स के कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनावें में लग जाएं और कार्यक्रम का गांव - गांव तक प्रचार प्रसार करें।

### बोकारो: पुष्प-वनस्पति प्रदर्शनी का उद्घाटन

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित श्फुलवारीश पुष्प.वनस्पति प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डीएफओ रजनीश कुमार ने प्राचार्य डॉ एएस गंगवार के साथ किया। औषधीय पौधेए फूलों वाले पौधेए सजावटी पौधेए बोनसाईए सब्जीए मौसमी फल सहित विभिन्न कैटेगरी में बच्चों ने 2000 से अधिक वानस्पतिक प्रजातियों की प्रदर्शनी दिखाई व स्लोगनए कविताओं व प्रेरक पंक्तियों से पौधों की विशेषताएं बताते हुए पर्यावरण.संरक्षण का संदेश दिया।

# शहरपुरा बाजार में प्रवेश नहीं कर पायेगा दमकल

### अग्निशमन विभाग ने जताई है चिंता

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** धनबाद के व्यस्त इलाकों में हो रही अगलगी से चिंतित सिन्दरी अग्निशमन विभाग ने शहरपुरा बाजार को लेकर बड़ी बात कह डाली। हर्ल सिन्दरी द्वारा संचालित फायर बिग्रेड सिन्दरी के असिस्टेंट प्रभारी मो फरीद ने कहा कि अगर धनबाद जैसी घटना सिन्दरी के शहरपुरा बाजार में होती है तो फायर बिग्रेड की गाड़ियों को घटनास्थल तक नहीं पहुँचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहरपुरा बाजार में अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है और एफसीआईएल प्रबंधन इसपर चुप्पी साधे हुए है। उसपर बाजार व आवासीय क्षेत्रों के आसपास होने वाले गैस सिलेंडर रिफिलिंग बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं और ऐसा हुआ तो तबाही पर नियंत्रण रख पाना किसी के लिए भी असंभव होगा। सिन्दरी में कई होटलों, रेस्तरां, चाउमीन व मोमोज विक्रेता खुलेआम एलपीजी गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसपर रोक लगानी चाहिए। विगत 10 सितंबर 2022 को धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार के द्वारा जारी पत्र में 500 स्क्वायर मीटर या उससे अधिक क्षेत्र वाले प्रतिष्ठानों में फायर इस्टिंग्यूसर लगाना आवश्यक है। इसकी लगातार जाँच की जानी चाहिए। असिस्टेंट प्रभारी ने बताया कि इसको लेकर क्षेत्र के अस्पताल, स्कूलों व विभिन्न प्रतिष्ठानों को पत्र द्वारा सूचित किया गया है।

### अतिक्रमण के कारण होगी मुश्किल

एफसीआई सिन्दरी यूनिट प्रभारी ने कहा कि बाजार में अतिक्रमण के कारण घटनाओं पर अंकुश लगा पाना मुश्किल होगा। इसको लेकर अतिक्रमण पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। कोआपरेटिव मोड़ सिन्दरी में विगत 30 मार्च 2012 को गैस सिलेंडर फटने से 17 दुकानें जलकर खाक हो गई थीं। इस आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की गाड़ियाँ घटनास्थल तक नहीं पहुँच पाईं थीं।

एक नजर में

## बोकारो: वेदांता ने ईएसएल सीएसआर टीम को प्रशस्ति पत्र से नवाजा



**बोकारो।** डीसी कुलदीप चौधरी ने डीडीसी कीर्ति श्री, एसपी चंदन झा, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की उपस्थिति में वेदांता ईएसएल स्टील के प्रमुख सीएसआर आशीष रंजन को सफलतापूर्वक चलायी जा रही विभिन्न परियोजना की सराहना करते हुए पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वेदांता ईएसएल समाज की उन्नति के लिए शिक्षाए खेलए कृषिए महिला सशक्तिकरणए स्वच्छता जागरूकता आदि विभिन्न पहलुओं में अपना योगदान देते आ रहा है। मौके पर सीईओ आशीष गुप्ता ने इसे गौरव व जिम्मेदारी का एहसास बताते हुए कहा कि यह सम्मान एक पुरस्कार मात्र नहीं बल्कि समाज के उत्थान हेतु प्रेरणादायक प्रोत्साहन है ।उन्होंने समाज हित में कदम बढ़ाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान सहित निकटवर्ती क्षेत्रों व निवासियों के समुचित विकास के निमित्त प्रतिबद्धता प्रकट की।

## जरीडीह पंचायत में नाली निर्माण का शिलान्यास



**बेरमो/जरीडीह बाजार।** जरीडीह पूर्वी पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी के अनुशंसा पर आज गुरुवार को संजय साव के घर से दिलीप रजवार के घर तक 2 लाख 49 हजार 900 रुपए की लागत से नाली और सैलेप निर्माण का शिलान्यास बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी और पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर तथा पूजा अर्चना कर किया। बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा या निर्माण पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी के अनुशंसा पर हो रही है। मौके पर वार्ड सदस्य उषा देवी एजरीडीह पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य शंभू सोनी एभाजपा नेता सुरेंद्र स्वर्णकारए भाजपा युवा मोर्चा के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष रोबिन कसेराए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मोहम्मद अरशदए संजय वोराए राकेश वर्माए टिंकू निषादए राजेश प्रजापति एअविनाश कुमारए नीरज कुमारए अरविंद कुमार आनंद एसचिन कसेराए प्रीति देवीए सरदार राजा सिंह एजिम्मी सिंह एराखी देवी मौजूद थे।

## 16 नंबर कॉलोनी में नाली निर्माण का शिलान्यास

**बेरमो/जारंगडीह।** बेरमो प्रखंड के जारंगडीह दक्षिणी पंचायत अंतर्गत जारंगडीह 16 नंबर कॉलोनी मे 15 वें वित आयोग मद से नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी द्वारा पुरी विधि विधान से नारियल फोड़कर किया। मौके पर मिली जानकारी के अनुसार इस कार्य की अध्यक्षता द्वारिका बेलदार तथा सचिव विश्वनाथ द्वारा किया जाएगा ।मौके पर प्रमुख श्रीमती देवी ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने स्थानीय लोगो से इस कार्य की निगरानी का भार सौपी। मौके पर प्रमुख के अलावे उप मुखिया पूजा देवी पंचायत समिति किरण देवीए उमा देवीए दीपक गोपए अमित कुमारए उत्तरी पंचायत समिति अरुणा देवी के अलावा स्थानीय लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### झामुमो 1932 के खतियान ...

झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और राज्य के सीएम हेमंत सोरेन देर रात समर्थकों को संबोधित करेंगे। झामुमो का यह राजनीतिक आयोजन पिछले दो वर्ष 2021 और 2022 में कोरोना की वजह से बेहद सीमित दायरे में हुआ था। इस बार स्थिति सामान्य है। लिहाजा कार्यक्रम काफी धूमधाम सेआयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पार्टी कोटे से मंत्री, पार्टी विधायक और वरीय नेता शामिल हैं। शहर में 44 तोरण द्वार लगाये गये हैं, जिसपर झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी या फिर देश के महापुरुषों का नाम लिखा हुआ है। देर रात तक चलने वाला यह कार्यक्रम अपने आप में काफी अनूठा है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

सीएम ने सुनी समस्याएं, दिया समाधान का भरोसा : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का तत्परता के साथ समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है। हमेशा कोशिश होती है कि जनता से मुलाकात और सीधा संवाद कर उनकी परेशानियों को समझें, ताकि उसके निराकरण की दिशा में पहल की जा सके। झामुमो के 44वें स्थापना दिवस को लेकर सीएम हेमंत सोरेन और झामुमो सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन हेलीकॉप्टर से गुरुवार को दुमका पहुंचे। दुमका के खिजुरिया स्थित आवास पर सीएम ने वहां मौजूद लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान इनकी समस्याओं के निदान को लेकर उन्होंने पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। लोगों ने भी सीएम की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। इसस पहले हवाई अड्डा पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### झामुमो का स्थापन...

शहर में 44 तोरण द्वार लगाये गये हैं, जिसपर झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी या फिर देश के महापुरुषों का नाम लिखा हुआ है। देर रात तक चलने वाला यह कार्यक्रम अपने आप में काफी अनूठा है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

### राज्य भर में ...

**दो भयावह अग्निकांड से सदमे में लोग :** धनबाद के जोड़ाफाटक शक्ति मंदिर रोड स्थित आशीर्वाद अपार्टमेंट में मंगलवार की शाम आग लग जाने की घटना से सभी सदमे में हैं। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गयी है। आग में झुलसी चार महिलाओं की स्थिति गंभीर है। हादसा इसलिए भी गंभीर है क्योंकि शहर में महज दो हफ्ते के भीतर दो भयंकर अग्निकांड हो गये हैं। इससे पहले सीसी हाजरा अस्पताल में अगलगी की घटना में छह लोगों की मौत हुई थी।

### चाईबासा में फिर ...

**इसमें कई जवान घायल भी हुए हैं। :** आइजी (आपरेशन) अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन दस्ते के साथ क्षेत्र में हिंसक गतिविधि को अंजाम देने जुटे हैं। इसी सूचना पर पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की टीमों का संयुक्त दल अभियान पर था। **सभी आइइडी निष्क्रिय किये गये :** विस्फोट के बावजूद जंगल में तलाशी अभियान में जुटे सुरक्षाबलों ने मेरालगढ़ा के आसपास के एरिया से 51 आइइडी बरामद किया गया। सभी को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है।

बजट सत्र : हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर चर्चा पर अड़े दल

# अदाणी प्रकरण पर संसद से सड़क तक विपक्ष का हंगामा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कारोबारी गौतम अडानी की कंपनियों को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर राजनीतिक हंगामा भी तेज हो गया है। एक तरफ इसके चलते शेयर बाजार में अडानी समूह की कंपनियां लुढ़क रही हैं तो वहीं संसद में भी विपक्ष हमलावर है।

अडानी समूह पर अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट को लेकर गुरुवार को संसद में विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा किया, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका और दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा और राज्यसभा में पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के साथ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के सदस्यों ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट का मुद्दा उठाया और तुरंत चर्चा की मांग की। दोनों सदनों में पीठासीन अधिकारियों ने विपक्ष की इस मांग को विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए अस्वीकार कर दिया तो विपक्षी सदस्यों ने शोर शराबा करना आरंभ कर दिया। इसके कारण दोनों सदनों में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो सका।

## चर्चा कराने की मांग



कुल 13 दलों की एकता अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट के मुद्दे पर सामने आई है। इन पार्टियों ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर चर्चा की मांग की है और अडानी समूह पर गड़बड़ी करने के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में हुई बैठक में सपा नेता रामगोपाल यादव, आप सांसद संजय सिंह, शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई सांसद मौजूद थे। सीपीआई नेता बिनॉय विश्वम समेत कई सांसदों ने चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस भी दिया है। संसद की कार्यवाही शुरू हुई तो हंगामा मच गया। लोकसभा के साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही भी स्थगित हो गई। अब विपक्षी दलों ने इस लड़ाई को संसद से सड़क तक ले जाने का फैसला लिया है। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विपक्षी दलों ने विजय चौक पर धरना दिया।

## जेपीसी की मांग

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि एक संयुक्त संसदीय समिति या सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई की देखरेख में इस मामले की जांच होनी चाहिए। वहीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा है कि हम मांग करेंगे कि कथित गड़बड़ी की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाना चाहिए।

## आरबीआइ ने बैंकों से मांगा अदाणी समूह के कर्ज-निवेश का ब्योरा

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के बैंकों से अदाणी समूह में उनके एक्पोजर की जानकारी मांगी है। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि केंद्रीय बैंक ने विभिन्न घरेलू बैंकों से अदाणी समूह में उनके निवेश और ऋणों के के बारे में जानकारी देने को कहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह कदम वर्तमान में जारी अदाणी समूह के शेयरों में उठा-पटक के बाद लिया है। बीते दिन ही अदाणी समूह ने अपना एफपीओ वापस ले लिया था। गुरुवार की सुबह शेयर बाजार खुलने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। माना जा रहा है कि केंद्रीय बैंक विभिन्न बैंकों से अदाणी समूह में उनकी ओर से दिए गए ऋण व निवेश की जानकारी लेकर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अदाणी के शेयरों में ताजा उठा-पटक के माहौल के बीच बैंकों की वित्तीय स्थिति ठीक बनी रहे।

## पाकिस्तान के पूर्व गृहमंत्री शेख रशीद गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व गृहमंत्री शेख रशीद को इस्लामाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मरी मोटरवे से गुरुवार को हुई। शेख रशीद के साथ उनके भतीजे शेख रशीद शफीक को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, शेख रशीद का दावा है कि उन्हें रावलपिंडी स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि, शेख रशीद अवामी मुस्लिम लीग के मुखिया हैं और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी हैं।

## धोनी बने पुलिस अधिकारी!



महान भारतीय कप्तान एमएस धोनी की एक और तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें वह एक पुलिस अधिकारी के रुप में दिखाई दे रहे हैं। धोनी सेना लेफ्टिनेंट कर्नर की मानद रैंक पर हैं। वायरल हुई तस्वीर एक विज्ञापन की बताई जा रही है। इस तस्वीर में धोनी पुलिस अधिकारी बने हुए हैं। उनके साथ कुछ और पुलिस कर्मी दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर पर क्रिकेट फैंस ने मजेदार कमेंट्स किए हैं। एक यूजर ने लोकप्रिय हिंदी फिल्मों के निर्देशक रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का जिक्र करते हुए लिखा कि धोनी के सामने कॉप यूनिवर्स को कोई मौका नहीं मिलेगा। फैंस को लगा कि आइपीएल के आगामी सत्र के विज्ञापन के लिए एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभा रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर : पहली बार परफ्यूम आइइडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घाटी में पहली बार आतंकी आरिफ के पास से परफ्यूम बम बरामद किया है। इसे परफ्यूम आइइडी के नाम से जाना जाता है। आरिफ लश्करका आतंकी और नरवाल धमाके का आरोपी है। नरवाल से पहले उसने शास्त्रीनगर और कटरा बस धमाके को अंजाम दिया है। 21 जनवरी को नरवाल धमाके में परफ्यूम आइइडी का इस्तेमाल किया गया था। धमाके में 9 लोग घायल हुए थे। इसे तैयार करने के लिए वो परफ्यूम की बोतल का इस्तेमाल करते हैं।

## बिहार में सत्याग्रह एक्सप्रेस की 15 बोगियां बिना इंजन पटरी पर दौड़ी, बाल-बाल बचे यात्री

**बेतिया।** नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर गुरुवार सुबह बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। मझौलिया-बेतिया रेलवे स्टेशन के बीच महोद्दीपुर रेल गुमटी के पास 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस की ईंजन कई बोगी छोड़कर चली गई। जिसके बाद बोगियां बिना इंजन के पटरी पर दौड़ने लगी। सत्याग्रह एक्सप्रेस ईंजन और चार बोगी लेकर चली गई, शेष बोगियां बगैर ईंजन के रेल पटरी पर दौड़ने लगी। हालांकि, चार बोगी को लेकर ईंजन अभी 100 मीटर आगे बढ़ी थी कि चालक को इसकी जानकारी लग गई। चालक ने आपातकाल ब्रेक लगा कर ईंजन समेत चार बोगियों को रोका।

## जमानत मिलने के बाद भी कैदियों की रिहाई में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किये अहम निर्देश

**नयी दिल्ली।** विचाराधीन कैदियों को जमानत मिलने के बावजूद हो रही देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट काफी सख्त है। अदालत ने इसे लेकर कुछ जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। जमानत दिए जाने के बाद हिरासत में रहने वाले कैदियों के लिए कोर्ट ने 7 अहम निर्देश जारी किए। मालूम हो कि अदालत जमानत को लेकर नियम तैयार करने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही थी। गौरतलब हो कि संविधान दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने अपील की थी।




छिपादोहर वासियों को 74वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
कृष्णा प्रसाद
समाजसेवी छिपादोहर

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
रणजीत कुमार सिन्हा
बीडीओ भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
दिनेश प्रसाद गुप्ता
सीओ भंडरा, लोहरदगा।

छिपादोहर वासियों को 74वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
बेरोनिका कुजूर
मुखिया छिपादोहर

छिपादोहर वासियों को 74वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
दिलीप सिंह
पंचायत समिति सदस्य छिपादोहर

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
भीम भगत
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
अजय कुमार
प्रधानाध्यापक, लाल बहादुर शास्त्री 10 पल्स टू विद्यालय, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
सुमित उरांव
मुखिया, ग्राम पंचायत गड़रपो, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
परमेश्वर महली
मुखिया, ग्राम पंचायत उदरंगी, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
सीताराम रविदास
जनसेवक, ग्राम पंचायत जमगाई भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
सच्चितानंद गुप्ता
जनसेवक, ग्राम पंचायत उदरंगी भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
रविन्द्र कुमार
पंचयात सचिव सह जनसेवक, ग्राम पंचायत बड़ागाई, भंडरा, लोहरदगा ।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
रऊफ अंसारी
पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत उदरंगी, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
विकास कुमार विश्वकर्मा
पुलिस अवर निरीक्षक, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
बैकुंठ शुक्ल
लाइनमैन, कैरो ग्रिड।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
परवेज अंसारी
प्रखंड अध्यक्ष, झामुमो, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
बैद्यनाथ कुमार पाण्डेय
निदेशकः यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल नवडीहा मोड़ भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
राजेश बैठा
प्रधानाध्यापक, रा मध्य विधालय पोढ़हा, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
रामसहाय उरांव
प्रधानाध्यापक, रा मध्य विद्यालय भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
गौतम कुमार
थाना प्रभारी, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
डोमना उरांव
20 सूत्री अध्यक्ष, सह पहलू ग्रामीण गैस वितरक, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
राजीव गुप्ता
पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत गड़रपो, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
धर्मदास भगत
पंचायत सचिव सह जनसेवक, ग्राम पंचायत आकाशी, भंडरा,लोहरदगा।

चंदवारा के नागरिकों समेत समस्त कोडरमा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
छोटेलाल मोदी
समाजसेवी चंदवारा कोडरमा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
तिवारी भगत
पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
जितबाहन भगत
पंचायय सचिव, ग्राम पंचायत भीठा, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
रेहान अंसारी
कनीय अभियंता, भंडराए, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
बिंदेश्वर उरांव
प्रदेश महामंत्री, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड।

चंदवारा के नागरिकों समेत समस्त कोडरमा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
अनिता देवी
चंदवारा पूर्वी पंचायत।
निवेदक : संजय दास।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
डॉक्टर संजय कुमार
प्रभारी चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भंडरा, लोहरदगा।

भंडरा के नागरिकों समेत समस्त लोहरदगा जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं।
नवप्रभात कुजूर
जनसेवक, ग्राम पंचायत गड़रपो, भंडरा, लोहरदगा।

